जबलपुर
शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
- आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-7
- वर्ष : 19, अंक : 73
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 26

**अग्निवीरों को लेकर बड़ा फैसला**

## सीआईएसएफ में अग्निवीरों के लिए 10% पद होंगे आरक्षित



**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ में अग्निवीरों के लिए 10% पद आरक्षित रहने वाले हैं, केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है। इसके अलावा सरकार ने फैसला लिया है कि फिजिकल में भी अग्निवीरों को कुछ छूट मिलने वाली है। यह फैसले उस समय हुए हैं जब इस स्कीम को लेकर काफी विवाद बढ़ चुका है।



भारत लौटने के लिए दंपती ने लगाई मदद की गुहार

# एक्ट्रेस दिव्यांका और विवेक दहिया संग इटली में लूटपाट, पैसे, पासपोर्ट सब चोरी

*इटली की गवर्नमेंट ने भी हमें सपोर्ट किया तुरंत हमारी कंप्लेंट रजिस्टर की और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की बात भी कही। वहीं इंडियन एंबेसी में भी दिव्यांका द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है*

अपनी शादी की 8वीं सालगिरह मनाने इटली गया था स्टार कपल सोशल मीडिया पर टूटी हुई कार का वीडियो भी शेयर किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेलीविजन की मशहूर एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी अपने पति विवेक दहिया के साथ अपनी शादी की 8वीं सालगिरह मनाने यूरोप गई थीं। मगर उनके साथ एक बड़ी घटना हुई है जिससे दोनों दहल गए हैं। इटली में स्टार कपल के साथ लूटपाट हुई और उनके पासपोर्ट समेत 10 लाख का सामान चोरी हो गया। विवेक दहिया ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके इस घटना की जानकारी दी है। विवेक ने बताया कि हमारी ट्रिप बहुत अच्छी जा रही थी। हमें फ्लोरेंस में जिस होटल में रुकना था वो देखने के लिए हमने कार में ही अपना सारा लगेज छोड़ दिया था।

### पैसे नहीं हैं, चाहिए दूतावास से मदद

इसके बाद वे फ्लोरेंस के पास एक छोटे से शहर पहुंचे और होटल के स्टाफ उनकी मदद कर रहे हैं। हालांकि, उनके पास पैसे भी नहीं है और ऐसे में वे बुरी तरह से फंस चुके हैं और उन्हें दूतावास से मदद की सख्त जरूरत है। विवेक ने कहा कि हमें भारत वापस आने के लिए टेम्प्री पासपोर्ट और दूतावास से जरूर मदद की सख्त जरूरत है, क्योंकि हमारे पास कुछ भी नहीं है।


### ऐसा हादसा होना काफी आश्चर्यजनक है: दिव्यांका

टीवी एक्ट्रेस से दिव्यांका त्रिपाठी ने हरिभूमि को बताया कि 8 जुलाई को हमारी एनिवर्सरी थी इसीलिए हम सेलिब्रेशन के लिए इटली गए थे और वहां कम से कम 20 दिन का टूर था और इसी दरमियान बुधवार की रात को हमारी गाड़ी में से सभी जरूरी डॉक्यूमेंट पासपोर्ट के साथ चोरी हो गए हैं, जो हमारे लिए काफी शॉकिंग था क्योंकि ऐसा पहली बार हुआ है। दिव्यांका ने बताया कि अपनी वेब सीरीज अदृश्यम की शूटिंग कंप्लीट करके मुझे रिलैक्सेशन के लिए लगा कि फॉरेन टूर पर जाना चाहिए इसीलिए मैंने इटली का प्लान बनाया। मगर इस तरह के हादसे ने मुझे काफी डरा दिया। इटली की गवर्नमेंट ने भी हमें सपोर्ट किया तुरंत हमारी कंप्लेंट रजिस्टर की और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की बात भी कही। वहीं इंडियन एंबेसी में भी दिव्यांका द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। हाथ के फ्रैक्चर से मैं काफी परेशान थी लेकिन अब ऐसा हादसा होना काफी आश्चर्यजनक है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सीए फाइनल रिजल्ट में शिवम ने किया टॉप



**नई दिल्ली।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने गुरुवार को मई 2024 में हुई सीए की फाइनल व इंटरमीडिएट परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। नतीजों में दिल्ली के शिवम मिश्रा ने 83.33 फीसदी अंकों के साथ ऑल इंडिया टॉप किया है। दिल्ली की वर्षा अरोड़ा ने 80 फीसदी अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### दिल्ली मेट्रो: डिजिटल क्यूआर टिकटिंग सेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन यानी डीएमआरसी ने अमेजन पे के जरिए यात्रियों के लिए डिजिटल क्यूआर टिकटिंग शुरू की है, जिससे लोगों की रोजाना की यात्राएं आसान बन जाएगी। अब यात्री चलते-फिरते मोबाइल क्यूआर टिकट खरीद सकते हैं और राजधानी में रोजाना की यात्रा आसानी से कर सकते हैं।

### असम सरकार कर्मियों को देगी दो विशेष छुट्टियां



**गुवाहाटी।** असम सरकार ने नवंबर में अपने कर्मचारियों को दो विशेष छुट्टियां देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के कार्यालय के अधिकारी ने बताया कि सरकार ने दो विशेष छुट्टियां जारी की, जिससे की कर्मचारी माता-पिता और घरवालों के साथ समय बिता सकें। छुट्टी का इस्तेमाल कर्मचारी अपने निजी कार्यों को करने में खर्च न करेंगे।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार को दिलाया हर संभव मदद का भरोसा

# आंध्र प्रदेश को मिली केंद्र की बड़ी सौगात बिहार में शोर, विशेष राज्य के दर्जे पर जोर

*केंद्र ने आंध्र के लिए 60 हजार करोड़ की योजना को दी मंजूरी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं की मुलाकात के 5 दिन ही बीते हैं कि केंद्र ने आंध्र प्रदेश को विशेष सौगात दे दी है। 60,000 करोड़ रुपए के निवेश से तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल हब स्थापित करने की प्रमुख मांग को स्वीकार किया गया है। इससे पहले नायडू ने बुधवार को राज्य में रिफाइनरी स्थापित करने की व्यवहार्यता पर चर्चा करने के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात भी की। नायडू की इच्छा पूरी होते ही बिहार में एक बार फिर विशेष राज्य के दर्जे की मांग जोर पकड़ने लगी है। यह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के लिए एक बड़ी जीत है, क्योंकि उन्होंने पीएम मोदी और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के साथ अपनी बैठकों के दौरान रिफाइनरी स्थापित करने के लिए जोर दिया था।

**2015 में केंद्र सरकार ने 1.25 लाख करोड़ रुपए का विशेष पैकेज बिहार को दिया था**

*यदि आवंटित धनराशि खर्च नहीं की जाती है तो वह समाप्त नहीं होती है*

### बजट में हो सकती है घोषणा

श्रीकाकुलम, मछलीपट्टनम और रामायपट्टनम में रिफाइनरी स्थापित की जा सकती है। बताया जा रहा है कि रिफाइनरी की औपचारिक घोषणा 23 जुलाई को पेश किए जाने वाले बजट में किए जाने की संभावना है। स्थानों का मूल्यांकन किया जाएगा और फिर उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा।

*विशेष श्रेणी का दर्जा मिलने पर केंद्र सरकार उस राज्य को केंद्र प्रायोजित योजनाएं लागू करने के लिए 90 प्रतिशत धनराशि देती है*



हाल ही में पीएम मोदी से मिले थे नायडू

*बिहार ने मांगा विशेष राज्य का दर्जा और 200 अरब का थर्मल पावर प्लांट*

बिहार के मंत्री और जेडीयू नेता और मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की आवश्यकता है क्योंकि बिहार के पास प्राकृतिक संसाधनों की कमी है। उन्होंने कहा कि, इस संसाधनों की कमी के ऐतिहासिक या भौगोलिक कारण हैं, न कि बिहारवासियों की वजह से। हमारे यहां न तो खदानें हैं,।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा राज्यवार चर्चा कर रहे

वहीं दूसरी तरफ देश में कृषि क्षेत्र की तीव्र प्रगति के लिए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्यवार चर्चा कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे को चौहान ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि बिहार में कृषि क्षेत्र की प्रगति के लिए केंद्र सरकार हर संभव मदद करेगी।

### 3 कारण जो दिला सकते हैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा

**कारण- 1**
बिहार में विधानसभा चुनाव के बिगुल बजने में अब 14 महीने का वक्त ही बचा है। अगर अभी बिहार को केंद्र यह दर्जा देगी, तभी धरातल पर चुनाव तक इसका प्रभाव दिखेगा। विशेष राज्य के तहत टैक्स में छूट और अन्य लाभ मिलते हैं, जिसका फायदा वित्त वर्ष में ही होता है।

**कारण- 2**
नीतीश कुमार की पार्टी केंद्र में बड़ी भूमिका में है। केंद्र में भाजपा की सरकार नीतीश कुमार के सहयोग से ही चल रही है। नीतीश ने अब तक सत्ता को लेकर कोई निगोसिएशन नहीं किया है। ऐसे में अटकलें हैं कि नीतीश की पार्टी का पूरा ध्यान विशेष राज्य के दर्जा पर ही है।

**कारण- 3**
2015 में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने 1.25 लाख करोड़ रुपए का स्पेशल पैकेज बिहार को दिया था, लेकिन इसके बाद भी बिहार की स्थिति नहीं सुधरी। आर्थिक सर्वेक्षण की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में एक तिहाई परिवार गरीबी रेखा के नीचे है।

**नीट यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई को मिली बड़ी सफलता**

# गिरोह के सरगना रॉकी को दबोचा,10 दिन की रिमांड पर

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक रॉकी इस गिरोह का किंगपिंन, मामले की तह तक जाने के लिए रॉकी से होगी पूछताछ



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में जिस शख्स की तलाश सीबीआई को सबसे ज्यादा थी। आखिरकार उस आरोपी रॉकी उर्फ राकेश रंजन को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे गुरुवार को पटना कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने सीबीआई को रॉकी की 10 दिनों की रिमांड दी है। इससे पहले रॉकी के भारत छोड़ नेपाल भागने की खबर थी। जिसे सीबीआई ने धर दबोचा है। दरअसल रॉकी ही वो कड़ी है। जिसकी मदद से मुख्य सेटर तक सीबीआई पहुंच सकती है। जिसकी भूमिका प्रश्न-पत्र को आउट कराने में सबसे अहम है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक रॉकी इस गिरोह का किंगपिंन है।

### संजीव मुखिया का करीबी सहयोगी है

रॉकी को कथित नीट घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता संजीव मुखिया का करीबी सहयोगी माना जाता है। फिलहाल सीबीआई इस मामले की छानबीन कर रही है। इसी क्रम में सीबीआई ने रॉकी को 10 दिन की रिमांड पर लिया है। सीबीआई इस केस से संबंधित कई इलाकों में छापेमारी कर रही है।

### अब 18 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी मामले को लेकर गुरुवार को होने वाली सुनवाई टाल दी गई। इस मामले में अब अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। इससे पहले गुरुवार को सीबीआई ने कोर्ट में बंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट दाखिल की है। अब छात्रों की निगाहें शीर्ष अदालत के फैसले पर टिकी हैं कि क्या नीट यूजी परीक्षा कैंसिल होगी और फिर से एग्जाम होंगे? इससे पहले शीर्ष कोर्ट में केंद्र सरकार, एनटीए की ओर से एफिडेविट दाखिल किया जा चुका है।

**बच्चों में बढ़ती आत्महत्या से चिंतित सुप्रीम कोर्ट**

# ये बहुत ही गंभीर सामाजिक मुद्दा, केंद्र से मांगा जवाब



2014 से 2018 के बीच दिल्ली में 18 वर्ष से कम आयु के 400 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में बच्चों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृति पर मुख्य न्यायधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत में आत्महत्या की रोकथाम के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि बच्चों द्वारा की जा रही आत्महत्या एक बहुत ही गंभीर सामाजिक मुद्दा है। इसको रोकने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह भारत में आत्महत्या की रोकथाम के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में कोर्ट को अवगत कराए।

**मप्र में 2 साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव**

# 6 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट भोपाल, रायसेन में गिरेगा पानी



अगले 4-5 दिन बारिश का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में गुरुवार सुबह ज्यादातर जिलों में बादल छाए रहे। कहीं-कहीं धूप खिली। कुछ जिलों में शाम को तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में मऊगंज, सतना, मैहर, सिंगरौली, निवाड़ी, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना में भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में यहां सौ मिलीमीटर से से ज्यादा पानी गिर सकता है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में 2 साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से सिस्टम एक्टिव है।

आतंकियों पर करारे प्रहार की तैयारी में सेना

# हिरासत में लिए 26 संदिग्ध जंगल में उतरे पैरा कमांडो

*सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान आतंकवादियों को पकड़ने चलाया तलाशी अभियान*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 8 जुलाई को हुए सेना के काफिले पर आतंकवादी हमला का जवाब देने के लिए सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ जवानों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। घटना की जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि जब भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया तो 22 गढ़वाल रेजिमेंट के जवान पहले तो घबरा गए।



**जम्मू में एक महीने के भीतर पांचवां हमला**

यह हमला, एक महीने के अंदर जम्मू में हुआ पांचवां हमला है। जम्मू इलाका कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण क्षेत्र है। यहां आतंकी हमले में बढ़ोतरी होना स्थानीय लोगों के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी चिंता का विषय है।

### एनआईए की टीम भी मदद कर रही

एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए की एक टीम घात स्थल पर पहुंच गई है और जांच में पुलिस की सहायता कर रही है। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और पैरा कमांडो के जवान आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र के बीहड़ इलाकों और जंगलों की तलाशी ले रहे हैं,।

ग्वालियर में तेज रफ्तार का कहर

# ट्रक ने ऑटो को टक्कर मारी परिवार के चार लोगों की मौत

*ऑटो सवार मालनपुर में रिश्तेदार के यहां शादी समारोह से वापस लौट रहे थे*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

जिले में पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के तहत भिंड रोड पर गुरुवार को भीषण हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो में बैठे एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मरने वालों में पति, पत्नी, बेटा व भतीजी शामिल हैं। बानमोर निवासी 52 वर्षीय नरेश वाल्मीकि अपनी पत्नी 45 वर्षीय ऊषा, बेटे राहुल, भतीजी अंकिता व भतीजे अजय के साथ मालनपुर में एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में भाग लेने गए थे।

### मुरैना में जमीनी विवाद में फायरिंग, 3 लोगों की मौत



**अंबाह।** मुरैना के अंबाह थाना क्षेत्र के गीला पुरा गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग हो गई। घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। एक पक्ष से चाचा-भतीजे और दूसरे पक्ष के एक शख्स की मौत गोली लगने से हुई है। एक पक्ष के अमरीश शर्मा (28) और अभिषेक शर्मा (20) की मौत हो गई थी। दूसरे पक्ष के श्यामबाबू शर्मा (51) के पैर में भी गोली लगी थी, इलाज के दौरान इनकी मौत हो गई। एसडीओपी रवि भदौरिया ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। दो लोगों को हिरासत में लिया है।

**सीएम ने 25 वीं बटालियन से प्रदेश स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

नक्सल विरोधी अभियान, कानून व्यवस्था के लिए की प्रशंसा

# पौधरोपण अभियान दर्शाता है पुलिस की पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पौध-रोपण को अपनी प्राथमिकता में शामिल करना पुलिस की पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। हर्ष का विषय है कि पुलिस जवानों के साथ उनके परिवार भी पौध-रोपण को अपनी जिम्मेदारी मान रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल की 25 वीं बटालियन में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**
- पुलिस वालों ने मां की स्मृति में तस्वीर के साथ किया पौध-रोपण
- पूरे प्रदेश में पुलिस परिवारों ने रोपे एक लाख 25 हजार पौधे



### रुद्राक्ष का पौधा लगाया और छोड़े गुब्बारे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया और आकाश में गुब्बारे छोड़कर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी समय संपूर्ण प्रदेश की पुलिस इकाइयों में एक साथ 1 लाख 25 हजार पौधे रोपे गए। मुख्यमंत्री ने परिसर में भ्रमण कर पौध-रोपण के लिए एकत्र हुए पुलिस जवानों और पुलिस परिवारों के सदस्यों से बातचीत की। सीएम ने कहा कि जल, जंगल, जमीन हमें प्रकृति से जोड़ते हैं और मानवता के मूल गुणों को प्रोत्साहित करते हैं।

### पौध-रोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगा

पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा राज्य की सभी पुलिस इकाइयों में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम - वृहद पौधरोपण' अभियान पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को प्रकृति के अधिक निकट लाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगा। धरती मां की रक्षा करने के साथ पौधे लगाकर धरती को परिपोषित करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

छात्रों ने अच्छी तकनीक विकसित की

# अब बोरवेल में फंसे बच्चों का बच जाएगा जीवन

**इससे गहरे पानी सप्लाई लाइनों की मरम्मत की जा सकती है। जमीन के अंदर गैस पाइप लाइनों के रिसाव को रोक सकेंगे**

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

## अहमदाबाद के पॉलिटेक्निक के छात्रों ने बनाया पाइप क्लाइंबिंग रोबोट

गुजरात के अहमदाबाद के सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने बोरवेल में गिरे बच्चों को बचाने के लिए एक बेहतरीन तकनीक विकसित की है।

इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग के 6 छात्रों ने रोबोट का प्रोटोटाइप तैयार किया है। इसमें इस्तेमाल किए गए कैमरे की मदद से बोरवेल में फंसे बच्चों को बचाने में मदद मिलेगी।





बोरवेल में फंसे बच्चों की करेगा मदद

### छात्र प्रोजेक्ट के जरिए सीख रहेः प्रो. गांधी

कॉलेज के प्रो. सीजी गांधी ने बताया कि छात्र यहां पर प्रोजेक्ट के जरिए सीखते हैं। एक दिन वो मेरे पास बेहतरीन आइडिया लेकर आए। उन्होंने मुझसे कहा कि अक्सर बोरवेल में कई बच्चे गिर जाते हैं और उनकी मौत भी हो जाती है। हम उनकी मदद करने के लिए पाइप क्लाइंबिंग रोबोट डेवलप करना चाहते हैं। मैंने उनके इस कदम की सराहना की और प्रोजेक्ट के लिए उन्हें गाइड किया।

### वाई-फाई कैमरे की मदद से मिलेगी जानकारी

प्रो. ने बताया कि इस रोबोट का बेसिक फीचर बोरवेल के अंदर जाकर वाई-फाई कैमरे की मदद से बच्चे की करंट सिचुएशन बताना है। छात्र इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि हम हमेशा बोरवेल में गिरकर जान गंवाने वाले बच्चों की खबर पढ़ते और देखते हैं। बस इन्हीं सब खबरों को पढ़, देख और सुनकर हमने ये रोबोट बनाने की सोची और हमने इस तकनीक पर काम शुरू कर दिया और इस पर सफलता भी अर्जित कर ली।

### कैमरे में आईपी कैम और कंट्रोलर का इस्तेमाल किया

रोबोट में एक वाई-फाई कैमरा लगा है जिसे दूर से कंट्रोल किया जा सकता है। इसमें आईपी कैम और कंट्रोलर का इस्तेमाल किया गया है, जिसके जरिए रियल टाइम डेटा मिलता है। यह 23 फीट की गहराई तक जाकर डाटा दे सकता है। रोबोट अभी प्रोटोटाइप मोड में है। तैयार होने के बाद इसका इस्तेमाल बोरवेल से बच्चों को बचाने के अलावा दूसरे कामों के लिए भी किया जा सकेगा। इससे गहरे पानी सप्लाई लाइनों की मरम्मत की जा सकती है। साथ ही जमीन के अंदर गैस पाइप लाइनों के रिसाव को भी रोका जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व आईएएस मनीष बने जदयू के राष्ट्रीय महासचिव


**पटना।** आरसीपी सिंह के जाने के बाद अगले नौकरशाह में रूप में पूर्व आईएएस मनीष वर्मा को जनता



दल यूनाईटेड में एंट्री के 48 घंटे के अंदर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पिछले महीने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए राज्यसभा सांसद संजय झा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते सीएम नीतीश कुमार के आदेश पर वर्मा को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।

### 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म, फिर हत्या

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश से एक रूह कांपने वाली खबर सामने आ रही है। यहां के नांदयाला जिले में



एक 8 साल की स्कूली छात्रा का पहले सामूहिक दुष्कर्म किया फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने उसके शव को सिंचाई नहर में फेंक दिया। बच्ची से उसके स्कूल के 12 और 13 साल के तीन सीनियर्स ने कथित तौर पर सामूहिक दुराचार किया।

### पूर्व सांसद जयाप्रदा आचार संहिता मामले में बरी

**रामपुर।** रामपुर की एक अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा को



बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनको साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। केमरी थाने में 2019 में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। गुरुवार को जयाप्रदा कोर्ट में पेश हुईं। रामपुर की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में उन्हें बरी कर दिया।

### संजय ने एमपी एमएलए कोर्ट में किया सरेंडर

**सुल्तानपुर।** आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एमपी एमएलए कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सिंह की तरफ से पेश जमानत अर्जी पर सुनवाई की गई। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को मंजूर कर लिया। सिंह पर यह मामला बिना परमिशन जनसभा करने को लेकर था। पंचायत चुनाव में बिना अनुमति जनसभा करने पर केस दर्ज हुआ था।

बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश ने चंडीगढ़ में किया ऐलान

# हरियाणा में इनेलो-बसपा का गठबंधन भाजपा संग केसीआर के आने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ चंडीगढ़

### 37 विधानसभा सीट बसपा और 53 इनेलो के हिस्से, अभय होंगे सीएम चेहरा

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए इनेलो और बसपा ने गठबंधन कर लिया है। चंडीगढ़ में गठजोड़ का ऐलान करते हुए बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश ने कहा कि विधानसभा चुनाव में 37 सीट पर बसपा चुनाव लड़ेगी और 53 सीट पर इनेलो चुनाव लड़ेगी। बसपा-इनेलो गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा अभय चौटाला होंगे।

**पहले भी किया था गठबंधन**

1996 के लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों के बीच पहली बार गठबंधन हुआ था। इनेलो ने 7लोकसभा सीटों पर और बसपा ने 3लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था।

इसके बाद 2018 में बसपा-इनेलो के बीच राजनीतिक गठजोड़ हुआ, लेकिन यह गठबंधन विधानसभा चुनाव तक लोगों के बीच नहीं पहुंच पाया। अब तीसरी बार इनेलो ने खोया राजनीतिक वजूद बचाने बसपा के गठबंधन की पहल की है। पिछले सप्ताह ही अभय और बसपा सुप्रीमो मायावती संग नई दिल्ली में मुलाकात की थी। कई मुद्दों पर चर्चा हुई थी।



#### साझा घोषणा पत्र की भी दी जानकारी

अभय ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर हमारा एक साझा घोषणा पत्र है। एससी एसटी की नौकरियां भरी जाएंगी। एससी-एसटी को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट दिए जाएंगे। एससी एसटी बच्चों को मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। एससी और बीसी को मुफ्त कॉलेज शिक्षा दी जाएगी। चाहे वे सरकारी या प्राइवेट किसी कॉलेज में पढ़ें। जनरल कैटेगरी के बच्चों से जो बांड भरवाए जा रहे हैं हम उसे खत्म करेंगे। चौटाला ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अपराधों पर रोक लगाएंगे। हमारी पूर्व की सरकार में कानून व्यवस्था अच्छी थी जो अब खत्म हो चुकी है। हम सत्ता में आए तो अग्निवीर को खत्म करेंगे।

#### 7500 करेंगे बुढ़ापा पेंशन

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदमाशों का दबदबा है। मुख्यमंत्री इसे रोकने का बयान देते हैं लेकिन इन लोगों को सरकार संरक्षण दे रही है। चौधरी देवीलाल ने बुढ़ापा पेंशन शुरू की थी। जो आज 3000 है, हम इसे 7500 करेंगे। हम हर घर से एक पढ़े लिखे युवा को सरकारी नौकरी देंगे। 21 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे। पीने का पानी मुफ्त देंगे। हर घर में हर महीने गैस का एक सिलेंडर मुफ्त देंगे। उन्होंने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश और मायावती ने आज तक लोगों से जो जो वादे किए, उन्हें पूरा करके दिखाया। किस सीट पर कौन चुनाव लड़ेगा। यह बाद में तय किया जाएगा।

### पार्टी कर चुकी मेल-मुलाकात

#### अपनी पार्टी को मजबूती देने के लिए केसीआर जा सकते हैं भाजपा के साथ



**हैदराबाद।** तेलंगाना के लोकसभा चुनाव ने इस बार के चंद्रशेखर की बीआरएस का सूपड़ा साफ कर दिया। इसप्रदर्शन के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या तेलंगाना में बीआरएस की सियासी जमीन अब कमजोर पड़ चुकी है। जैसी खबरें आ रही हैं, उन्होंने जरूर साबित कर दिया है कि चंद्रशेखर की पार्टी फिर खड़ी होने के लिए किसी के साथ भी गठबंधन कर सकती है। इसी कड़ी में राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा चल रही है कि बीआरएस, भाजपा के साथ गठबंधन कर सकती है। इसका कोई औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों पार्टी का एक धड़ा ऐसी अटकलों को बल देने का काम कर रहा है। बड़ी बात यह है कि कुछ दिन पहले चंद्रशेखर के बेटे और नेता केटी रामा राव दिल्ली आए थे, माना जा रहा है कि उन्होंने बड़े भाजपा नेताओं से मुलाकात की है।

#### मुलाकातों से अटकलों को मिला बल

इन मुलाकातों ने भी गठबंधन की चर्चा को मजबूत कर दिया है। वैसे अभी भाजपा के नेता ऐसे किसी भी गठबंधन को लेकर ज्यादा सकारात्मक रुख नहीं दिखा रहे हैं। कुछ भाजपा नेता का कहना है कि पार्टी के अंदर वो नेता ही ऐसे किसी गठबंधन के पक्ष में बात कर रहे हैं जिन्हें बीआरएस के पहले परिवार को बचाना है। लेकिन पार्टी के अंदर ही कई नेता मानते हैं कि ऐसा कोई भी गठबंधन भाजपा के लिए ही आत्मघाती साबित हो सकता है।

बाबुओं को मिलेगी फाइलों से मुक्ति

# केंद्र सरकार के अधीनस्थ 133 कार्यालयों में ई-ऑफिस होगा

सरकार ने ई-ऑफिस अपनाने के दिशा निर्देश किए निर्धारित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार के 100 दिवसीय एजेंडे के तहत 133 संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों में ई-ऑफिस लागू किया जाएगा। इस संबंध में कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने जानकारी दी है। इस मतलब यह हुआ कि इन सरकारी दफ्तरों में बाबुओं की टेबलों पर दिखने वाला फाइलों का अंबार अब साफ हो जाएगा और न ही बगल में फाइल दबाए कोई अधिकारी अब इधर से उधर घूमते नजर आएंगे।

सरकार ने संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों में ई-ऑफिस को अपनाने के दिशा निर्देश निर्धारित किए हैं। ई-ऑफिस के कार्यान्वयन के लिए डीएआरपीजी नोडल विभाग और एनआईसी, जानकारी भागीदार होगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी मंत्रालय/विभाग अपने संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों के साथ समन्वय करेंगे।

#### ई-ऑफिस एनालिटिक्स किया

वर्ष 2019-2024 के दौरान केंद्रीय सचिवालय में ई-ऑफिस को अपनाने में उल्लेखनीय गति आई और 37 लाख फाइलें, यानी 94 प्रतिशत फाइलों को ई-फाइल के रूप में और 95 प्रतिशत रसीदों को ई-रसीद के रूप में संभाला गया। सरकार ने इस पहल को और बढ़ाने के लिए ई-ऑफिस एनालिटिक्स विकसित किया। केंद्रीय सचिवालय में ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म के सफल कार्यान्वयन की पृष्ठभूमि में सरकार ने निर्णय लिया है कि डीएआरपीजी के सरकार के 100 दिवसीय एजेंडे के तहत भारत सरकार के सभी संलग्न, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों में ई-ऑफिस लागू किया जाएगा।

#### कार्यालयों, निकायों की पहचान की

अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद कार्यान्वयन के लिए 133 संलग्न, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों की पहचान की गई। डीएआरपीजी ने 24 जून 2024 को संलग्न, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों में ई-ऑफिस अपनाने के दिशानिर्देश जारी किए।डीएआरपीजी सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में ऑन-बोर्डिंग रोडमैप और तकनीकी तौर-तरीकों पर चर्चा की गई और इसमें सभी मंत्रालयों व विभागों के अधिकारियों और 133 संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को फटकारा


# भले ही 30 दिन लीजिए लेकिन स्टेट एडवाइजरी बोर्ड शुरू करें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को दिव्यांग व्यक्तियों से संबंधित नीतियों के लिए स्टेट एडवाइजरी बोर्ड को एक महीने के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस अमित बोरकर की बेंच ने कहा कि यह चिंताजनक है कि राज्य सरकार को अपने वैधानिक दायित्वों को पूरा करने के लिए अदालत से निर्देशों की जरूरत होती है।

बेंच ने बुधवार को राज्य सरकार से एक समय सीमा बताने को कहा कि इन रिक्त पदों को कब तक भरा जाएगा और बोर्ड को कार्यात्मक बनाया जाएगा। अतिरिक्त सरकारी वकील अभय पाटकी कहा कि बोर्ड 15 दिनों में काम करना शुरू कर देगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम आपको 15 दिन से कुछ अधिक समय देंगे, भगवान के लिए इसे करें।

सरकार को दिव्यांग से संबंधित नीतियों के लिए सचेत किया



#### सरकार को कोर्ट के आदेशों का इंतजार नहीं करना चाहिए

बेंच ने कहा कि राज्य सरकार को सुधारात्मक कानूनों को लागू करने के लिए अदालत के आदेशों का इंतजार नहीं करना चाहिए। चीफ जस्टिस ने पूछा कि क्या इससे ज्यादा चिंताजनक बात कुछ हो सकती है कि किसी कानून को लागू करने के लिए अदालत को निर्देश जारी करने पड़ें। यह आपका (सरकार का) दायित्व है। इसके लिए भी आपको निर्देशों की जरूरत है?

## जेएनयू का फैसला पीएचडी प्रवेश को इन हाउस एंट्रेंस होगा!



**नई दिल्ली।** यूजीसी नेट परीक्षा को विश्वसनीयता संबंधी चिंताओं के कारण रद्द होने के बाद अब जेएनयू पीएचडी प्रवेश के लिए इन-हाउस प्रवेश परीक्षा पर विचार कर रहा है। इससे पहले जेएनयू में पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश इस शैक्षणिक सत्र में अब रद्द किए गए यूजीसी नेट के माध्यम से आयोजित किया जाना था। गुरुवार को एक बयान में जेएनयू शिक्षक संघ ने यह बात कही।

## गजानन की 'पालखी' शोभा यात्रा



**सोलापुर।** सोलापुर में पंढरपुर जाने वाली शेगांव के श्री गजानन महाराज की 'पालखी' शोभा यात्रा में गुरुवार को कई भक्त शामिल हुए।

## 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी करें, हाईकोर्ट में नियुक्ति का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए दिल्ली हाईकोर्ट के तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश केंद्र से की है।

कॉलेजियम में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई भी शामिल हैं। कॉलेजियम ने सिफारिश की है कि बॉम्बे हाईकोर्ट के सात अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। सिफारिश में यह भी कहा गया कि जस्टिस संजय आनंदराव देशमुख और जस्टिस वृषाली विजय जोशी को सात अक्टूबर, 2024 से एक वर्ष की अवधि के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाएं। अब इस पर केंद्र सरकार की सहमति के लिए भेजा गया है। कोर्ट में कई पद रिक्त हैं।

23 जुलाई को आम बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री सीतारमण

# मोदी ने नीति आयोग, अर्थशास्त्रियों संग मंथन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम बजट आने में 12 दिन बचे हैं और इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे लेकर महामंथन किया। पीएम मोदी की नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों के साथ दिल्ली के नीति आयोग में बजट को लेकर बैठक हुई।

23 जुलाई को आम बजट पेश किया जाएगा और वित्त मंत्री वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खर्चों और कमाई का लेखा-जोखा संसद के पटल पर रखेंगी। बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू हो जाएगा।

### बजट पर बैठकों का दौर, विचार-सुझाव लिए जा रहे



#### बजट को लेकर ये बैठक अहम

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लेकर ये बैठक बहुत अहम मानी जा रही है। वित्तमंत्री सीतारमण इस बजट में विकसित भारत के लिए रोडमैप पेश कर सकती हैं।

#### नीति आयोग वित्त मंत्रालय भी रहे शामिल

पीएम मोदी ने बजट के लिए प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों से मुलाकात करकउनके विचार और सुझाव जाने। आम बजट को फाइनल टच देने की दिशा में ये अहम कड़ी है। प्रधानमंत्री के साथ बैठक में नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ कैबिनेट सचिव भी शामिल रहे।

#### वित्त मंत्री के तौर पर 7वीं बार बजट पेश करेंगी सीतारमण

निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फरवरी में 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। अब वे पूरे फाइनेंशियल इयर के लिए इंडस्ट्री, सेक्टर और अर्थव्यवस्था के वित्तीय प्लानिंग का रोडमैप सामने रखेंगी। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी ने 8.2 फीसदी की विकास दर हासिल की है। आम लोगों को इस बजट से काफी उम्मीदें हैं और इसमें इनकम टैक्स पर छूट बढ़ने से लेकर रोजगार के मौके मिलने की आस लगाए हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

NIT NO. 99 PWD/08/PRONO.-49 — // निविदा सूचना // — DATED 09.07.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2024_UAD_357124_1 दिनांक 15/07/2024 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत किलकारी गार्डन की बांउड्री वाल से TG68/583 पोल तक सडक का सीमेंटीकरण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह रू 2.12 लाख | 2000/- 2123/- | 30/07/2024 |
| 2. | 2024_UAD_357124_2 दिनांक 15/07/2024 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत मुबीन काबाड़ी के मकान से जमालू हाजी के मकान तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह रू 2.09 लाख | 2000/- 2096/- | 30/07/2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर

◆ शिवानी राजा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रचा इतिहास

# भारतीय मूल की सांसद ने भगवत गीता पर हाथ रख कर ली शपथ



भारतीय मूल की शिवानी राजा ने कंजर्वेटिव पार्टी से लीसेस्टर ईस्ट सीट पर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन की संसद में गीता पर हाथ रखकर पद की शपथ ली।

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय मूल की 29 वर्षीय ब्रिटिश सांसद शिवानी राजा ने ब्रिटेन की संसद में श्रीमद् भगवद् गीता पर हाथ रखकर शपथ ली है। शिवानी राजा गुजराती व्यवसायी हैं। शिवानी ने लीसेस्टर ईस्ट सीट पर कंजर्वेटिव पार्टी के लिए ऐतिहासिक जीत हासिल की। इनके जीतने के बाद इस निर्वाचन क्षेत्र में लेबर पार्टी का 37 साल का वर्चस्व खत्म हो गया। वह भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रही थीं।

ब्रिटेन की सांसद के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद शिवानी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि लीसेस्टर ईस्ट का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज संसद में शपथ लेना सम्मान की बात है।

### ब्रिटेन में 263 महिलाएं बनी सांसद

ब्रिटेन के चुनाव में इस बार शिवानी के अलावा, 27 अन्य भारतीय मूल के संसद सदस्य हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए हैं। ब्रिटेन के चुनाव में इस बार एक और रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। हाउस ऑफ कॉमन्स में पहली बार ऐसा हुआ है जब 263 महिलाओं ने चुनाव में जीत हासिल की है, जो कुल संख्या का लगभग 40 प्रतिशत है। इनमें से सबसे अधिक 90 अश्वेत सांसद हैं।





### नए सांसदों की बाढ़ आई

*ब्रिटेन में 14 साल बाद कंजर्वेटिव पार्टी के हाथ से सत्ता निकल गई है। नए सांसदों की जैसे बाढ़ आ गई है। राजा के साथ भारतीय मूल के सांसद बॉब ब्लैकमैन, बिहार में जन्मे लेबर सांसद कनिष्क नारायण और विपक्षी नेता ऋषि सुनक ने भी भगवद गीता पर शपथ ली। ब्रिटिश संसद की 650 सीटों में से 412 पर लेबर पार्टी ने कब्जा जमाया है।*

### 37 साल बाद लीसेस्टर ईस्ट सीट पर कंजर्वेटिव पार्टी को मिली सफलता

शिवानी की जीत से 37 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है जब इस सीट पर कंजर्वेटिव उम्मीदवार को सफलता मिली है। शिवानी राजा ने 14,526 वोट पाकर लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल को हराया, जिन्हें 10,100 वोट मिले।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धालुओं का 14वां जत्था अमरनाथ रवाना



**जम्मू।** भगवती नगर आधार शिविर से सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच आज गुरुवार की सुबह 191 वाहनों से 4,885 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का 14वां जत्था कश्मीर के दो आधार शिविरों (बालटाल और पालगाम) के लिए रवाना हुआ। भगवती नगर आधार शिविर के आसपास तथा यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि 2,366 पुरुष, 1,086 महिलाएं, 32 बच्चे और 163 साधु-साध्वियां बसों और हल्के मोटर वाहनों के काफिले के साथ भगवती नगर से रवाना हुए।

### पाकिस्तानः प्लेन में लगी आग, 10 घायल



**कराची।** सऊदी एयरलाइंस की फ्लाइट में पाकिस्तान के पेशावर एयरपोर्ट पर गुरुवार को आग लग गई। इसमें 10 लोग जख्मी हो गए। हादसा तब हुआ जब विमान लैंड कर रहा था। यात्रियों और केबिन क्रू के सभी सदस्यों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला गया। फ्लाइट रियाद से पेशावर आई थी। जानकारी के मुताबिक लैंडिंग गियर में कुछ खराबी के चलते ये हादसा हुआ। सऊदी एयरलाइंस 792 में 276 यात्री सवार थे।

### फिलिपींस में आया भूकंप, तीव्रता 7.1



**फिलीपींस।** फिलीपींस में 7.1 तीव्रता के जबरदस्त भूकंप से धरती हिल गई। भूकंप का केन्द्र 722 किलोमीटर की गहराई पर था, जो तटीय शहर पालेमबांग से लगभग 133 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। इतने भीषण भूकंप के झटके लोगों नें दहशत फैल गई। झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

रूस-ऑस्ट्रिया दौरा पूरा कर भारत लौटने पर प्रधानमंत्री ने कहा

# दो देशों के रिश्तों को मजबूती देने में जन भागीदारी बहुत जरूरीः पीएम नरेंद्र मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी आज अपने दो दिवसीय रूस-ऑस्ट्रिया यात्रा के बाद भारत वापस आ चुके हैं। पीएम मोदी का यह दौरा कई मायने में खास रहा। उन्होंने अपने इस यात्रा के दौरान रूस और ऑस्ट्रिया में रह रहे भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रिया में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रिया का यह मेरा पहला दौरा है जो उत्साह, उमंग मैं यहां देख रहा हूं वो अद्भुत है। 41 साल बाद भारत के किसी पीएम का यहां आना हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह इंतजार एक ऐतिहासिक अवसर पर खत्म हुआ है। भारत और ऑस्ट्रिया अपनी दोस्ती के 75 वर्ष मना रहा हैं। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा ये मत रहा है कि दो देशों के बीच के रिश्ते सिर्फ सरकारों से नहीं बनते। रिश्तों को मजबूती देने में जन भागीदारी बहुत जरूरी है। इसलिए मैं आप सभी के रोल को इन रिश्तों के लिए बहुत अहम मानता हूं।



### दो देशों के बीच के रिश्ते सिर्फ सरकारों से नहीं बनते

मेरा हमेशा ये मत रहा है कि दो देशों के बीच के रिश्ते सिर्फ सरकारों से नहीं बनते। रिश्तों को मजबूती देने में जन भागीदारी बहुत जरूरी है। इसलिए मैं आप सभी के रोल को इन रिश्तों के लिए बहुत अहम मानता हूं। आपने दशकों पहले मोसार्ट और श्त्रूदल्स की धरती को अपना बना लिया।

### भारत में 10 वर्षों में बहुत काम हुए

देश की उपलब्धियों पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज एजुकेशन, स्किल, रिसर्च और इनोवेशन में अभूतपूर्व स्केल पर काम कर रहा है। 10 सालों में हर दिन दो नए कॉलेज भारत में खुले हैं। हर हफ्ते एक नई यूनिवर्सिटी खुली है।

### भारत-ऑस्ट्रिया के बीच कई समानताएं

*वियना में भारतीय समुदाय के लोगों से पीएम मोदी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से भारत और ऑस्ट्रिया दो अलग-अलग छोर पर हैं, लेकिन हम दोनों के बीच अनेक समानताएं हैं। लोकतंत्र हम दोनों देशों को जोड़ता है। स्वतंत्रता, समानता, बहुलवाद और कानून शासन का आदर हमारी साझा मूल्य हैं। हम दोनों समाज बहु संवर्धित और बहुभाषी हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया में कुछ महीनों के बाद चुनाव होने वाला है। जबकि भारत में हमने अभी-अभी लोकतंत्र का पर्व आन-बान-शान के साथ मनाया है। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव संपन्न हुआ है।*

### दुनिया के लोग भारत के चुनाव के बारे में सुनकर हैरान होते हैं

*पीएम मोदी ने कहा, आज दुनिया के लोग भारत के चुनाव के बारे में सुनकर हैरान रह जाते हैं। जो चुनाव कुछ सप्ताह पहले ही खत्म हुआ है, उसमें 650 मिलियन से ज्यादा लोगों ने वोट डाले हैं। मतलब हुआ शायद 65 ऑस्ट्रिया , और सोचिए इतना बड़ा चुनाव होता है, लेकिन कुछ ही घंटों में चुनाव के नतीजे क्लियर हो जाते हैं। ये भारत की इलेक्टोरल मशीनरी और हमारे डेमोक्रेसी की ताकत है।*

### वियना में पढ़ाई जाती थी संस्कृत

पीएम ने कहा कि करीब 200 साल पहले वियना में संस्कृत पढ़ाई जाती थी। 1880 में इंडोलॉजी के लिए एक स्वतंत्र पीठ की स्थापना के साथ ही इसे और बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि मुझे आज कुछ प्रख्यात इंडोलॉजिस्ट से मिलने का मौका मिला।



### दोनों देशों की यात्रा भारत के लिए ऐतिहासिक यात्रा रही

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने दो दिवसीय रूस-ऑस्ट्रिया यात्रा के बाद भारत वापस आ चुके हैं। पीएम मोदी का यह दौरा कई मायने में खास रहा। उन्होंने अपने इस यात्रा के दौरान रूस और ऑस्ट्रिया में रह रहे भारतयी प्रवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन के माध्यम से पीएम मोदी ने एक बार फिर संदेश दिया कि भारत ने दुनिया को 'युद्ध' नहीं 'बुद्ध' दिया है। पीएम मोदी ऑस्ट्रिया की यात्रा करने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने ने अपने वापसी की जानकारी खुद सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि यह भारत के लिए ऐतिहासिक यात्रा रही। रूस-ऑस्ट्रिया दोनों देशों के साथ भारत की दोस्ती बढ़ी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया यात्रा ऐतिहासिक और अत्यधिक उपयोगी रही। भारत का दोनों देशों के बीच मित्रता में नया जोश जुड़ा है।

वैज्ञानिकों ने शोध कर किए ये दावे

# लद्दाख की पहाड़ियों में मिली मंगल ग्रह जैसी चट्टानें



एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख की पहाड़ियों में मंगल ग्रह जैसी चट्टानें पायी गई हैं। इनके रंग, चित्र, बनावट तथा इनमें पाए जाने वाले रासायनिक तत्वों में समानता देखी गई है। बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी) के वैज्ञानिकों ने लंबी रिसर्च के बाद यह साबित किया कि लद्दाख की चट्टानों के चित्र और रंग मंगल ग्रह से आए चित्रों और वहां के वातावरण के अध्ययन से मेल खाते हैं। वैज्ञानिकों ने रॉक वार्निश के रंग, आकार, तथा रासायनिक तत्वों के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला है कि मंगल ग्रह पर भी ऐसी चट्टानें हो सकती हैं। बीएसआईपी का यह शोध आने वाले दिनों में भारत के मिशन मंगल को सफल बनाने में मददगार साबित होगा। शोध को प्लेनेटरी एंड स्पेस साइंस अंतरराष्ट्रीय जर्नल ने प्रकाशित किया है।

### काले-भूरे रंग की मिलती जुलती चट्टानें पाई गई है

लैब में चित्रों और रॉक वार्निश के पार्टिकल्स का अध्ययन किया। इसके बाद इस नतीजे पर पहुंचे कि नासा के 2020 के मिशन मार्स से आए चित्रों और अन्य एलीमेंट में काफी समानता है। जब मंगल ग्रह के चित्रों और लद्दाख के रॉक वार्निश के चित्रों को मिलान कराया गया तो दोनों लगभग एक जैसे दिखे। मंगल ग्रह की ब्राउन चमकीली चट्टानें लद्दाख की चट्टानों से मिलती-जुलती पाई गईं। काले-भूरे रंग की चट्टानों में मैग्नीज, आयरन जैसे तत्व पाए गए। नासा के रोवर ने जो सैंपल भेजे थे उसमें भी यह तत्व पाए गए थे। लद्दाख में मेग्नेटोफॉसिल्स की उपस्थिति जीवनचक्र की पुष्टि करती है। चट्टानों और रासायिनक तत्वों की समानता यह संकेत देती है मंगल ग्रह पर भी जीवन चक्र की उपस्थिति हो सकती है। हम भविष्य में मंगल ग्रह पर भी जीवनचक्र का पता लगा सकते हैं।

### कई जगह से रॉक वार्निश सैंपल जुटाए

शोधकर्ता डॉ. अमृतपाल सिंह चड्ढा ने बताया कि मिशन मंगल को ध्यान में रखकर यह शोध किया गया। हमने यह पता लगाने की कोशिश की कि लद्दाख के चमकीले पत्थर (रॉक वार्निश) मंगल से आए चित्रों तथा एलीमेंट से कितना मेल खाते हैं। जब लद्दाख के पत्थरों का अध्यन किया गया तो इनमें काफी समानता मिली। बीएसआईपी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुपम

प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से की शिष्टाचार भेंट

## डीआरपीजी और एनसीजीजी के प्रतिनिधिमंडल का श्रीलंका दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग और नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस ऑफ इंडिया (एनसीजीजी) के उच्च स्तरीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने के लिए 7 से 9 जुलाई, 2024 तक श्रीलंका का दौरा किया। दोनों पक्षों ने 2024 से 2029 तक भारत में श्रीलंका प्रशासनिक सेवा के 1500 अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस ऑफ इंडिया और श्रीलंका विकास प्रशासन संस्थान के बीच सहयोग के रोडमैप और संकाय विकास कार्यक्रम तथा जिला कलेक्टर स्तर पर चर्चा करने के बारे में विचार-विमर्श किया। दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य से की गयी थी। प्रशासन और शासन में सहयोग के लिए भारत-श्रीलंका वार्ता "सकारात्मक और सफल" रही है। 7 से 9 जुलाई तक कोलंबो की 2 दिवसीय यात्रा में 9 जुलाई, 2024 को संसद परिसर में श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश चंद्र रूपसिंघे गुणवर्धने से हुई शिष्टाचार भेंट भी शामिल है। इस बैठक में मजबूत द्विपक्षीय संबंधों और श्रीलंका में चल रहे शासन सुधारों के प्रति अपनी " नेबर फर्स्ट " नीति के तहत भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में प्रकाश डाला गया।

विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू

## सुरक्षा-व्यापार में सहयोग बढ़ाने पर होगा फोकसः एस जयशंकर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन की आज शुरुआत हुई नई दिल्ली में 11-12 जुलाई को आयोजित किए जा रहे इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की। इस सम्मेलन के लिए श्रीलंका के विदेश मंत्री थराका बालासूर्या गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचे। वहीं बांग्लादेश के विदेश मंत्री मोहम्मद हसन महमूद दोपहर में दिल्ली पहुंचे। बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों का यह दूसरा सम्मेलन है।

**सदस्य देशों से बढ़ाएंगे संपर्कः** विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 'सम्मेलन में बिम्सटेक के विदेश मंत्री आपसी सहयोग बढ़ाने, सुरक्षा, कनेक्टिविटी, व्यापार और निवेश के साथ ही सदस्य देशों को लोगों से संपर्क बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। नई दिल्ली में आयोजित हो रहे बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड के विदेश मंत्री मारिस संगियामपोंगसा, नेपाल के विदेश मंत्री सेवा लामसाल, भूटान के विदेश मंत्री डीएन धुंग्येल, म्यांमार के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री यू थान स्वे भी दिल्ली पहुंच चुके हैं।




अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में फंसी सुनीता ने दी जानकारी

# अंतरिक्ष से दोनों की जुलाई के अंत में धरती पर वापस आएंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अब भी फंसे हुए हैं। दरअसल विलियम्स और विल्मोर को 13 जून तक धरती पर वापस आ जाना था लेकिन स्पेसशिप में खराबी आने की वजह से दोनों अंतरिक्ष में फंस गए हैं। बोइंग स्पेस कैप्सूल में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी अब तक संभव नहीं हुई है। बता दें कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 5 जून को अंतरिक्ष मिशन के लिए स्टारलाइनर में सवार होकर रवाना हुए थे। नासा को उम्मीद है कि दोनों यात्रियों की



### सुनीता-विल्मोर को एक हफ्ते तक स्पेस में

*दरअसल, सुनीता और विल्मोर को लगभग एक हफ्ते तक स्पेस में रहना था, लेकिन यात्रा के दौरान थ्रस्टर की खराबी और हीलियम गैस लीक के कारण दोनों की वापसी को स्थगित कर दिया गया।*

### विलियम्स ने कहा सुरक्षित होगी घर वापसी

*हालांकि बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस करके दोनों ने कहा कि उन्हें स्टारलाइनर टीम और अंतरिक्ष यान भरोसा है कि थ्रस्टर की खराबी को दुरुस्त कर लिया जाएगा और उनकी सुरक्षित घर वापसी होगी। सुनीता विलियम्स ने कहा, मेरे दिल में यह अच्छी भावना है कि अंतरिक्ष यान हमें घर ले आएगा, कोई समस्या नहीं आएगी।*

### नासा के वैज्ञानिकों ने भी की पुष्टि

नासा के वैज्ञानिकों ने सुनीता और विल्मोर की वापसी के लिए कोई तारीख निर्धारित नहीं की है, मगर वैज्ञानिक को उम्मीद है कि दोनों जुलाई के अंत में धरती पर वापस आ सकते हैं।

## चिंतन

# नेपाल में फिर 'सत्ता बदल' खेल, पैनी नजर रखे भारत

नेपाल में एक बार फिर से राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति है। मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' को आज 12 जुलाई शुक्रवार को विश्वासमत का सामना करना है। प्रचंड की सरकार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के समर्थन से है। पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत 'सीपीएन-यूएमएल' ने पिछले सप्ताह प्रचंड सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। नेपाली संसद की जो अंकगणितीय स्थिति है, उसमें प्रचंड के लिए विश्वासमत हासिल करना मुश्किल है। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस ने विश्वासमत के खिलाफ मतदान के लिए अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। निचले सदन में बहुमत का आंकड़ा 138 है। नेपाली कांग्रेस व सीपीएन-यूएमएल के पास कुल 167 का आंकड़ा है, जो बहुमत से ज्यादा है। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है। ऐसे में पीएम दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे और उनकी सरकार का जाना तय है। मौजूदा संसद का कार्यकाल वर्ष 2027 तक है, नवंबर 2022 के चुनाव में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ लड़ा था, उससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव प्रचंड ने ओली का पार्टी सीपीएन यूएमएल के साथ लड़ा था। वर्ष 2022 में प्रचंड व शेर बहादुर देउबा के संयुक्त गठबंधन को बहुमत मिला, लेकिन प्रधानमंत्री को लेकर देऊबा के साथ तकरार के चलते प्रचंड ने पाला बदल लिया और ओली की सीपीएन यूएमएल के साथ मिलकर सरकार बना ली। चूंकि जून 2021 में प्रचंड के समर्थन से ही देउबा प्रधानमंत्री बने थे, इसलिए वे वर्ष 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस के साथ बहुमत के बाद पीएम बनना चाहते थे और चाहते थे कि इस बार देऊबा समर्थन दें, पर देऊबा ने ऐसा नहीं किया था। 18 महीने में प्रचंड ने चार बार विश्वासमत हासिल किया है, यह पांचवी बार है, जब उनके दांव विफल साबित होंगे। शुरू में प्रचंड चीन समर्थक रहे हैं, पर चीनी की दबाव वाली कूटनीति के चलते वे भारत के करीब आ गए। सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन में जल्द ही दरारें उभर आईं, जिससे प्रचंड को मार्च में नेपाली कांग्रेस के समर्थन से एक और विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उस विश्वासमत के बाद वे भारत दौरे पर आए थे। नेपाल में अब जो ओली व देऊबा की पार्टी की गठबंधन सरकार बनेगी, उसमें ओली पहले पीएम बनेंगे, वाद में देऊबा बनेंगे। ओली चीन समर्थक माने जाते हैं, जबकि देऊबा का भारत के साथ मधुर संबंध रहा है। प्रचंड बनाम ओली की राजनीतिक अदावत के चलते ही 2021 में संसद भंग कर दी गई थी। फिर मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और संसद भंग करने के फ़ैसले को रद कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के इसी फ़ैसले के बाद देउबा प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल में चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिलने से राजनीतिक अस्थिरता लंबे समय से है। सत्ता देऊबा, ओली व प्रचंड के बीच घूमती रहती है, जिससे जन विकास की गति धीमी रहती है। ओली के फिर पीएम बनने के बाद भारत को नेपाल पर पैनी नजर रखनी होगी।



संयुक्त राष्ट्र
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# फिलेमॉन यंग के समक्ष चुनौतियां

संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष के रूप में फिलेमॉन यंग को चुना गया है। इसमें कोई दो मत नहीं की दुनिया चुनौतीपूर्ण क्षण से गुजर रही है। युद्ध और संघर्ष निरंतर बढ़ रहे हैं। जलवायु संकट, पृथ्वी की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के लिए संसाधनों की निरंतरता बनाए रखनी है। गरीबी, भुखमरी, असुरक्षा और असमानता बढ़ी है। घृणा, अविश्वास, विभाजन और विस्थापन की समस्या विश्वव्यापी बन रही है। पूरी दुनिया में टिकाऊ विकास और अभयपूर्ण इच्छाशक्ति की बाट जोहती आज की पीढ़ी फिलेमॉन से बहुत सी अपेक्षाएं पाल चुकी है। फिलेमॉन अपने अनुभव से यदि बड़े निर्णय लेने और उपाय ढूंढ़ने में कामयाब होते हैं तो इससे सबका भला होगा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा का 79वां सत्र आगामी सितम्बर में शुरू होने वाला है। उसके लिए पूर्व तैयारियों ने अपना मूर्त रूप लेना शुरू कर दिया है। यह एक ऐसा मंच है जो बहुपक्षीय संबंधों को समृद्धि प्रदान कर वैश्विक मुद्दों को बहस के केंद्र में लाता है। यह पूरे विश्व के लिए ऐतिहासिक घटना होती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष के रूप में फिलेमॉन यंग को चुना गया है। वह डेनिस विलियम का स्थान ग्रहण करेंगे। डेनिस विलियम 78वें महासभा के महामहिम अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह संयुक्त राष्ट्र महासभा बहुपक्षीय सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक व जीवन-जगत से जुड़े पहलुओं को बेबाकी से प्रकट करने वाली महासभा है। 79वें सत्र की अध्यक्षता के लिए महामहिम फ़िलेमॉन यंग को संयुक्त राष्ट्र के ट्रस्टीशिप आम सभा में नागरिक समाज के प्रतिनिधियों, अकादमिक जगत के लोगों, संयुक्त राष्ट्र नागरिक समाज संगठनों, साथ ही ख्याति प्राप्त व्यक्तियों द्वारा इंटरेक्टिव संवाद के पश्चात चुना गया है।

फिलेमॉन यंग कैमरून के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वह एक अच्छे राजनयिक, लोकसेवक व लोकप्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। साथ-साथ अफ्रीकी संघ और सरकार के उच्चतम स्तरों पर काम करने का व्यापक अनुभव रखते हैं। उनके चयन पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस का बहुत ही आत्मीय वक्तव्य सामने आया कि फिलेमॉन यंग गौरवान्वित अफ्रीकी हैं जो अपने महाद्वीप के भविष्य के प्रति समर्पित है। उनकी वजह से कैमरून जैसे अफ्रीकी देश संभावनाओं से भरपूर हैं। इस क्षमता को समझने के लिए अफ्रीकी देशों के इर्द-गिर्द एकजुट होने की जरूरत भी है और वास्तव में, दुनियाभर के विकासशील देशों का समर्थन भी इसके लिए आवश्यक है, जिससे एक देश संभावनाओं से भर जाए। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि वह सहयोगी समाधानों के लिए सदस्य देशों को एकजुट करते हैं जो अफ्रीका और विकासशील दुनिया को न्याय दिला सकते हैं। गुतरेस का इतना बड़ा विश्वास ही सब कुछ फिलेमॉन यंग के बारे में बता देता है। निर्वाचित राष्ट्रपति यांग महासभा का नेतृत्व करने जा रहे हैं, लेकिन इसमें कोई दो मत नहीं की दुनिया चुनौतीपूर्ण क्षण से गुजर रही है। युद्ध और संघर्ष निरंतर बढ़ रहे हैं। जलवायु संकट, पृथ्वी की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के लिए संसाधनों की निरंतरता बनाए रखनी है। गरीबी, भुखमरी, असुरक्षा और असमानता बढ़ी है। घृणा, अविश्वास, विभाजन और विस्थापन की समस्या विश्वव्यापी बन रही है। निवेश करने के लिए आवश्यक समर्थन न तो संयुक्त राष्ट्र जुटा पा रहा है और न ही कोई ऐसे परिवर्तनकारी मस्तिष्क के विकास हो रहे हैं जो सतत विकास लक्ष्य व दूसरे मानव-केंद्रित विषयों पर, प्रकृति की सुरक्षा पर निवेश करा सकें। सबने हाथ खड़े कर रखे हैं। सब भगवान भरोसे छोड़ अपनी संप्रभुता, सत्ता और भौतिकवादी सुख के लिए आसक्ति से भरे पड़े हैं। फिलेमॉन यंग को यह समझना होगा कि देशों की सोच का रुख कैसे बदला जाए। संयुक्त राष्ट्र में सेट पैटर्न पर गाड़ी हांकने वाले यह सोच



रहे हैं कि उनकी मंशा अनुसार विश्व चलेगा तो यह उनकी कमी है। इसके लिए फिलेमॉन यंग को नए सिरे से विचार करना होगा। संयुक्त राष्ट्र में अभी तक केवल छह भाषाओं को प्रमुखता से स्थान मिला है। कम से कम भाषाओं में संयुक्त राष्ट्र की अभिव्यक्ति उसे जन-जन से जुड़ने ही नहीं दे रही है। हिंदी में अब ज़रूर भारत में संयुक्त राष्ट्र से न्यूज पहुंचाई जा रही हैं, लेकिन अधिक संख्या में बोली व समझी जाने वाली कुछ भाषाएं यदि संयुक्त राष्ट्र की मुख्य रेस वाली भाषा की तरह स्थान नहीं पाएंगी तो निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियां और उसके इनिशिएटिव उसके ही लिए उपयुक्त नहीं होंगे। संयुक्त राष्ट्र में परमाणु अप्रसार, युद्ध विराम और शरणार्थियों की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है भले ही लेकिन इसके लिए जो आचार संहिताएं हैं उसका पालन देश कितना कर रहे हैं, यह बड़ा सवाल है। फिलेमॉन यंग की यह बड़ी चुनौती है उनके लिए कि वे कुछ देशों को सुरक्षा परिषद में स्थान दिलवाने में सफल हो पाते हैं कि नहीं? चबा कोरोसी ने जिस गति से सुरक्षा परिषद के विस्तार पर पहल की थी, यदि फिलेमॉन यंग उतनी ही रफ्तार से इस दिशा में आगे बढ़ते हैं तो उन्हें काफी सफलता मिल सकती है और संयुक्त राष्ट्र में बदलाव का श्रेय भी उन्हें प्राप्त हो सकता है। पूरी दुनिया में टिकाऊ विकास, अधिक शांतिपूर्ण पृथ्वी, सुन्दर प्रकृति और अभयपूर्ण इच्छाशक्ति की बाट जोहती आज की पीढ़ी फिलेमॉन यंग से बहुत सी अपेक्षाएं पाल चुकी है। मैनेज करने वाले महासभा अध्यक्ष आज की पीढ़ी नहीं चाहती है। वह चाहती है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष केवल औपचारिकताओं में न संलग्न रहें, अपितु सही मायने में रोमांचकारी परिवर्तन के लिए काम करें। विश्व को सही और गलत का भान कराएं और सही निर्णय की ओर संसार को ले जाएं। जैसा कि फिलेमॉन यंग एक अनुभवी कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में सक्षम हैं तो वह इस दिशा में एक प्रतिष्ठित दुनिया बसाने वाली सोच को विकसित कर सकेंगे और विश्व को उम्मीद यह भी है कि सार्वभौमिक उद्देश्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे भी तो निश्चय ही यह एक अच्छी संभावना है।

फिलहाल सफलता के लिए प्रतिबद्ध होना ज़रूरी है। यदि फिलेमॉन यंग विश्व के वर्तमान को समझकर आगे बढ़ेंगे तो वैसा ही विश्व तैयार होगा। जैसा आज अरबों नागरिकों की अपेक्षाएं हैं, अन्यथा विभिन्न चुनौतियों के बीच नागरिक और प्रकृति शेष होंगे। यह इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि फिलेमॉन यंग के सामने एक बड़ी समस्या है कि सतत विकास लक्ष्य को लेकर दुनिया के देश बहुत सार्थक व निर्णायक लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्हें इसमें गतिशीलता लाने के लिए बड़े पैमाने पर देशों व देश के नेतृत्वों को प्रोत्साहित करना होगा। इन दिनों इस बात पर बहस शुरू हो गई है कि सन 2030 तक सतत विकास लक्ष्य को हासिल किया भी जा सकेगा या नहीं। फिलेमॉन यंग यदि इसके प्रोत्साहन के लिए एक बड़े स्तर का शिष्टमंडल खड़ाकर काम नहीं करेंगे तो जो अपेक्षाएं हैं उन्हें वे पूर्ण करने में पीछे हो जाएंगे। आवश्यकता इस बात की होगी की फिलेमॉन यंग खुद इसकी गंभीरता को समझें और वैश्विक नेतृत्व को संभालते हुए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को इसकी गंभीरता को समझने की पहल करें।


विश्व में पर्यावरण व विकास के मुद्दे तो हैं ही, युद्ध और संघर्ष में बहुत धन लग रहा है। यदि यह धन सतत विकास लक्ष्य के लिए लगाया जाता तो यह निवेश विश्व के जीवन गुणवत्ता को हासिल करने में काम आता, लेकिन निवेश वहां हो रहे हैं जहां ज़रूरत नहीं है। फिलेमॉन को यह सोचना होगा कि वह एकीकृत मानसिकता को कैसे क्रियाशील बनाकर कैसे वैश्विक लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं। यह एक कठिन कोशिश ज़रूर है, लेकिन मुश्किल नहीं है। फिलेमॉन अपने अनुभव से यदि इसके लिए बड़े निर्णय लेने और उपाय ढूंढ़ने में कामयाब होते हैं तो इससे सबका भला होगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## उपलब्धि

कृष्णमोहन झा




# पीएम मोदी के व्यक्तित्व की खूबियों के मुरीद हुए पुतिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए जिन विदेशी राष्ट्राध्यक्षों ने बधाई दी है उनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के निकटतम विदेशी मित्रों में प्रमुखता हासिल कर ली है। हाल में ही रूस की राजधानी मास्को में आयोजित भारत-रूस शिखर वार्ता में भाग लेने के लिए मास्को पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया गया वह भारत-रूस संबंधों में प्रगाढ़ता का परिचायक था, जो समय की कसौटी पर न केवल खरे उतरे हैं बल्कि निरंतर मजबूत हुए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ सेंट एंड्रयूज द एपोस्टल' से नवाजकर अंतरराष्ट्रीय जगत को यह संदेश दिया कि भारतीय प्रधानमंत्री के लिए रूस की जनता के दिलों में कितना आदर और प्रेम है। प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान को भारत की 140 करोड़ जनता का सम्मान निरूपित करते हुए कहा कि मेरे लिए मेरा देश और मेरे देश के लोग सर्वोपरि हैं। प्रधानमंत्री ने मास्को में कहा कि आज से ठीक एक महीने पहले मैंने तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और प्रण लिया था कि मैं अपने तीसरे टर्म में तीन गुनी ताकत से काम करूंगा।' इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों से यह संकेत मिलने लगे हैं कि देश को प्रगति की आकाशीय ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रबल इच्छा शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी पांच साल बाद रूस के प्रवास पर पहुंचे थे। मास्को विमानतल पर रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने उनकी अगवानी की और विमान तल पर ही रूस की सशस्त्र सेनाओं के जवानों द्वारा उन्हें सलामी गारद से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने विमान तल पर किसी राष्ट्राध्यक्ष की अगवानी के लिए पहली बार देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री को भेजा था। रूस में किसी राष्ट्राध्यक्ष के आगमन पर सामान्यतः द्वितीय उपप्रधानमंत्री द्वारा स्वागत की परंपरा रही है। मास्को विमानतल पर भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री की उपस्थिति के यह अर्थ लगाए जा रहे हैं कि रूसी राष्ट्रपति के लिए भारत के मैत्री विशेष अहमियत रखती है और प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में रूस के राष्ट्रपति पुतिन भारत के साथ रूस के रिश्तों को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए तत्पर हैं। रूस के राष्ट्रपति ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री चुने पर बधाई देते हुए इसे उनके अनेक वर्षों के अच्छे कार्यों का प्रतिफल बताया। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को ऊर्जावान नेता बताते हुए यह व्यक्त विश्वास व्यक्त किया कि उनमें भारत और भारतीय लोगों के हित में अच्छे नतीजे देने की क्षमता मौजूद है। यह रिजल्ट से स्पष्ट है। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को अपना करीबी मित्र मानते हुए जब उन्हें इलेक्ट्रिक कार में सैर कराई तब ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दोनों के बीच वर्षों पुरानी गहरी दोस्ती है। रूस के राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच अत्यंत आत्मीय वातावरण में संपन्न हुई वार्ता में उभय राष्ट्राध्यक्षों ने दोनों देशों के सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की इस बात की सराहना की कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। इस पर मोदी ने कहा कि भारत के लोगों ने उन्हें मातृभूमि की सेवा करने का मौका दिया है। रूस के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में मोदी ने कहा कि हम विगत दस वर्षों में 17 बार मिल चुके हैं और विगत 25 वर्षों में 22 दोनों देशों के 22 द्विपक्षीय बैठकें हो चुकी हैं। यह हमारे संबंधों की गहराई का परिचायक है। प्रधानमंत्री ने देश में किसानों को उर्वरक की कमी के संकट से निपटने में रूस से मिले सहयोग की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति को आतंकवाद की समस्या पर भारत की चिंताओं से अवगत कराते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए विश्व में शांति कायम करने की बहुत आवश्यकता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी की इस रूस यात्रा और रूस के राष्ट्रपति के साथ उनकी शिखर वार्ता के प्रति अंतरराष्ट्रीय जगत में विशेष उत्सुकता बनी हुई थी।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
**प्रेरणा**

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा-तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला-दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला-तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला-खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोला-शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## सटाका




## आज की पाती

### जल्द पारित हो जनसंख्या नियंत्रण कानून

विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या मुद्दों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और लोगों को अधिक जनसंख्या के प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है। अधिक जनसंख्या पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों और संसाधनों पर दबाव जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। भारत में अत्यधिक जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करती है, जिससे गरीबी-बेरोजगारी बढ़ती है, सामाजिक तथा आर्थिक विकास में कमी के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी असर पड़ता है। इसलिए समय रहते इस पर नियंत्रण जरूरी है।

*- मुकेश शर्मा, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# भारतीय जहाज के कैप्टन व दल ब्रिटेन में सम्मानित


तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत और उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस और समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान 'दृढ़ संकल्प और धीरज' का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। वर्ष की शुरुआत में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा कथित तौर पर दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज 'मार्लिन लुआंडा' पर गिरने से भीषण आग लग गई थी। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम के कैप्टन बृजेश नांबियार और चालक दल को भी संकट के समय तेल टैंकर की सहायता करने के लिए प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया है। कैप्टन रावत और उनके चालक दल तथा कैप्टन जॉर्ज फर्नांडो गैलाविज फूएंटेस और टगबोट पेमेक्स माया के चालक दल को मार्शल द्वीप समूह द्वारा पुरस्कार के लिए नामित किया गया।



## ऑफ बीट

# समाज को लाभ पहुंचाने के लिए विकसित हुई चेतना

चेतना का अनुभव हमारे अंतर्निहित मस्तिष्क शरीर क्रिया विज्ञान से क्यों विकसित हुआ? तंत्रिका विज्ञान का एक जीवंत क्षेत्र होने के बावजूद, चेतना पर वर्तमान शोध में असहमति और विवाद बना हुआ है - विवाद में कई प्रतिद्वंद्वी सिद्धांत हैं। 1,000 से अधिक लेखों की हालिया व्यापक समीक्षा में 20 से अधिक सैद्धांतिक खातों की पहचान की गई। डेविड चाल्मर्स जैसे दार्शनिकों का तर्क है कि कोई भी एक वैज्ञानिक सिद्धांत वास्तव में चेतना की व्याख्या नहीं कर सकता है। हम चेतना को आत्म जागरूकता सहित सन्निहित व्यक्तिपरक जागरूकता के रूप में परिभाषित करते हैं। इंटरलिया में प्रकाशित एक हालिया लेख में हम तर्क देते हैं कि इस दुर्दशा का एक कारण अंतर्ज्ञान द्वारा निभाई गई शक्तिशाली भूमिका है। हम अकेले नहीं हैं। सामाजिक वैज्ञानिक जेसी रीज़ एंथिस लिखती हैं, 'चेतना की मौलिक प्रकृति पर अधिकांश बहस अंतर्ज्ञान की उत्तेजना का रूप लेती है, जिसमें विभिन्न पक्ष अपने स्वयं के मजबूत अंतर्ज्ञान की सूचना देते हैं और उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ करते हैं'।



## ट्रेंड

### ऑस्ट्रियाई सरकार का धन्यवाद



ऑस्ट्रिया की मेरी यात्रा ऐतिहासिक और अत्यधिक उपयोगी रही है। हमारे देशों के बीच मित्रता में नया जोश जुड़ा है। मुझे वियना में विविध कार्यक्रमों में भाग लेने की खुशी है। चांसलर कार्लनेहैमर का आभार ऑस्ट्रियाई सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य और स्नेह के लिए धन्यवाद।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मणिपुर आएं प्रधानमंत्री



मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं, मगर स्थिति में कोई सुधार नहीं है - आज भी प्रदेश दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। घर जल रहे हैं। प्रधानमंत्री को मणिपुर आ कर प्रदेशवासियों की तकलीफ़ सुनते हुए शांति की अपील करनी चाहिए।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए



ऐसी दुनिया में जहां 'आओ-देखो-मुझे' एक बीमारी है और पेड पीआर जीवन का एक स्वीकार्य तरीका है, विनम्रता राहुल द्रविड़ को शानदार बनाती है। हमें अपने पेशे में इसकी आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए; महानता हासिल करने के लिए और इसे केवल हम पर निर्भर रहने दें।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

### आंखें खुली रखनी होंगी



यह एक अहम पाठ है कि उद्यमशीलता के अवसर कैसे उत्पन्न होते हैं। आप हमेशा ग्राहकों की ज़रूरतों का पहले से अनुमान लगाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। आपको अपने कान ज़मीन पर रखने होंगे, अपनी आंखें खुली रखनी होंगी।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## 7 साल बाद भी निगम ने नहीं सीखा सबक

# जलप्लावन में फिर डूबेगा बार बार डूबेगा शहर

जबलपुर।

शहर के आसमान पर बादल छाए हुये हैं। मौसम विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि इस हफ्ते और इस महीने जबलपुर कई बार भारी बारिश का सामना कर सकता है। इस सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जबलपुर शहर जलप्लावन की स्थिति से निपटने के लिये तैयार है। नगर निगम चुनाव के दौरान तत्कालीन महापौर प्रत्याशा (वर्तमान महापौर) जिन क्षेत्र में जलप्लावन के हालात बनने पर गये थे, क्या उन क्षेत्र में जल प्लावन के कारणों को खत्म कर दिया गया। सवाल सबसे बड़ा यही है कि आज जब नगर निगम सदन में 15 सौ करोड़ के बजट पर चर्चा हो रही है, तब क्या नगर निगम सीमा अंतर्गत करीब 15 जलप्लावन पीड़ित इलाके इस बार नहीं डूबेंगे। लेकिन जवाब यही है कि जबलपुर शहर में जो एरिया सबसे ज्यादा पीड़ित थे, जलप्लावन की स्थिति थी, वहां नालां सफाई की खानापूर्ति के अलावा, जल प्लावन से निपटने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिन कारणों से सिविक सेंटर, ओमती नाला क्षेत्र, मोती नाला आदि से लगे क्षेत्र डूबते थे, उनमें अधिकांश कारण आज भी मौजूद है। जानकारों का मानना है कि यदि 2 से 4 इंच मुसलाधार बारिश लगातार होगी तो इन इलाकों के मकानों दुकानों में पहले की तरह घुटनों तक पानी भरना तय है। आज की स्थिति में नगर निगम की 95 फीसद तैयारी जलप्लावन से बचाने की नहीं है, जलप्लावन होने पर राहत कार्य की है। देखना दिलचस्प भी होगा और दुखद भी कि यदि शहर को भीषण वर्षा का सामना करना पड़ता है, शहर का क्या हाल होगा।

### जून के आखिर में मच चुका हाहाकार

27-28 जून की बारिश में ही शहर के करीब ढाई दर्जन इलाकों में जलप्लावन की स्थिति बनी। 10 दिन पूर्व हुई तेजबारिश में जबलपुर नगर निगम जलप्लावन को लेकर तैयारियां खुलकर सामने आ गई थीं। तब लेकिन पहली बारिश में ही नाले ओवरफ्लो हो गए। तुलाराम चौक, गंजीपुरा, पंजाब बैंक कॉलोनी, परिजात बिल्डिंग, शिव नगर, चंडाल भाटा अघोरी बाबा मंदिर के पास, स्टेट बैंक कॉलोनी और सरस्वती कॉलोनी में सड़कों और घरों में पानी घुसने की शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। अकले प्रेम क्षेत्र में 250 घरों में घुस गया। यह वो क्षेत्र हैं जहां आमतौर से जलप्लावन इतना नहीं होता। वहीं ओमती नाला क्षेत्र और मोतीनाला क्षेत्र में हालात हाहाकार वाले बने थे। पहली ही झमाझम में नगर निगम की तैयारियों की पोल खुल चुकी है।



### 6 माह में हल हो सकती है समस्या

चिंता की बात यह है कि शहर में जलप्लावन की स्थिति औसत से अधिक या असामान्य वर्षा की वजह से नहीं बनती। शहर में बारिश की स्थिति नालों के सफाई में हुये भ्रष्टाचार, बेतरतीब निर्माण कार्य, एलएंडटी नालों भ्रष्टाचार आदि कारणों से बनती है। शहर के जलप्लावन की 90 फीसद समस्या को दृढ इच्छा शक्ति और सही प्लानिंग से 6 महीने में ही सुलझाया जा सकता है। लेकिन बीते 7 साल में जलप्लावन की समस्या साल दर साल सिर्फ बढ़ी है।

### बेरतरतीब निर्माण और भ्रष्टाचार

प्रेमनगर पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में पाँच फीट के नाले को पेट्रोल पंप के पास साढ़े तीन फीट का कर दिया गया है। यहां इस कारण जलप्लावन हुआ। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि दो साल पहले तत्कालीन कलेक्टर इलैया राजा टी ने पेट्रोल पंप के पास की दीवार तुड़वाकर पाँच फीट का कराया था, इसके कारण पिछले साल क्षेत्र में पानी नहीं भरा। इस साल निर्माणाधीन नाले को फिर से साढ़े तीन फीट कर दिया गया, इसके कारण पूरे क्षेत्र में जलभराव हो गया। वहीं संजीवनी नगर के साईं सुबह परिसर में नगर निगम ने नाली ऊँची बना दी है और सड़क नीची कर दी है। इसके कारण बारिश के पानी को निकलने के लिए जगह नहीं मिल रही। वहीं ओमती और मोती नाला में एलएंडीनाले जगह जगह चोक हैं, इसलिये जलप्लावन की बार बार विकराल रूप से बन रही है।



# दोपहर में बारिश के बाद सुहानी रही शाम

**फिलहाल रिमझिम वर्षा के ही आसार**

जबलपुर।

मानसून का नया सिस्टम बंगाल की खाड़ी और उत्तर प्रदेश के बीच अटका हुआ है। पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर जरूर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिससे यहां बादल छाये हुये हैं, फिलहाल झमाझम के कोई आसार नहीं हैं। इन बादलों से बादलों से छुटपुट वर्षा हो सकती है। गुरुवार को बादल छाये रहे और सुबह से शाम तक 5.6 मिली मीटर वर्षा हुई, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली। रात में फिर बूंदाबांदी हुई। तेज हवाएं पानी को खींचकर ले गईं। दोपहर में हुई बारिश के बाद शाम सुहानी हो गई थी। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मानसून का नया सिस्टम बंगाल की खाड़ी से उठकर उत्तर प्रदेश तक आ गया है, लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पा रहा है। मध्यप्रदेश में स्थानीय बादल कहीं रिमझिम तो कहीं झमाझम बारिश दे रहे हैं। बादलों के कारण तापमान स्थिर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य और न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 74 प्रतिशत और सायंकाल 90 प्रतिशत आंकी गई। जबकि पिछले 24 घंटें में 5.6 मिमि वर्षा की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 244.5 मिलीमीटर (10 इंच) दर्ज की जा चुकी है। दक्षिणी हवाएं 5 से 6 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.1 और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया था। गत वर्ष आज के दिन वर्षा 2 मिमी हुई थी जबकि कुल वर्षा 352 मिमी दर्ज की गई थी। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

# चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि का ब्याज सहित भुगतान करें

## उपभोक्ता आयोग का आदेश

जबलपुर।

जिला उपभोक्ता आयोग ने एचडीएफसी स्टेंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि तीन लाख 67 हजार 415 रुपये छह प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं मानसिक पीड़ा के एवज में पांच हजार रुपये व मुकदमे के खर्च बतौर दो हजार रुपये भुगतान करने भी कहा है। मामला सेवा में कमी से संबंधित था।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना व सदस्यद्वय सुषमा पटेल व मनोज कुमार मिश्रा की न्यायपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान परिवादी कमानिया, जवाहरगंज, जबलपुर निवासी अरुण कुमार सिंघई का पक्ष अधिवक्ता वेदप्रकाश नेमा ने रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी ने एचडीएफसी स्टेंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से परिवार चिकित्सा बीमा कराया था। इस सिलसिले में सभी निर्धारित किश्तें जमा कीं। बीमा के वक्त परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य के संबंध में कोई परीक्षण संबंधी स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की शर्त नहीं लगाई थी। साथ ही वादा किया था कि परिवार में किसी के भी बीमार होने पर इलाज की दावा राशि प्रदान की जाएगी। परिवादी बीमार होने पर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुआ। वहां जांच के बाद एंजियोग्राफी की सलाह दी गई। लिहाजा, दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती होकर सर्जरी कराई गई। इलाज में हुए खर्च संबंधी दावा एचडीएफसी स्टेंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में पेश किया गया। लेकिन कंपनी ने पहले से रोग होने का बहाना बनाकर दावा राशि देने से मना कर दिया। चूंकि यह रवैया सेवा में कमी के दायरे में आता है, अतः परिवाद दायर किया गया।

## पुस्तक मेला के बाद, अब लगेगा यूनिफॉर्म मेला

**जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक मेला के बाद अब एक ओर पहल करते हुए स्कूल में यूनिफॉर्म जूते, स्कूल बैग में स्कूलों और विक्रेताओं की मनमानी रोकने के लिए नया कदम उठाया है। इसके तहत 27 जुलाई से 31 जुलाई तक यूनिफॉर्म मेला गारमेन्ट्स क्लस्टर में लगाया जायेगा. इसके पूर्व 15-16 जुलाई को यही पर स्कूल बैग, यूनिफॉर्म का प्रदर्शन संभावित आवश्यकता का आकलन किया जाएगा। जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि अभिभावकों के हित में यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधन से अपेक्षा की है कि वे अपनी स्कूल यूनिफॉर्म का सैंपल क्लासवार, अनुमानित आवश्यकता की जानकारी के साथ शीघ्र जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर को उपलब्ध कराए। साथ ही स्कूल संचालकों को कहा गया है कि यदि किसी छात्र छात्रा के पास मेला लगने की अवधि तक यूनिफॉर्म उपलब्ध नहीं हैं तो उसे यूनिफॉर्म में आने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा, क्योंकि यदि ऐसा होता है तो अभिभावक मनमाने दामों पर यूनिफॉर्म खरीदने में विवश होंगे। कलेक्टर ने व्यापक जनहित में स्कूल प्रबंधन से सहयोग करने की अपेक्षा की है।

# बिजली बिल में फ्यूल सरचार्ज वसूली पर रोक लगाई जाए

## नियमों के उल्लंघन पर आयोग करे कार्रवाई

जबलपुर।

विद्युत नियामक आयोग द्वारा 17 मार्च 2023 को प्रकाशित रेग्युलेशन 9.8 के तहत फ्यूल सरचार्ज से वसूले गए राजस्व का सत्यापन अगले वर्ष 30 जून 2024 तक होना था, इसके बावजूद भी बीते आर्थिक वर्ष (2023-24) में यह सत्यापन नहीं किया गया है, जबकि अब अंतिम तारीख 30 जून बीत चुकी है। अतः पावर मैनेजमेंट तथा वितरण कंपनियों द्वारा जून के फ्यूल सरचार्ज वसूलने हेतु जारी आदेश पर रोक लगाए, इसके साथ ही विद्युत अधिनियम 2003 के तहत रेग्युलेशन के उल्लंघन पर बिजली कंपनियों पर कार्रवाई करें। यह प्रार्थना नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे ने विद्युत नियामक आयोग को ई-मेल भेजकर की है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि बिजली कंपनियों ने रेग्युलेशन 9.13 के तहत जून का फ्यूल सरचार्ज दो माह पूर्व के अप्रेल के बिजली खरीदी एवं सप्लाय के आंकड़ों पर निर्धारित किया है, लेकिन रेग्युलेशन 9.2 की अनदेखी कर डाली जिसमें स्पष्ट निर्देश है कि जब तक पुराने आर्थिक वर्ष में वसूले राजस्व का सत्यापन नहीं होगा तब तक नए आर्थिक वर्ष में फ्यूल सरचार्ज निर्धारण नहीं किया जायेगा।



विभिन्न संगठनों ने आरोप लगाया कि पावर मैनेजमेंट कंपनी के जून के फ्यूल सरचार्ज के आदेश 24 जून को जारी होकर उसे अब 15 दिन बीत गए फिर भी विद्युत नियामक आयोग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। उपभोक्ताओं में जून के बिलों बाबद आक्रोश है।

बैठक में डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के.रायघटक, डी.के.सिंह, उमेश दुबे, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, पीएस राजपूत, राजेश गिदरोनिया उपस्थित थे।



# मूल्यांकन कर सेवा समाप्त करना कलंकित आदेश नहीं

**हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका**

**जबलपुर।** लोकायुक्त विभाग द्वारा परिवीक्षा अवधि में बिना विभागीय जांच किये सेवा से हटाये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि मूल्यांकन कर सेवा समाप्त करना कलंकित आदेश नहीं है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने दायर याचिका खरिज कर दी।याचिकाकर्ता संजय साहू की ओर से यह मामला दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि लोकायुक्त विभाग में उसका चयन अक्टूबर 1993 को एलडीसी पद हुआ था। दो साल के परिवीक्षा अवधि के पूर्व ही फरवरी 1995 को उसके सेवा से पृथक कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि उसे सेवा से बर्खास्त किया गया है। सेवा से बर्खास्त किये जाने के पूर्व किसी प्रकार की कोई विभागीय कार्यवाही नहीं की गयी। जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आदेश जारी किये थे कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण किया जाये। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त ने उसके अभ्यावेदन का निराकरण इस आदेश के साथ कर दिया कि सचिव लोकायुक्त के आदेश के खिलाफ महानिदेशक के समक्ष अभ्यावेदन पेश करने का कोई प्रावधान नहीं है। सरकार की ओर से एकलपीठ को बताया गया परिवीक्षा अवधि में याचिकाकर्ता को दो नोटिस दिये गये थे। इसके अलावा उसका स्थानांतरण भी किया गया था। परिवीक्षा अवधि के मूल्यांकन के बाद याचिकाकर्ता की सेवा समाप्त की गयी है। एकलपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए उक्त आदेश जारी किये।

# चंदन के पेड़ चोरी करने वाले पकड़े गए

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत नादघाट में चंदन तस्करों ने एक खेत में लगे 25 साल पुराने चंदन के 15 फीट उँचे पेड़ काटकर चोरी कर लिए। इसकी शिकायत होने पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरु कर दी है और चंदन के पेड़ बरामद कर लिए गए है। जिनकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई गई है।



मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों नादघाट मझौली निवासी सुरेन्द्र बाजपेई के खेत में लगे 25 साल पुराने चंदन के पेड़ चोर आरी मशीन से काटकर ले गए. सुबह जब सुरेन्द्र बाजपेई अपने खेत में पहुंचे तो देखा कि चंदन के पेड़ कटे हुए है सिर्फ ठूंठ और शाखाएं पड़ी है. किसान सुरेन्द्र बाजपेई ने इसकी शिकायत मझौली थाने में की, इसके बाद पुलिस ने ग्राम खपरा में तीन संदिग्धों अखिल पारधी, पुष्पेंद्र पारधी व बादल पारधी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों के कब्जे से चंदन की लकड़ी बरामद की है।

## सीएमएचओ को नोटिस

# विक्टोरिया अस्पताल अव्यवस्थाओं पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** विक्टोरिया अस्पताल में इलाज में बर्ती जा रही लापरवाही और जरूरत मंदों को दवा उपलब्ध नहीं हो जाने के साथ साथ मरीजों को बिस्तर पलंग भी उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इस आशय की खबरों पर मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेकर कलेक्टर जबलपुर और विक्टोरिया अस्पताल के सीएमएचओ को नोटिस भेजकर तीन सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में यह बात आई थी कि सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया) में करोड़ों का कायाकल्प चल रहा है। वहाँ जरूरतमंदों को इलाज के नाम पर दवा तक नसीब नहीं हो पा रही है। मीडिया द्वारा इन बदनसीबों की टोह ली तो मानवता को झकझोर देने वाले दृश्य देखने को मिले। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर एवं सीएमएचओ से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।



# सीएम मॉनिट के प्रकरणों को उच्च प्राथमिकता से निराकृत करें : कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सीएम मॉनिट की समीक्षा करते हुये कहा कि इसे उच्च प्राथमिकता में रखकर कार्य करें। यदि इसमें कुछ लापरवाही हुई तो वे समाधान ऑनलाईन में चले जायेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों में लंबित सीएम मॉनिट की एक-एक कर समीक्षा की गई। जिसमें आर्थिक सहायता प्रदाय करने, रेरा रिकव्हरी, धोखाधड़ी से जमीन कम रेट पर खरीदने, अनुकंपा नियुक्ति, बारात घर एवं हाट बाजार की स्वीकृत,ि खेल मैदान का समतलीकरण एवं दर्शकदीर्घा का निर्माण, पीएम आवास योजना की राशि दिलाने, गंगा सागर तालाब को अतिक्रमण मुक्त कर पर्यटन स्थल विकसित करने, पट्टा प्रदाय करने, बिल्डर द्वारा खराब गुणवत्ता के मटेरियल का उपयोग करने, पीडीएस की दुकानों में खाद्यान्न की आपूर्ति, विधवा पेंशन, डरा धमकाकर स्कॉलरशिप बैंक खाते से निकलवाने, अवैध कब्जा हटाने, सीमांकन व नक्शा सुधार करने आदि अनेक सीएम मॉनिट में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिये। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रकरणों के निराकरण में की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि सीएम मॉनिट के प्रकरण समय सीमा में निराकृत नहीं होते है तो संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।



## प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले के ज्वलंत विषयों के संबंध में चर्चा करते हुये कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करें जिससे आमजन परेशान न हो। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरण लंबित न रहे और सीएम मॉनिट को उच्च प्राथमिकता में रखकर प्रकरणों का निराकरण करें। इसके साथ ही बैंको में बंधक भूमियों की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम अपने रीडर की अलमारी की जांच करें और प्रकरणों को देखें। रीडर समय पर प्रकरण को प्रस्तुत करें, उसे दबाकर न रखें। बैठक में एडीएम सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण



**विजयराघवगढ़।** अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई द्वारा गुरूवार को आंगनबाड़ी केंद्र हंतला 02 का निरीक्षण किया गया जहां आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था, पंजिया,बच्चो की उपस्थिति चैक की गई। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चो के साथ बैठ कर मध्यान भोजन का भी स्वाद लिए। उन्होंने बच्चो के साथ बैठकर उनसे कविताएं,पढ़ाई और भोजन की बाते की। जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ता पूर्ण भोजन दिया जाता है जिसकी मॉनिटरिंग पर्यवेक्षक द्वारा की जाती है जिस पर एस डी एम ने संतुष्टि जाहिर करते हुए और ध्यान देने और निगरानी रखने की बात कही। एस डी एम ने लगभग 30 बच्चो के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। सभी बच्चो को एस डी एम द्वारा गिफ्ट दिए साथ ही बच्चो को टॉफी भी दी गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी संतोष कुमार अग्रवाल, जनपद सदस्य संतोष पटेल, सरपंच उत्तम दाहिया, पर्यवेक्षक मनोरमा श्रीवास्तव, किरण सराफ, संध्या शुक्ला, शिवम मिश्रा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गिरजा सोनी, ममता परौहा की उपस्थिति रही।

### बिजली समस्या पर 15 को करेंगे चक्काजाम

**कटनी।** विद्युत समस्याओं से परेशानी अब लोगों के लिए दिन ब दिन नासूर बनती जा रही है। ढ़ीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में व्याप्त विद्युत समस्याओं के निराकरण में विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। विभाग के उदासीन रवैए से जनपद सदस्य अधिवक्ता अटल बिहारी वाजपेई ने एसडीएम को लिखित शिकायत देकर 15 जुलाई को पौड़ी बस स्टैंड में चक्काजाम आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होनें बताया की पौड़ी फीडर अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्रामों में विद्युत समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है, कई बार इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों को की जा चुकी है बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। उन्होनें कहा कि पौड़ी बस स्टैंड में 15 जुलाई को चक्काजाम और प्रदर्शन किया जाएगा।

### छह ट्रेनें नौ दिन के लिए रहेंगी निरस्त

**कटनी।** मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के अंतर्गत भुसावल-खंडवा खंड के बीच गेज परिवर्तन एवं खंडवा यार्ड रीमॉडलिंग के साथ कनेक्शन के चलते प्री-एनआइ व एनआइ का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली एवं गुजरने वाली कई ट्रेन प्रभावित होंगी। कटनी से चलने वाली कटनी-भुसावल एक्सप्रेस सहित छह ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। जिसमें 14 से 22 जुलाई तक भुसावल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 से 23 जुलाई तक इटारसी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 एवं 21 जुलाई को रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 02185 रीवा-सीएसएमटी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। 15 एवं 22 जुलाई को सीएसटीएम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 02186 सीएसएमटी-रीवा एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12167 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक 14 से 21 जुलाई तक तथा गाड़ी संख्या 12168 वाराणसी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक 16 से 23 जुलाई तक निरस्त रहेगी।

### ट्रांसफार्मर बंद होने से रतजगा करने मजबूर

**कटनी।** ग्राम डूंड़ी में करीब 15 दिनों से ट्रांसफार्मर बंद होने की समस्या का सामना डूड़ी वासियों को करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि गांव के अंदर घरेलू बिजली सप्लाई के लिए लगे ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने की वजह से लगभग पंद्रह दिन पूर्व जल गया है, जिस पर विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बारिश में कीड़े-मकोड़ों के भय के बीच वे रतजगा करने मजबूर हैं।

### पुलिस के सामने वाहनों की धमाचौकड़ी मचा रहे नाबालिक, हादसे का इंतजार

# बिना ड्रायविंग लायसेंस के दो पहिया वाहनों में स्कूल पहुंच रहे छात्र छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



निजी व सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिकांश पालक बाइक से स्कूल भेज रहे हैं, उनके से कई बच्चे तो नाबालिक हैं, और जो बालिक हैं वे भी अधिकांश बिना लायसेंस के वाहनों में स्कूल पहुंच रहे हैं, इस दिशा में अभिभावकों की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है साथ ही स्कूल प्रबंधन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कभी की कोई गंभीर हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

आए दिन वाहनों की दुर्घटनाएं बढ़ रही है, लेकिन यातायात , परिवहन विभाग की ओर से कोई भी जागरूकता अभियान नहीं चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस और 18 साल से कम उम्र के बाइक चलाने वाले छात्रों की संख्या में काभी वृद्धि देखी जा रही है। जिससे सडक़ दुर्घटनों में इजाफा हो रहा है। इसी को देखते हुए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस को विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित करने की आवश्यकता है जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। अकसर देखा जा रहा है कि आजकल ज्यादातर छात्र बाइक से स्कूल आते हैं। जैसे-जैसे यह संख्या बढ़ रही है वैसे-वैसे दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर विद्यार्थियों को इस अभियान के तहत यातायात नियमों के उल्लंघन करने से रोकने की समझाइश दी जा सकती है साथ ही अभिभावकों को परामर्श के साथ चेतावनी दी जाए, ताकि बिना ड्राइविंग लाइसेंस और 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को बाइक, स्कूटी से विद्यालय आने जाने से रोक सके। क्षेत्र में आए दिन लगातार वाहन दुर्घटनाएं बढ़ रही है, लेकिन किसी प्रकार का कोई जागरूकता अभियान नहीं चलाया जा रहा है। नियमानुसार बालिग होने से पहले बच्चों को स्कूल तक बाइक से भेजना एक जोखिम भरा काम है, लेकिन, इसके बाद भी अधिकांश अभिभावक लापरवाही बतर रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा भी ऐसे बच्चों की जांच नहीं की जा रही जिससे बिना लायसेंस के वाहन चलाने वाले छात्रों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। बच्चे पढ़ें और आगे बढ़ें इसलिए अभिभावक उनकी हर मांग पूरी करते हैं। अभिभावकों की बड़ी लापरवाही है यह कि यह जानते हुए कि बच्चा नाबालिग है, इसके बाद भी विद्यालय जाने के लिए बाइक और स्कूटी थमा दे रहे हैं। इससे हादसे की आशंका रहती है। स्कूटी से स्कूल जाने वालों में छात्राओं की संख्या अधिक है। बिना लायसेंस छात्राएं भी स्कूटी से सड़कों में फर्राटे भरते नजर आ रही हैं। जबकि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों बाइक और स्कूटी चलाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

## तीन तलाक मामले में अभियुक्त को जमानत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्य प्रदेश में सरकार के द्वारा तीन तलाक पर सख्त कार्यवाही करने के आदेश देने के बाद पहला मामला कटनी में दर्ज किया गया था जिस पर मुस्लिम विवाह अधिनियम 2019 के तहत तीन तलाक पर आमिर खान नामक युवक को तीन तलाक में आरोपी बनाया गया था।

जिले के कोतवाली थाने में मुस्लिम विवाह अधिनियम 2019 के तहत तीन तलाक का मामला दर्ज किया गया था जिस पर माननीय न्यायालय के समक्ष कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था अभियोग पत्र पर अधिवक्ता यश खरे एवं अधिवक्ता संजय चतुर्वेदी द्वारा लगभग आधे घंटे आर्गुमेंट करने के बाद माननीय न्यायालय के द्वारा तीन तलाक के मामले पर अभियुक्त आमिर खान को जमानत दी गई। मध्य प्रदेश पर हाइलाइट होने वाले तीन तलाक के मामले को लेकर न्यायालय ने काफी गंभीरता से इस पर विचार करते हुए अभियुक्त को जमानत पर रिहा करने के बाद कोर्ट पर ट्रायल के समय उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अभियुक्त आमिर सहित उसके माता-पिता पर दहेज प्रथा का भी और मारपीट करने का भी आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया था जिस पर तीनों अभियुक्त को न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत दे दी है

### वेटिंग टिकट पर कर रहे थे यात्रा, रेलवे ने कसी कमर

## मजिस्ट्रेट चैकिंग से यात्रियों में हड़कंप 60 यात्रियों से वसूले गए 35 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रेलवे मजिस्ट्रेट के निर्देशन में गुरूवार को अपने स्कॉट के साथ ट्रेन सहित प्लेटफार्म में सघन अभियान चलाया गया। ट्रेनों में बिना टिकट सफर करने वालों के खिलाफ गुरूवार को जबर्दस्त चेकिग अभियान चलाया गया। मजिस्ट्रेट चेकिग की भनक लगते ही बेटिकट यात्रियों में हड़कंप मच गया। पैसेंजर से लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों में भी अफरा-तफरी मची रही। कटनी मुख्य स्टेशन पर आधा दर्जन ट्रेनों में टिकट चेकिग की कार्रवाई के बाद कुल 60 यात्रियों पर कार्रवाही की गई।

वेटिंग और बिना टिकट लिए ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए गुरूवार का दिन उनके लिए नुकसान दायक रहा। मजिस्ट्रेट चैकिंग कार्रवाई से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आधा दर्जन से अधिक टिकट चैकिंग स्क्वॉड ने यात्रियों के यात्रा टिकटों की जांच की। कार्रवाई के दौरान रेलवे मजिस्ट्रेट एसके मिश्रा मौजूद रहे। बताया जाता है कि स्क्वॉड ने लोकमान्य तिलक टर्मिनल से राजेन्द्र नगर जाने वाली जनता एक्सप्रेस, उधना से बरौनी एक्सप्रेसे और पुणे से गोरखपुर एक्सप्रेस व अन्य यात्री ट्रेनों में सफर कर रहे मुसाफिरों की जांच की गई। इस दौरान वेटिंग टिकट पर स्लीपर श्रेणी की बोगी में यात्रा कर रहे करी 60 यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 35 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। इसके साथ बिना टिकट यात्रा करने वालों पर भी गाज गिरी, पकड़े गए करीब दस यात्रियों से तीन हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान टिकट चैकिंग स्क्वॉड ने प्लेटाफार्म के साथ साथ यात्री प्रतिक्षालय, जन आहार केन्द्र, फूड प्लाजा में भी जांच की। जांच के दौरान फूड प्लाजा से चार अवैध वेंडरों को भी पकड़ा गया। वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2920 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। कार्रवाई में जबलपुर मंडल सीटीआई संदीप श्रोती, सीटीआई केसी रजक, सीटीआई देवेन्द्र दुबे, टीम लीडर सीटीआई रुपसिंह मीणा, रितेश चौरसिया, राकेश शर्मा, फोजदार शुभम, पवन कुमार, रोहित, आरती, आकाश की भूमिका रही।

### दीक्षा दिवस के अवसर पर हुआ खीर का वितरण




श्री विद्यासागर महाराज के 57वें दीक्षा दिवस के अवसर पर जैन मिलन एवं महिला जैन मिलन द्वारा मेन रोड़ स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग .जैन पंचायती मंदिर के पास खीर वितरण किया गया। गुरूभक्त मण्डल द्वारा जैन बोर्डिंग हाउस के पास श्रद्धालुओं को खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अंकुर जैन अध्यक्ष, संचित जैन, मनीष जैन, राहुल जैन, राजेश जैन, महिला अध्यक्ष स्वाती जैन, रंजना जैन,स्वाती,दीपांशि,आस्था,निशा,रोशनी,दिपाली,खूशबू, नीलू, राखी, प्रिया, कोषाध्यक्ष निशा जैन, प्रिया जैन के साथ अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## विद्यासागर महाराज का 57वां दीक्षा दिवस पर किए गए धार्मिक आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

परम पूज्य आचार्य श्री 108 संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 57 वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आर्यिका माँ 108 105 भावनामती माता जी एवं आर्यिका संघ के परम सानिध्य में श्री 1008 पार्श्वरनाथ दिग.जैन पंचायती बड़े मंदिर जी में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का 57 वें दीक्षा दिवस के अवसर पर श्रीजी का महामस्तकाभिषेक किया गया। इस अवसर पर विनय जैन, वीनित जैन, प्रवीण जैन,मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर के सभी जैन मंदिरों के श्रावक श्राविकाओं द्वारा द्रव्य सजाकर लाई गई सभी ने संगीतमय वातावरण में आचार्य श्री जी का पूजन किया कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विजय कुमार विश्व एवं प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। मंगलाचरण -मंजू दीदी, शिबी दीदी द्वारा पढ़ा गया। इस अवसर पर आर्यिका श्री चर्चा करते हुये कहा कि आचार्य श्रीजी का दीक्षा दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब आप उनके रचित ग्रंथों का पठन-पाठन कर अपनी आत्मा विशुद्ध बढ़ाकर अपना जीवन संस्कारित करेगें।

### आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य बीमा योजना पेंशन योजना की मांग

## अधिवक्ताओं की मांगों के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री से मिला परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विगत दिवस मध्यप्रदेश स्टेट बार कॉउंसिल के वाइस चेयरमैन व कटनी मंडला प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता आर के सिंह सैनी के आगमन पर जिला शिकायत निवारण समिति की सदस्य एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज, एडवोकेट आर के यादव, एडवोकेट संजय चतुर्वेदी, नव अधिवक्ता अक्षय बजाज व उनकी टीम के द्वारा अधिवक्ताओ के हित के लिए जैसे की अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, अधिवक्ताओ के मृत के उपरांत 25 लाख, अधिवक्ताओ का आयुष्मान कार्ड, स्वस्थ बीमा योजना, पेंशन योजना व किसी भी अधिवक्ता के उपर पुलिस प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करने से पहले राज्य अधिवक्ता परिषद व जिला अधिवक्ता संघ से लिखित रूप से सहमति लेने की माँग रखी। साथ ही जिला शिकायत निवारण समिति की सदस्य एडवोकेट अंजुला बजाज विगत कई बार से अधिवक्ता चैंबर्स की भी मांग करी गयी थी। इसी प्रक्रिया मे मध्यप्रदेश की लाखों अधिवक्ताओ की समस्या को लेकर के मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष राधे लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष आर के सिंह सैनी के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल विगत दिवस मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट की साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओ की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। उपाध्यक्ष आर के सिंह सैनी ने स्टेट बार के नवीन भवन के 20 जुलाई को निर्धारित शिलान्यास समारोह मे शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आमंत्रण को स्वीकार करते ही कहा की मै स्वय एक अधिवक्ता भी हू मैं अधिवक्ताओ के दुःख व दर्द को समझता हू मैंने बहुत नजदीक से देखा है, आप के द्वारा दी गयी माँगो की जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करूँगा, साथ ही अधिवक्ता कल्याण संबंधित स्टेट बार का कोई भी प्रकल्प बाधित न होने पाए हम इस दिशा मे ठोष कदम उठाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व चेयरमैन व सदस्य सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दो गांजा तस्करों को पुलिस ने दबोचा, 67 किलोग्राम बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधव नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 6.7 किलोग्राम गांजा जब्त करते हुए दो संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया। माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह और उनकी टीम ने सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान किशन निषाद पिता इंदभान निषाद, उम्र 25 वर्ष और राजकुमार कुशवाहा पिता मोतीलाल कुशवाहा, उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है, जो इन्द्रानगर, थाना कुठला के निवासी हैं। बताया जाता है कि गश्त के दौरान पुलिस टीम ने विकास किराना दुकान के सामने एक सुनसान स्थान पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को छिपे हुए पाया। पूछताछ के दौरान, दोनों ने जबलपुर से आने की बात कही। टीम ने एक राहगीर की मौजूदगी में उनकी प्लास्टिक की बोरियों की तलाशी ली गई। दोनों संदिग्धों ने बताया कि यह गांजा है, जिसे वे जबलपुर से लाए थे। गांजा की की गई। कुल 6 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1,37,000 रुपये है।

## रेत के अवैध परिवहन पर जब्त हुआ वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश के बाद खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन में लिप्त दो वाहनों पर अनावेदक से 64 हजार 333 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया गया है। खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा नियमित निगरानी और कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों से निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि भी जमा कराई जा रही है।

खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विगत 16 जून 2024 को बरही रोड में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ट्रैक्टर ट्राली वाहन क्रमांक एम.पी. 21 एबी 1208 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, सोनू चौधरी पिता राजेश चौधरी वाहन मालिक मवासी प्रसाद चौधरी निवासी उबरा तहसील विजयराघवगढ़ द्वारा 3.00 धनमीटर ओव्हर लोड रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जप्त किया जाकर 31 हजार 625 रूपये प्रशमन शुल्क अधिरोपित किया जाकर अनावेदक को प्रशमन शुल्क की राशि जमा करनें हेतु सूचना पत्र प्रेषित किया गया।

प्रेषित सूचना पत्र के जवाब मे अनावेदक द्वारा उपस्थित होकर जवाब दिया गया कि वे प्रशमन शुल्क की जमा करनें के उपरांत जब्त वाहन को मुक्त करनें का अनुरोध किया गया। अनावेदक पर अधिरोपित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये चालान के माध्यम से जमा कर दिये जाने के पश्चात विधि संगत कार्यवाही करनें हेतु प्रकरण कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष वाहन मुक्त करनें की कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के नियम 19 के तहत अनावेदक, परिवहनकर्ता द्वारा निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि चालान के माध्यम से जमा करने के पश्चात जब्तशुदा वाहन को मय खनिज यदि किसी अन्य प्रकरण में वाहन की आवश्यकता न होने पर विधिवत वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई है।

## चार पहिया वाहन चालक ने मारी ठोकर, पत्नि की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के जंगल पुरैनी गांव के पास मोटर साइकिल सवार पति पत्नी को चार पहिया वाहन ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय जनो के सहयोग से घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र केरजरवारा गांव निवासी पार्वती पति प्रमोद बर्मन 30 को गंभीर रूप से घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया महिला सड़क हादसे में घायल हुई थी। पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## खबर संक्षेप



### राज्यमंत्री बागरी ने एमपी हाउसिंग बोर्ड की सभी योजनाओं का लिया ब्यौरा

**भोपाल।** राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने बुधवार को एमपी हाउसिंग बोर्ड की समीक्षा बैठक ली। पर्यावास भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने विभाग की पूरी कार्यप्रणाली के साथ सभी योजनाओं की जानकारी ली। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर चंद्रमौलि शुक्ला ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विभाग और सभी प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर ने मण्डल की अधोसंरचना, मण्डल की रिक्त, अविक्रित संपत्तियों की जानकारी, मण्डल की अतिक्रमण की गई संपत्तियों की जानकारी, मण्डल की ओर से अधिग्रहण की गई संपत्तियों की जानकारी, मण्डल के निर्मित आवासीय भवनों, व्यवसायिक सम्पत्तियों, लीज रेन्ट की जानकारी, वृत्त रीवा के तहत वर्तमान में चल रहे मण्डल के विकास कार्य संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में हाउसिंग बोर्ड की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तृप्ति श्रीवास्तव, मुख्य संपदा अधिकारी डीएस तोमर, एडिशनल हाउसिंग कमिश्नर शैलेंद्र वर्मा, सुमन सिंह व एनडी अहिरवार सहित मंडल के प्रमुख अधिकारीगण शामिल हुए।

### उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे: काश्यप

**भोपाल।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने सभी अधिकारियों से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रियता से कार्य करने को कहा है, ताकि राज्य में उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्यमियों को हर संभव समर्थन करेगी, राज्य में स्टार्टअप्स के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एमएसएमई मंत्री काश्यप ने बुधवार को मंत्रालय में विभागीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने हाल ही में पंजीकृत स्टार्टअप्स की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमएसएमई वेबसाइट पोर्टल में सुधार किया जाए, ताकि उद्यमियों को बेहतर और सरल सेवाएं मिल सकें। बैठक में वित्तीय सहायता पर भी चर्चा हुई। लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द राज्य स्तरीय वित्तीय सहायता समिति की बैठक में क्लियर करने के निर्देश दिए। मंत्री काश्यप ने इनक्यूबेटर्स की कार्य प्रणाली की भी समीक्षा की।

### भाजपा नेता प्रबल प्रताप सड़क हादसे में घायल, अस्पताल में इलाज जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता प्रबल प्रताप सिंह सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। उनकी कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी है। इस घटना में वे घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां वो उपचाररत हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रबल प्रताप सिंह बिलासपुर से रायपुर जा रहे थे। इसी बीच सरगांव क्षेत्र के पास अचानक से ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में सवार छत्तीसगढ़ बीजेपी के मंत्री रहे दिवंगत नेता दिलीप सिंह जूदेव के बेटे प्रबल प्रताप सिंह घायल हो गए।

### यात्री बस और डीजल से भरे टैंकर के बीच जोरदार टक्कर, कई घायल



**गरियाबंद।** छग के गरियाबंद जिले में यात्री बस और डीजल से भरे टैंकर में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ड्राइवर समेत कई लोग घायल हैं। टक्कर के बाद टैंकर से धुआं उठना शुरू हो गया। लेकिन पुलिस ने सूझबूझ से आग बुझा कर बड़ा हादसा टाल दिया। इंदागांव और कोयबा के बीच यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद वाहनों के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। ड्राइवर समेत 7 घायल हुए हैं।

# अतिक्रमण और शिकारी घटनाओं को रोकने अब रेंजर से लेकर डीएफओ तक करेंगे पैदल गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के जंगल में अतिक्रमण, शिकारी घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी को देखते हुए वन मुख्यालय ने सभी डीएफओ और वाइल्ड लाइफ के अफसरों को परिपत्र जारी कर ताकीद किया है कि अब वनकर्मियों के साथ रेंजर और डीएफओ भी जंगल में पैदल गश्त करें।

मुख्यालय ने परिपत्र में कहा कि जंगल में हो रहे अपराधों से निपटने के लिए अधिकारी एक प्लान तैयार कर काम करें। सबसे पहले तो संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करने का काम करें, जहां अवैध शिकार और वन संपदा का अनाधिकृत तौर पर दोहन हो रहा है। इस तरह के जंगली क्षेत्रों में उड़नदस्ता से भी मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही जंगल में अतिक्रमण हटाए जाने की वनकर्मियों द्वारा वीडियोग्राफी भी कराई जाए।

## वन मुख्यालय का पत्र, अतिक्रमण हटाने जाएं तो कराएं वीडियोग्राफी




### अतिक्रमण से संबंधित न्यायालीन प्रकरणों की समीक्षा

अतिक्रमणकारी जंगल में पक्षियों के घोंसले और उसमें रखे अंडे नष्ट कर देते हैं, इस तरह पाए जाने पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत भी प्रकरण दर्ज किया जाए। डीएफओ नियमित रूप से अतिक्रमण से संबंधित न्यायालीन प्रकरणों की समीक्षा करें। एनुअल परफारमेंस एप्रेजल रिपोर्ट में हर साल जानकारी दे कि वन अमले द्वारा जंगल से कितना अतिक्रमण हटाकर वन भूमि को मुक्त कराया गया।

### झूठे आरोपों से बचने महिला गार्ड को करें शामिल

मुख्यालय ने वन अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे अपनी टीम में महिला फॉरेस्ट गार्ड को अनिवार्य रूप से शामिल करें। देखा जा रहा है कि अक्सरअतिक्रमण हटाने के लिए जब किसी क्षेत्र में वन अमला जाता है कि अतिक्रमणकारी जानबूझ कर महिलाओं को आगे कर व्यवधान डालने का प्रयास करते हैं। इतना ही नहीं, झूठे आरोप लगाकर पुलिस में भी शिकायत कर वन अमले को तरह तरह से परेशान होना पड़ रहा है। इस तरह की समस्याओं से निपटने के लिए महिला फॉरेस्ट गार्ड को साथ लेकर जाएं।

### अतिक्रमण हटाने से पहले एसपी को अवगत कराएं

इतना ही नहीं, वन मुख्यालय की संरक्षण शाखा के पीसीसीएफ दिलीप कुमार ने निर्देश देते हुए यह भी कहा कि जंगल में अतिक्रमण हटाने के दौरान वन अमले पर हमले की घटनाएं न हो, इसलिए विशेष सतर्कता बरते। वन विभाग के अफसर पर्याप्त बल के साथ ही ऐसे क्षेत्रों में जाए। साथ ही एसपी और जिला प्रशासन के अफसरों कभी अतिक्रमण हटाने से पहले जानकारी दे। सुरक्षा उपकरणों के साथ ही वनकर्मी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करे।

## 40 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में फसलों की होगी सिंचाई

# कैबिनेट में 9271 करोड़ की 7 परियोजनाओं को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने करीब 9271 करोड़ की 7 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के शुरू होने से 40 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में फसलों की सिंचाई हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साढ़े पांच करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मंत्रियों से योजना बनाकर काम करने को कहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसमें कोताही नहीं करना है।

कैबिनेट ने नर्मदा घाटी विकास विभाग की 9,271 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत की 7 परियोजनाओं के निविदा आमंत्रण की अनुमति प्रदान की है। इसमें सोण्डवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, निवाली उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, सेंधवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, महेश्वर जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बड़ादेव संयुक्त माइक्रो सिंचाई परियोजना एवं मां रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए निविदा आमंत्रण की अनुमति प्रदान की गई है। कैबिनेट में एनवीडीए समेत कुछ अन्य विभागों में शासकीय सेवकों, सेवानिवृत हो चुके शासकीय सेवकों के भ्रष्टाचार के मामलों में पेंशन आदि रोकने के निर्णय को मंजूरी दी गई।

### बोकारो माइक्रो इरीगेशन की प्रशासकीय स्वीकृति



कैबिनेट ने बोकरो माइक्रो सिंचाई परियोजना लागत राशि 46 करोड़ रुपए, सैंच्य क्षेत्र 3310 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना से तहसील रामपुरा नैकिन के 11 ग्रामों के कृषकों को सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। इसी तरह इंदौर में केन्द्रीय जेल के शेष रहे कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसके तहत इंदौर में सांवेर रोड पर निर्माणाधीन केन्द्रीय जेल के शेष रहे निर्माण कार्यों के लिए 217 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से केंद्रीय जेल के कार्य को पूरा किया जाएगा।

### औद्योगिक इकाई संचालकों को अपने कार्यों के विस्तार के लिए किया जाए प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 20 जुलाई को जबलपुर में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हो रहा है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए सभी जिलों में सहयोग व मार्गदर्शन कार्यक्रम संचालित किए जाएं। प्रदेश के स्थानीय औद्योगिक इकाई संचालकों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें अपनी गतिविधियों का विस्तार करने एवं निवेश को बढ़ाने के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हुए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों से अनौपचारिक बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों के साथ विभिन्न गतिविधियों में समन्वय और सहयोग बढ़ाया जाएगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश और राजस्थान के धार्मिक स्थलों में बेहतर नेटवर्क विकसित करने में रुचि दिखाई है। दोनों राज्यों के बीच 'नदी जोड़ों अभियान' पर भी गतिविधियां चल रही हैं।

### जिला स्तर पर लक्ष्य तय कर किया जाए पौधरोपण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पौधरोपण अभियान के अंतर्गत साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने इंदौर एवं भोपाल में जारी पौधरोपण की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी जिले पौधरोपण का लक्ष्य तय करें एवं सभी विभागों में समन्वय करते हुए इसे अंजाम दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान में लगाए गए पौधों के रख-रखाव के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जाए।

## प्रधानमंत्री को रूस का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार मिलना गौरव की बात

# मध्यप्रदेश में बढ़ रहा रोजगार... कांग्रेस शासित राज्यों में घट गईं नौकरियां: शर्मा




विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि आज यह देश के लिए गर्व और गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह देश की 140 करोड़ जनता का सम्मान है। शर्मा बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि मप्र में रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस शासित राज्यों में नौकरियां घट रही हैं।

### पीएम मोदी को 15 से ज्यादा देशों का सर्वोच्च सम्मान मिला

वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसे इकलौते प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें 15 से अधिक देशों में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है, इनमें मुस्लिम देश भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का मान-सम्मान लगातार बढ़ रहा है। एक समय था, जब दुनिया भारत को नजरअंदाज करती थी, आज प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली को देखकर उन्हें सम्मानित कर रही हैं। दुनिया मानती है कि वर्षों बाद एक ऐसा नेता मिला है जो भारत ही नहीं पूरी दुनिया को राह दिखा रहा है और भारत सनातन धर्म का मूल संस्कार और विचारधारा वसुधैव कुटुम्बकम् को निभाकर दुनिया का कल्याण करने में लगा है।

### मप्र में 7 साल में 6 लाख नौकरियां बढ़ीं, रोजगार में 12.2% की वृद्धि

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा प्रदेश में रोजगार को लेकर सवाल खड़ा करती है, लेकिन उसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की रिपोर्ट का अध्ययन करना चाहिए, जिसमें मध्यप्रदेश में सात सालों में 6 लाख नौकरियों के बढ़ने की बात कही गई है और रोजगार में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में मध्यप्रदेश में रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं व स्टार्टअप को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर खुले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों पर नजर डालें तो मौजूदा वित्तीय वर्ष में देश में 6 प्रतिशत रोजगार बढ़ा है। एक तरफ जहां भाजपा शासित राज्यों मध्यप्रदेश, गुजरात एवं राजस्थान में रोजगार के अवसर खुले हैं। वहीं कांग्रेस व विपक्षी दलों की जहां सरकारें हैं, वहां रोजगार कम हुआ है।

### पश्चिम बंगाल में 30 प्रतिशत रोजगार घटा

शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में रोजगार 30 प्रतिशत घटा है। कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक में 13 प्रतिशत एवं विपक्षी गठबंधन की सरकार वाले राज्य तमिलनाडु में 12 प्रतिशत से अधिक रोजगार घटा है। भाजपा शासित राज्यो में लगातार रोजगार में हो रही वृद्धि यह दर्शाती है कि भाजपा सरकारों की कथनी और करनी में अंतर नहीं है और प्रधानमंत्री के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास पर काम कर रही है।



### गृह मंत्री शाह से मप्र सह प्रभारी उपाध्याय ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-प्रभारी सतीश उपाध्याय ने केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से दिल्ली में सौजन्य भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान संगठन को गति देने के विषयों पर चर्चा हुई।

## छिंदवाड़ा की जल योद्धा अनीता चौधरी राष्ट्रपति के हाथों स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से सम्मानित

# मप्र के 63.54% घरों में पहुंचा नल से जल, बहनों का जीवन हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र 71 लाख पांच हजार घरों में नल से जल उपलब्ध कराकर देश के अव्वल राज्यों में शामिल हो गया है। यह लक्षित घरों का 63.54 प्रतिशत है। घरों में नल लगने से गांवों की बहनों का जीवन आसान हो गया है।

कई बहनें जल सखी बनकर ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के सदस्य के रूप में काम कर रही है। छिंदवाड़ा के गढ़मऊ गांव की जल योद्धा श्रीमती अनीता चौधरी को नल-जल योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन एवं संधारण के लिए विज्ञान भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से पुरस्कृत किया।

अनीता चौधरी ने सामुदायिक योगदान के लिए अपने गांव के लोगों को प्रेरित कर गांव की जलापूर्ति योजना के लिए गांव के सभी परिवारों से सामुदायिक अंशदान की राशि रुपए 2,88,135 इकट्ठा किए। अब शअनिता चौधरी को गांव में जल योद्धा के नाम से जानते हैं।

### अब नहीं होती पानी की समस्या

निवाड़ी जिले के टीला ग्राम पंचायत के टीला गांव की छात्रा मोनिका गौतम कहती हैं कि नल-जल योजना से पहले पानी की ज्यादा समस्या होती थी। हमारे घर से एक किमी दूर लगे हैंडपम्प से पानी भरने जाना पड़ता था। कई बार समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाती थी। जब से गांव में नल से जल मिलने लगा है, तब से घर पर ही पानी मिल रहा है। समय पर स्कूल भी जा पा रही हूं। अब पढ़ाई के साथ-साथ घर के कामों में मम्मी की मदद भी करती हूं।

### पानी की व्यवस्था को लेकर समस्याएं थी

मुरैना जिले के गांव घडोर की रहने वाली त्रिवेणी जाटव कहती हैं कि पहले जब हमारे गांव में नल-जल योजना नहीं थी, तब गांव में पानी की व्यवस्था को लेकर बहुत समस्याएं थी। गर्मी के मौसम में पेयजल की स्थिति बहुत ही गंभीर हो जाती थी। गांव में जल स्रोत भी सीमित हैं। गर्मी के मौसम में जल स्तर नीचे चले जाने से जल संकट पैदा हो जाता था।

### श्रीमती थापक के निधन पर मुख्यमंत्री ने किया दुख व्यक्त जनसंपर्क विभाग ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनसम्पर्क संचालनालय, भोपाल में पदस्थ सहायक संचालक श्रीमती पूजा थापक के असामयिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजन को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। उधर, जनसंपर्क विभाग में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ रही श्रीमती थापक के आकस्मिक निधन पर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी। सभी ने विभाग की होनहार अधिकारी के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया। श्रीमती थापक जनसंपर्क संचालनालय में सौंपे गए दायित्वों को बखूवी निर्वहन कर रही थीं। उनके आकस्मिक निधन पर विभाग में शोक की लहर व्याप्त है। श्रीमती थापक भोपाल के पहले छतरपुर और इंदौर जिले में भी पदस्थ रही थीं।

## सरकंडा थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू

# अश्लील फोटो का डर दिखाकर नाबालिग ने अपने अन्य साथियों के साथ 13 वर्षीय बच्ची से किया रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग दोस्त ने उसकी अश्लील फोटो होने की बात कहकर उसे मिलने बुलाया, फिर अपने दोस्त के साथ मिलकर नशीली दवा खिलाकर दुष्कर्म किया।

घटना सरकंडा थाना क्षेत्र में बुधवार रात की है। पीड़िता की मां ने सरकंडा पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की दोस्ती विवेकानंद रेसीडेंसी के रहने वाले एक नाबालिग से थी। उसने देर रात उसकी बेटी के मोबाइल पर मैसेज कर उसकी अश्लील फोटो होने की बात कही। उसे कॉलोनी स्थित मंदिर के पास मिलने के लिए बुलाया।




### डरा-धमकाकर पीड़िता को मिलने बुलाया

जानकारी के मुताबिक आरोपी भी नाबालिग है और उसने पीड़िता को ब्लैकमेल करते हुए रात करीब 2 बजे मिलने के लिए बुलाया। वहां पहले से ही नाबालिग अपने एक दोस्त के साथ खड़ा था। दोनों ने मिलकर उसे नशीली दवा खिला दी। जब उसे चक्कर आने लगे तो दोनों ने गैंगरेप किया।

### पीड़िता की मां को देखकर भागे

जब पीड़िता की मां ने बच्ची को घर से नदारद पाया तो उसकी तलाश करते हुए मंदिर के पास पहुंची। उसे देखते ही नाबालिग और उसका साथी मौके से भाग निकले। पुलिस ने शिकायत के बाद नाबालिग समेत 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### दो बाइक आमने-सामने से टकराईं एक मृत, दो गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जगदलपुर में एक सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के आगे स्थित अतरंगी ढाबा के सामने गुरुवार को दो बाइक आमने-सामने से टकरा गईं। भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, बड़े मोरठपाल निवासी मोहन बघेल (36) बाइक पर सवार होकर निजी काम से केशलूर की ओर जा रहे थे, तभी अचानक सामने से आ रही एक अन्य बाइक जिस पर नारायण व सुदरू सवार थे।

## खबर संक्षेप

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 2,995 करोड़ के ठेके

**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल को उसके संयुक्त उद्यमों तथा अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,995 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। एक बयान में कंपनी ने कहा कि नए ठेके पारेषण व वितरण (टीएंडडी), भवन व कारखाने (बीएंडएफ) और जल व्यवसाय श्रेणियों में मिले हैं।

### वेदांता डिबेंचर से 1,000 करोड़ रुपए जुटाएगी



**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड की योजना डिबेंचर जारी कर 1,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की है। वेदांता लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी के निदेशकों ने निजी नियोजन के आधार पर 1,000 करोड़ रुपये मूल्य के 1,00,000 गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के आवंटन को मंजूरी दे दी है।

### सेबी एचबीएन डेयरीज की संपत्तियां करेगा नीलाम



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एचबीएन डेयरीज एंड अलाइड लिमिटेड की आठ संपत्तियों की नीलामी अगले महीने 67.70 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर करेगा। यह कदम एचबीएन डेयरीज द्वारा अवैध सामूहिक निवेश योजनाओं के जरिये जुटाई गई धनराशि को वसूलने के सेबी के प्रयास का एक हिस्सा है।

### मुंबई में महंगे घरों की बिक्री आठ फीसदी बढ़ी



**मुंबई।** मुंबई में 10 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की मांग चालू साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) में आठ प्रतिशत बढ़कर करीब 12,300 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक दाम वाले लक्जरी घरों की मांग जनवरी-जून, 2024 में मजबूत बनी रही।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने शेल से मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने देश भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए शेल इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। साझेदारी के तहत, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के ग्राहक वाहन चार्जिंग के लिए देश भर में शेल के व्यापक ईंधन स्टेशन का इस्तेमाल कर सकेंगे।

### लुई ड्रेफस ने बाजार में खाद्य तेल ब्रांड 'विभोर' उतारा



**नई दिल्ली।** वैश्विक कृषि कारोबार से जुड़ी लुइस ड्रेफस कंपनी ने उत्तर भारत के बिजनेस-टू-कंज्यूमर खंड में अपने खाद्य तेल ब्रांड 'विभोर' को फिर पेश करने की घोषणा की। इसके साथ कंपनी का लक्ष्य भारत के बढ़ते खाद्य तेल बाजार का लाभ उठाना है। भारत में लुइस ड्रेफस कंपनी (एलडीसी) के सीईओ सुमीत मित्तल ने कहा कि नए उत्पादों में सोयाबीन, पामोलिन, बिनौला और सरसों के तेल के साथ-साथ प्रीमियम वनस्पति शामिल है, जो सभी विटामिन ए और डी से भरपूर समृद्ध किये गये हैं।

# दुनियाभर में बढ़ेंगे करोड़पति, यूनाइटेड किंगडम व नीदरलैंड्स में बहेगी उल्टी गंगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूरी दुनिया में करोड़पतियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। विकसित देशों के साथ ही विकासशील देशों में भी अमीरों की संख्या में इजाफा हुआ है। भारत भी इस मामले में तेजी से आगे भाग रहा है।

- विकसित देशों के साथ विकासशील देशों में बढ़ रहे अमीर

अब यूबीएस की नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2028 तक 52 देशों में करोड़पतियों की संख्या बढ़ती रहेगी। हालांकि, यूनाइटेड किंगडम लैंड्स में यह ट्रेंड बिलकुल उलटा दिखाई दे रहा है। यहां करोड़पतियों की संख्या घटती दिखाई दे रही है।

## फाइनेंशियल फर्म यूबीएस ने जारी की सर्वे रिपोर्ट

### सबसे ज्यादा करोड़पति अमेरिका में, चीन दूसरे नंबर पर

रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा करोड़पति इस समय अमेरिका में हैं। वहां लगभग 2.2 करोड़ लोग करोड़पति हैं। अगले 5 साल में यह आंकड़ा लगभग 16 फीसदी की दर से आगे बढ़ सकता है। दूसरे नंबर पर चीन मौजूद है। हालांकि, वहां करोड़पतियों की संख्या अमेरिका से काफी कम है। चीन में इस समय लगभग 60 लाख लोग करोड़पति हैं। चीन में अमीरों की संख्या साल 2028 तक 8 फीसदी की दर से आगे बढ़ सकती है।




### यूके और नीदरलैंड्स में कम हो जाएंगे करोड़पति

यूबीएस ने कहा है कि यूनाइटेड किंगडम और नीदरलैंड्स में करोड़पतियों की संख्या कम होने जा रही है। फर्म का अनुमान है कि नीदरलैंड्स में अमीरों की संख्या 12 लाख से घटकर लगभग 11 लाख रह जाएगी. उधर, सबसे ज्यादा अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर मौजूद यूनाइटेड किंगडम में करोड़पतियों की संख्या में 17 फीसदी की बड़ी गिरावट आ सकती है। वहां फिलहाल 30 लाख से भी ज्यादा करोड़पति हैं, जो कि 2028 तक घटकर लगभग 25 लाख रह जाएंगे। यूके इस लिस्ट में जापान, फ्रांस और जर्मनी से भी पीछे जा सकता है।

*52 देशों में बढ़ेगी दौलतमंदों की संख्या :* फाइनेंशियल फर्म यूबीएस के मुताबिक, सर्वे में शामिल रहे 56 देशों में से 52 में दौलतमंदों की संख्या बढ़ती दिखाई दे रही है। इस लिस्ट में सबसे आगे ताइवान रहा है। करोड़पतियों की संख्या 5 साल में लगभग 47 फीसदी बढ़ सकती है। इसके अलावा तुर्की में लगभग 43 फीसदी और कजाकिस्तान में अमीरों की संख्या 37 फीसदी बढ़ सकती है। यूबीएस ने इस लिस्ट में उन लोगों को शामिल किया है, जिनकी दौलत कम से कम 10 लाख डॉलर हो जाएगी।

*युद्ध के बावजूद रूस में बढ़ रहे करोड़पति*

*यूबीएस के चीफ इकोनॉमिस्ट पॉल डोनोवन ने बताया कि यूक्रेन के साथ युद्ध के बावजूद रूस में करोड़पतियों की संख्या लगभग 21 फीसदी बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड किंगडम में फिलहाल उनकी इकोनॉमी की स्थिति की तुलना में कहीं ज्यादा करोड़पति हैं।*

## नई कर व्यवस्था में भी लाभ देने का दिया सुझाव

# बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा के लिए बजट में और कर छूट मिलने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विशेषज्ञों ने बजट से पहले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर छूट सीमा बढ़ाने तथा नई कर व्यवस्था में भी इसका लाभ देने का सुझाव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को 2024-25 का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख नीतिगत दस्तावेज होगा।

बीमा कंपनी फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनूप राऊ ने कहा कि देशभर में स्वास्थ्य देखभाल की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कटौती की सीमा पिछले नौ साल से अपरिवर्तित बनी हुई है।

### स्वास्थ्य बीमा का लाभ बढ़ाने की जरूरत

राऊ ने कहा, 'यह सबसे अच्छा होगा यदि चिकित्सा बीमा की सीमा मुद्रास्फीति से जुड़ी हो और प्रत्येक एक-दो साल में खुद-ब-खुद इसमें संशोधन हो। साथ ही, नई कर व्यवस्था में भी स्वास्थ्य बीमा का लाभ बढ़ाने की आवश्यकता है क्योंकि इसकी पहुंच बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इसीलिए, हमें उम्मीद है कि आगामी बजट में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर छूट सीमा में कुछ बढ़ोतरी की घोषणा की जाएगी।'

### भारत में शुल्क सबसे ज्यादा

मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एम-ताई) के अध्यक्ष पवन चौधरी ने कहा कि भारत में चिकित्सा उपकरणों पर लगाए गए सीमा शुल्क और कर दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह सीधे मरीजों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा, दूसरी ओर, सिंगापुर, हांगकांग, इटली और नॉर्वे जैसे देश इस तरह का कोई शुल्क नहीं लगाते हैं।



### आस्ट्रेलिया व जापान में न्यूनतम शुल्क

ऑस्ट्रेलिया और जापान केवल न्यूनतम 0.5 प्रतिशत शुल्क लगाते हैं, जबकि अमेरिका में यह दो प्रतिशत और चीन में तीन प्रतिशत है। उन्होंने कहा, 'ऐसे में भारत में चिकित्सा उपकरणों के अवैध आयात का जोखिम है। इस तरह के व्यापार से देश के राजस्व में कमी आएगी।'

### 70 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए हो विस्तारित

*नेगी ने कहा, आयुष्मान भारत को 70 वर्ष से अधिक आयु वालों तक विस्तारित करना वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यधिक फायदेमंद होगा। साथ ही इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पांच लाख रुपये की वर्तमान सीमा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए पर्याप्त नहीं है। इस बीमारी के उपचार की लागत 15-20 लाख रुपये तक हो सकती है।*

- आयकर अधिनियम की धारा 80 डी के तहत कटौती
- बीमा प्रीमियम पर कटौती की सीमा पिछले नौ साल से अपरिवर्तित
- चिकित्सा बीमा की सीमा मुद्रास्फीति से जुड़ी हो

### कर्मचारियों को कम दरों पर हो पेशकश


बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी तपन सिंघल ने कहा कि कर्मचारियों को कम दरों पर स्वास्थ्य बीमा की पेशकश, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में कमी और 80डी के तहत छूट सीमा में वृद्धि जैसे कर लाभ जैसे सुधार स्वास्थ्य बीमा को अधिक किफायती और सुलभ बनाएंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रीमियम कटौती सीमा हटे

सिंघल ने कहा, 'इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए कटौती की सीमा हटाने से उनका वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा।' राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डीएस नेगी ने कहा कि देश में कैंसर देखभाल में सुधार पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है...यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सभी मरीजों इन अत्याधुनिक उपचारों तक पहुंच हो।

# नीतिगत दर में अभी बदलाव का कोई मतलब नहीं : दास

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- महंगाई के चलते इस पर अभी कोई विचार नहीं
- चार प्रतिशत का लक्ष्य अंतिम पड़ाव है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुद्रास्फीति की मौजूदा दर और उसे चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य के बीच अंतर को देखते हुए नीतिगत दर पर रुख में बदलाव के सवाल का अभी कोई मतलब नहीं है।

दास ने समाचार चैनल सीएनबीसी-टीवी18 से विशेष बातचीत में कहा, 'मुद्रास्फीति की मौजूदा दर और इसे चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य के बीच अंतर को देखते हुए नीतिगत दर के मामले में रुख में बदलाव के सवाल का फिलहाल कोई मतलब नहीं है।...जब हम टिकाऊ आधार पर खुदरा महंगाई चार प्रतिशत पर लाने की दिशा में बढ़ेंगे तभी हमें रुख में बदलाव के बारे में सोचने का भरोसा मिलेगा। गवर्नर ने कहा कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने का काम उम्मीद के मुताबिक आगे बढ़ रहा है, लेकिन चार प्रतिशत का लक्ष्य अंतिम पड़ाव है, जो आसान नहीं है। आरबीआई ने जून में पेश द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में खुदरा मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है।

### आर्थिक वृद्धि की गति अभी मजबूत

दास ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के संबंध में कहा कि वृद्धि को गति देने वाले कई तत्व अपनी भूमिका निभा रहे हैं। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि की गति बहुत मजबूत थी और यह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी मजबूत बनी हुई है।

# भारत का वनस्पति तेल आयात 18 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- जून में बढ़कर 15 .5 लाख टन के पार
- कच्चे पाम व सूरजमुखी तेल का अधिक आयात

कच्चे पाम तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल के अधिक आयात के कारण खाद्य और अखाद्य तेलों सहित वनस्पति तेलों का आयात जून में 18 प्रतिशत बढ़कर 15.5 लाख टन पर पहुंच गया।

व्यापार जगत के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों से पता चलता है कि जून, 2024 के दौरान वनस्पति तेलों का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 13,14,476 टन की तुलना में 15,50,659 टन रहा। खाद्य तेलों का आयात जून में बढ़कर 15,27,481 टन हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 13,11,576 टन था। आयात 2,300 टन से बढ़कर 23,178 टन हो गया। अक्टूबर में समाप्त होने वाले तेल वर्ष 2023-24 के पहले आठ महीनों के दौरान वनस्पति तेलों का आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1,04,83,120 टन की तुलना में दो प्रतिशत घटकर 1,02,29,106 टन रह गया। एसईए के आंकड़ों से पता चला है कि तेल वर्ष 2023-24 की नवंबर 2023-जून 2024 अवधि के दौरान रिफाइंड तेल का आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि के 14,03,581 टन से दो प्रतिशत घटकर 13,81,818 टन रह गया।

### पाम का आयात मलेशिया व इंडोनेशिया से

रिफाइंड तेलों (आरबीडी पामोलिन) और कच्चे तेलों की हिस्सेदारी समान रही। नवंबर, 2023 और जून, 2024 की अवधि के दौरान पाम तेल का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 60,31,529 टन से घटकर 57,63,367 टन रह गया। भारत... मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम ऑयल और ब्राजील और अर्जेंटीना से सोयाबीन ऑयल का आयात करता है।

## टाटा मोटर्स, महिंद्रा ने घटाए एसयूवी के दाम



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की कीमतों में कटौती की है। एसयूवी की बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया है। टाटा मोटर्स ने अपनी प्रमुख एसयूवी हैरियर (14.99 लाख रुपये) और सफारी (15.49 लाख रुपये) की शुरुआती कीमतों में बदलाव किया है। अन्य लोकप्रिय एसयूवी मॉडल पर 1.4 लाख रुपये तक की कटौती की गई है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बयान में कहा, 'इलेक्ट्रिक वाहनों के संबंध में नेक्सन.ईवी पर की गई कटौती (1.3 लाख रुपये तक) ने इसे सबसे सुलभ बना दिया है।' उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंच.ईवी के दाम में भी 30 हजार रुपये तक की कटौती की गई है।

# कंपनी परिणाम से पहले बाजार में मुनाफावसूली

- सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली गिरावट

एजेंसी ▸▸ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। निवेशकों ने कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 27.43 अंक की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,402.65 अंक तक गया और नीचे में 24,193.75 अंक तक आया।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, नेस्ले, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं।*

## पांच लाख पर्यटक लाइट हाउस घूमने आए



**नई दिल्ली।** बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस साल अप्रैल-जून में देश में पांच लाख से अधिक पर्यटक प्रकाशस्तंभ (लाइटहाउस) घूमने आए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सोनोवाल ने केरल के विझिंजम में लाइटहाउस पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों की एक बैठक की अध्यक्षता की। बयान में कहा गया है कि यह बैठक लाइटहाउस की अद्वितीय पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने तथा उनके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व दर्शनीय मूल्य पर जोर देने के लिए आयोजित की गई थी।

# ब्रुकफील्ड ने लीप ग्रीन एनर्जी में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा की परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी ब्रुकफील्ड ने तमिलनाडु स्थित नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी लीप ग्रीन एनर्जी में बहुलांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके लिए वह 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का अग्रिम निवेश और भविष्य में 35 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त निवेश करेगी। विदेशी कंपनी ने बयान में कहा, 'ब्रुकफील्ड और लीप ग्रीन ने हाल ही में एक पक्के रणनीतिक निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए जिसके बाद ब्रुकफील्ड ने कंपनी में



- 20 करोड़ डॉलर से अधिक का अग्रिम निवेश
- कंपनी भविष्य में 35 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त निवेश करेगी

बहुलांश नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल कर ली है।' हालांकि, कंपनी ने यह खुलासा नहीं किया कि उसने लीप ग्रीन एनर्जी में कितनी इक्विटी हिस्सेदारी हासिल की है। ब्रुकफील्ड ने नए शेयरों की खरीद और मौजूदा शेयरधारकों के पास रखे शेयरों के अधिग्रहण के जरिये लीप ग्रीन में 20 करोड़ डॉलर से अधिक का इक्विटी निवेश करने की अग्रिम प्रतिबद्धता जताई है।

### ब्रुकफील्ड ऊर्जा में दुनिया के सबसे बड़े निवेशक

ब्रुकफील्ड नवीकरणीय ऊर्जा में दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में से एक है। इसकी मौजूदा उत्पादन क्षमता लगभग 33 गीगावाट है और 155 गीगावाट से अधिक क्षमता का विकास जारी है।

## 107 रुपए में 35 दिनों की वैलिडिटी

# बीएसएनएल दे रहा सबसे सस्ता प्रीपेड प्लान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर आप एक ऐसा प्लान सर्च कर रहे हैं जो कम पैसे खर्च कर ज्यादा दिन की वैलिडिटी दे तो ऐसा प्लान आपको जियो, एयरटेल या वीआई नहीं सिर्फ बीएसएनएल में मिल सकता है। क्योंकि सभी प्राइवेट कंपनियां आपके प्लान्स को महंगा कर चुकी हैं।

ऐसे में अगर आप दो सिम यूज करते हैं और दूसरे सिम को एक्टिव रखने के लिए एक अच्छा प्लान सर्च कर रहे हैं। तो यहां हम आपको बीएसएनएल के एक ऐसे ही प्लान से रूबरू करा रहे हैं। एसएनएल के पास 107 रुपए का प्रीपेड प्लान है जो लंबी वैलिडिटी के साथ आता है।

### बीएसएनएल का 107 रुपए का प्लान

सबसे पहले, बीएसएनएल का 107 रुपए का प्लान 35 दिनों की सर्विस वैलिडिटी के साथ आता है। जो अब ग्राहकों के लिए बड़ी बात है क्योंकि अब इतनी कम कीमत में कोई भी प्राइवेट टेलिकॉम कंपनी ये फायदा नहीं दे रही है। बीएसएनएल इस

### बीएसएनएल इस प्लान में डेटा बेनिफिट भी दे रहा है




प्लान में डेटा बेनिफिट भी दे रहा है। इस प्लान में कंपनी 200 मिनट की वॉयस कॉलिंग के साथ 3जीबी डेटा ऑफर कर रही है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इस बीएसएनएल प्लान के साथ कोई एसएमएस लाभ नहीं मिलता है।

### जियो का 209 रुपए वाला प्लान

जियो के 209 रुपए वाले प्लान में 22 दिन की वैलिडिटी दी जाती है। इस प्लान में रोज 1जीबी 5जी डेटा मिलता है। यानी की प्लान आपको टोटल 22जीबी डेटा मिलता है। साथ ही इस प्लान में अनलिमिटेड कॉलिंग की सुविधा भी दी जाती है।

### एयरटेल का 199 रुपए का प्लान

एयरटेल यूजर्स को अब 199 रुपए का रिचार्ज अपने सिम कार्ड को एक्टिव रखने के लिए करना होगा। ये प्लान 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है। इसमें यूजर्स को 2जीबी डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और 100 एसएमएस डेली मिलते हैं।

### कुछ शहरों में 4जी कनेक्टिविटी

ऐसे में यदि आपके पास सेकेंडरी सिम है और आप उसे एक्टिव रखना चाहते हैं तो यह एक बढ़िया प्लान है। साथ ही यह भी जान लें कि बीएसएनएल कुछ ही शहरों में 4जी कनेक्टिविटी ऑफर करता है। बीएसएनएल का यह प्लान उन यूजर्स के लिए सबसे अच्छा है जिन्हें इंटरनेट डेटा की अधिक जरूरत नहीं पड़ती और न ही ज्यादा देर तक कॉलिंग करते हैं। एक नॉर्मल यूजर्स के लिए यह एक सबसे किफायती प्लान हो सकता है।

# सोना 50 रुपए मजबूत चांदी 100 रुपए चढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

बुधवार को सोना 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 100 रुपये की तेजी के साथ 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। इससे पिछले सत्र में चांदी 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। संघ ने कहा कि सराफा बाजारों में सोना पिछले बंद भाव के मुकाबले 50 रुपये बढ़कर 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली।




# कल रिलीज होगा 'सारिपोधा सानिवारम' का दूसरा गाना

**मुंबई।** 'गैंग लीडर' फिल्म में साथ काम कर चुके नानी और प्रियंका मोहन एक बार फिर से परदे पर साथ-साथ दिखाई देंगे। दोनों अपनी नई फिल्म 'सारिपोधा सानिवारम' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही आए दिन इससे जुड़ा कोई ने कोई अपडेट सामने आ रहा है। इसी सिलसिले में अब एक और ताजा जानकारी सामने आ रही है, जो फिल्म के गाने से जुड़ी हुई है। 'सारिपोधा सानिवारम' के निर्माताओं ने फिल्म के दूसरे गाने का ऐलान कर दिया है। इस गाने का नाम 'उल्लासम' है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि 'उल्लासम' को 13 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। गाने में नानी और प्रियंका मोहन दिखाई देंगे।

लाइफ Style

# माधुरी सुनील गावस्कर के लिए दीवानी थीं

शर्मिला टैगोर से लेकर अनुष्का शर्मा तक कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने टीम इंडिया के क्रिकेटर्स को जीवनसाथी चुना। लेकिन ऐसा नहीं है कि इनके अलावा किसी एक्ट्रेस को क्रिकेटर पर क्रश या प्यार ना हुआ हो। हम बात कर रहे हैं माधुरी दीक्षित की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेटर अजय जड़ेजा के साथ रिलेशनशिप की खबरें तो खूब आईं। लेकिन एक्ट्रेस को जिन पर क्रश था और उनके पीछे भागना चाहती थीं। यहां तक कि उनके सपने में भी वह आते थे। वह तो कोई और ही थे। जी हां वह क्रिकेटर थे सुनील गावस्कर। सुनील गावस्कर वह क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टीम इंडिया की कप्तानी भी की है। 10 जुलाई 1949 में जन्मे सुनील क्रिकेट के इतिहास में सबसे बेहतरीन ओपनिंग बल्लेबाजों में से एक हैं। वे कपिल देव की अगुआई वाली टीम का हिस्सा भी थे, जिसने लंदन के लॉर्ड्स में 1983 का विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया था। 15 मई 1967 में जन्मी माधुरी दीक्षित से सुनील गावस्कर 18 साल बड़े हैं। हालांकि क्रश तो क्रश होता है। 90 के दशक में फैंस के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने 1992 में इंडिया टुडे मैग्जीन को दिए एक इंटरव्यू में कहा था, मैं सुनील गावस्कर के लिए दीवानी हूं। वह बहुत सेक्सी हैं। मैं उनके पीछे भागना चाहती हूं और वह मेरे सपने में आते हैं। यह जब इंटरव्यू लिया गया तो एक्ट्रेस 25 साल की थीं और क्रिकेटर 43 साल के थे। इस किस्से के अलावा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें सुनील गावस्कर को स्टूडियों में माधुरी दीक्षित को बॉल डालते हुए देखा जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन से फैंस हुए खफा

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में जस्टिन बीबर की परफॉर्मेंस ने आक्रोश फैला दिया है। उनके कॉन्सर्ट के लिए नहीं, बल्कि भारी कीमत के लिए। यह बात सामने आने के बाद कि उन्होंने एक भारतीय अरबपति के बेटे की शादी से पहले के जश्न में एक शो के लिए भारी भरकम रकम कमाई है, फैंस गुस्से में हैं। पहले से ही अपनी भव्यता के लिए आलोचना झेल रहे जस्टिन बीबर के फैंस ने परफॉर्मेंस को 'बेस्वाद' करार दे दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बताया गया है कि जस्टिन बीबर ने 10 मिलियन डॉलर यानी लगभग 85 करोड़ की भारी कमाई की है।




# अनंत-राधिका की शादी में आएंगी किम कार्दशियन...

**मुंबई।** राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी इस वीकेंड शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शादी में दुनियाभर से कई मेहमान आ रहे हैं और सबको लेकर चर्चा बनी हुई है। अब उन विदेशी मेहमानों की एक लिस्ट सामने आई है, जो शादी में शामिल होंगे, जो मुंबई के बांद्रा कुर्ला सेंटर (बीकेसी) में जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित किया जाएगा। शादी में हॉलीवुड सिंगर किम कार्दशियन और ख्लोए कार्दशियन मेहमान होंगी। पीटर डायमेंडिस, जेफ कून्स और जे शेट्टी भी शादी में शामिल होंगे। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और टोनी ब्लेयर, पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री जॉन केरी, पूर्व स्वीडिश प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर भी शादी में आएंगे। अनंत की मां नीता अंबानी को शादी से पहले के इवेंट्स को कवर करने के लिए पपाराजी को धन्यवाद देते देखा जा सकता है।



# पेरिस में एंजॉय करती दिखीं थडानी...

**मुंबई।** राशा थडानी पेरिस में खुले आसमान के नीचे धूप और बादलों का नजारा एंजॉय करती हुई दिखाई दे रही हैं। रवीना टंडन की लाडली बेटी राशा थडानी इन दिनों पेरिस में वेकेशन का फुल मजा लेते हुए अपनी फोटोज फैंस के साथ शेयर करती हुई नजर आ रही हैं। फोटोज में राशा थडानी एक टेरेस पर खड़े होकर जमकर पोज देती नजर आ रही हैं। बात अगर राशा थडानी के लुक की करें तो वो ब्लैक टॉप और डेनिम जींस में बेहद ग्लैमरस लग रहीं हैं। मिनिमल मेकअप और खुले बिखरे बालों में राशा थडानी इस दौरान काफी क्यूट लग रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए राशा थडानी ने इन्हें कैप्शन दिया - हवा में जादू। इन तस्वीरों पर उनके फैंस - सो प्रिटी, ब्यूटीफुल, गॉर्जियस, क्लासी शॉट्स और ब्यूटी इन ब्लैक जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



# टुनटुन को 58 साल बाद भी नहीं भुला पाए

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार धर्मेंद्र, जिन्होंने 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से एक्टिंग डेब्यू किया था। वह 60s से फैंस के दिलों की धड़कन हैं। उन्होंने शोले, धर्मवीर, लोहा, हुकुमत, मेरा गांव मेरा देश और आंखें जैसी फिल्मों में काम किया।वहीं हेमा मालिनी से लेकर रेखा तक उनकी हीरोइनें रहीं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि 88 वर्षीय धर्मेंद्र की फेवरेट एक्ट्रेस कौन हैं, जिन्हें 58 साल बाद भी धरम पाजी नहीं भुला पाए और उन्हें फेवरेट कहते हैं। यह एक्ट्रेस और कोई नहीं, बल्कि एक्ट्रेस उमा देवी हैं, जो कि टुन टुन के नाम से मशहूर हैं। दरअसल, द कपिल शर्मा कॉमेडी शो के मंच पर सुपरस्टार धर्मेंद्र से जब पूछा गया कि उनकी फेवरेट एक्ट्रेस कौन हैं। तब सनी देओल, बॉबी देओल भी उनकी तरफ बड़े अचरज से देखने लगे कि वो किस एक्ट्रेस का नाम लेते हैं।

टीवी मसाला

# घर से बेघर होते ही मुनीशा खटवानी ने खोले कई राज

**नई दिल्ली।** विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' धमाकेदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। अनिल कपूर के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस शो में आए दिन किसी न किसी प्रतियोगी के बीच जुबानी जंग देखने को मिल रही है। साथ ही महज दो सप्ताह के भीतर ही इसमें हिंसा की वारदात भी देखी जा चुकी है। एक के बाद एक प्रतियोगी शो से बाहर हो रहे हैं। इसमें ताजा नाम टैरो कार्ड रिडर और अभिनेत्री मुनीशा खटवानी का है। घरवालों ने सना सुल्तान और मुनीषा में से सना को सुरक्षित किया, जिसकी वजह से मुनीशा घर से बेघर हो गईं। वहीं, बाहर आते ही मुनीशा ने कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। साथ ही कुछ प्रतियोगियों को बेनकाब करती भी नजर आई हैं। मुनीशा खटवानी से सवाल पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वह बाहरवाले की वजह से एविक्ट हुई हैं? तो इस पर टैरो कार्ड रीडर ने कहा कि नहीं मैं घरवालों के वोटों की कमी के कारण बेघर हुई हूं। मुझे बाहर आते ही इस बात का पता चल गया कि बाहरवाला मेरा भाई लवकेश है और अगर उसके हाथ में होता तो वह मुझे जरूर बचाता।



# मुश्किलों में 'डांस इंडिया डांस' सीजन एक के फाइनलिस्ट...

**मुंबई।** रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस' सीजन एक के फाइनलिस्ट जय कुमार नायर मुश्किलों में फंसते नजर आए हैं। मुंबई पुलिस ने नायर के खिलाफ क्रिप्टोकरेंसी पर उच्च रिटर्न के बहाने एक महिला से 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। ओशिवारा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में शिकायत दीप्ति असीजा ने दर्ज कराई थी, जो नकली आभूषणों का कारोबार करती हैं। असीजा अपने एक कॉमन फ्रेंड के जरिए नायर के संपर्क में आईं। नवंबर 2022 में असीजा ने उन्हें छह लाख रुपए और फिर दो बार में कुल 14 लाख रुपए दिए। उन्होंने कहा, 'नायर ने उन्हें उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देने का आश्वासन दिया था।' हालांकि, उन्होंने असीजा को केवल शुरुआती 11 महीनों के लिए मासिक रिटर्न का भुगतान किया। वहीं, दिसंबर 2023 से उन्होंने पैसा देना बंद कर दिया।



# तौबा-तौबा गाने पर सितारों की उतारी लाजवाब नकल

**नई दिल्ली।** जॉनी लीवर को अपनी कॉमेडी के साथ ही सितारों की नकल उतारने के लिए भी पहचाना जाता है। लेकिन उनकी बेटी जैमी लीवर भी पापा से किसी मामले में पीछे नहीं हैं। वे अकसर सितारों की एक्टिंग करती हैं और उनके ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखे भी जाते हैं। विक्की कौशल की फिल्म बैड न्यूज रिलीज होने के लिए तैयार है। विक्की कौशल इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। वो प्रमोशन के दौरान तौबा- तौबा गाने का हुक स्टेप करते नजर आ रहे हैं। ये गाना इतना वायरल हो गया है कि इंफ्लुएंसर से लेकर सेलेब्स तक हर कोई इस गाने पर रील बना रहा है। लेकिन जैमी लीवर ने जिस तरह तौबा-तौबा पर सितारों की नकल उतारी है, वो तो लाजवाब है। जैमी लिवर ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि करीना कपूर से लेकर फराह खान तक सेलेब्स तौबा तौबा गाने को लेकर कैसे रिएक्ट करेंगे। जैमी लीवर ने करीना कपूर, फराह खान, राखी सावंत, श्रीदेवी, अनन्या पांडे और सोनम कपूर की मिमिक्री की. जैमी का ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस इस पर कमेंट करते नहीं रुक रहे हैं। जैमी लीवर के इस वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, राखी बेस्ट थी. वहीं दूसरे ने लिखा, तुमने धमाल मचा दिया जैमी। एक ने लिखा, मेरी हंसी कंट्रोल नहीं हो रही है।





# भारत पहुंचे प्रियंका-निक बारिश में हुआ स्वागत...

*मुंबई। शुक्रवार 12 जुलाई को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बिग फैट वेडिंग में देश-विदेश की कई नामी हस्तियां शामिल होंगी। प्रियंका चोपड़ा भी शादी में शामिल होने मुंबई पहुंच चुकी हैं। प्रियंका अपने पति नोकस जोनस के साथ शादी में शामिल होने आई हैं। उनके भारत पहुंचते ही झमाझम बारिश हुई। कार से उतरते ही प्रियंका ने हाथ जोड़कर सभी का अभिनंदन किया। अनंत-राधिका की शादी का जश्न तीन दिनों तक चलेगा। इसकी शुरुआत 12 जुलाई को 'शुभ विवाह' से होगी। शुक्रवार को शादी संपन्न होने के बाद 13 जुलाई को 'शुभ आशीर्वाद' समारोह आयोजित किया गया है। इसके बाद 14 जुलाई को 'मंगल उत्सव' है। इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हाल ही में मुंबई पहुंचे हैं। प्रियंका चोपड़ा और निक एयरपोर्ट से ब्लैक कलर की आलीशान गाड़ी में बैठकर आते नजर आए। इस दौरान दोनों ने पैपराजी और फैंस का अभिनंदन किया। प्रियंका और निक काफी स्टाइलिश लुक में दिखे। हालांकि, बेबी मालती इस दौरान साथ नजर नहीं आईं। बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ देसी गर्ल ने हॉलीवुड में भी अपना सिक्का जमा लिया है।*

## इन स्टार्स को हो गया था अपनी मौत का आभास

# गोविंदा की मां से संजीव कुमार तक मौत को लेकर की थीं चौंकाने वाली भविष्यवाणी

***मुंबई।** 'थ्रोबैक थर्सडे' में उन फिल्मी हस्तियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अपनी मौत को लेकर होश उड़ाने वाली भविष्यवाणी की थी। कुछ को तो पहले ही अपनी मौत का आभास हो गया। इन स्टार्स के साथ जो हुआ, वो वाकई हैरान कर देगा। मौत एक ऐसी चीज है, जो एक दिन हर किसी को आनी है। जो इस दुनिया में आया है, उसे एक दिन जाना ही होगा। मौत से डर तो सबको लगता है, लेकिन इससे भी ज्यादा डर तब लगता है जब किसी को अपनी मौत का पता हो। जब किसी को आभास हो जाए कि उसकी जिंदगी कितने दिन की मेहमान है। बॉलीवुड में ऐसे कई सितारे रहे, जो अचानक ही इस दुनिया से चल बसे और फैंस को जिंदगी भर का सदमा दे गए। पर कुछ ऐसी हस्तियां भी रहीं, जिन्होंने या तो अपनी मौत की भविष्यवाणी कर दी थी या फिर उन्हें आभास हो गया था कि वो अब इस दुनिया में ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। यहां हम आपको 'थ्रोबैक थर्सडे' सीरीज में ऐसे ही स्टार्स के बारे में बता रहे हैं।*

### गोविंदा की मां निर्मला देवी ने अपनी मौत समेत की थीं 3 भविष्यवाणी



गोविंदा ने 'बॉम्बे टाइम्स' को इंटरव्यू में बताया था कि उनकी मां निर्मला देवी प्रेग्नेंसी के दौरान आध्यात्म की ओर मुड़ गई थीं। यही नहीं, वह एकदम सटीक भविष्यवाणी करती थीं। गोविंदा ने बताया था कि जब वह 17 साल के थे तो मां ने तीन भविष्यवाणियां की थीं। एक गोविंदा के स्टारडम की और दो अपनी मौत के साथ-साथ बड़ी बेटी पद्मा की मौत की। मां ने गोविंदा से कहा था कि जब तुम 21 साल के हो जाओगे तो तुम कमाल करोगे। वहीं बड़ी बेटी पद्मा यानी कृष्णा अभिषेक की मां के लिए कहा था कि वह दूसरे बच्चे के जन्म के बाद मर जाएंगी। यही नहीं, गोविंदा की मां ने खुद की मौत की भविष्यवाणी भी गोविंदा से की थी, और वह सकपका गए थे। गोविंदा की मां की मौत उस भविष्यवाणी से ठीक तीन महीने बाद 15 जून 1996 को हो गई। यही तारीख उनकी मां ने बताई थी।

### ऋषि कपूर ने कहा था 'मैं ज्यादा लंबा नहीं जिऊंगा'



ऋषि कपूर का 30 अप्रैल साल 2021 में निधन हो गया था। मौत से दो साल पहले वह कैंसर की गिरफ्त में आ गए थे। हालांकि न्यू यॉर्क में इलाज के बाद ऋषि कपूर ठीक हो गए थे, लेकिन बाद में सांस लेने में तकलीफ के कारण उनका निधन हो गया। ऋषि कपूर के निधन से पूरे देश में सन्नाटा पसर गया था, पर एक्टर ने अपनी मौत की साल 2016 में ही भविष्यवाणी कर दी थी। ऋषि कपूर से जब एक इंटरव्यू में पूछा गया कि 90 साल की उम्र में वह खुद को किस तरह से देखते हैं, तो एक्टर ने कहा था, 'मेरा जिस तरह का लाइफस्टाइल है, उससे लगता है कि मैं ज्यादा लंबा नहीं जिऊंगा। लेकिन लोग बोलते हैं कि अगर जिंदा रहा तो मैं 'कपूर एंड सन्स' में दादू के कैरेक्टर जैसा दिखूंगा। लेकिन मुझे यकीन नहीं है।'

### ओम पुरी को भी हो गया था मौत का आभास



वेटरन एक्टर ओम पुरी ने 23 दिसंबर 2016 को एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत पर बात की थी, और उसके चंद दिन बाद ही 6 जनवरी 2017 में मौत हो गई। इस दुखद इत्तेफाक ने सबको चौंका दिया था। ओम पुरी ने 'आईएएनएस' को दिए इंटरव्यू में कहा था, 'एक एक्टर के रूप में मेरा योगदान मेरे इस दुनिया से चले जाने के बाद दिखाई देगा।

### किशोर कुमार- मजाक में ही सच हो गई मौत की वो भविष्यवाणी



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर और सिंगर रहे किशोर कुमार की 13 अक्टूबर 1987 को मौत हो गई थी। बेटे अमित कुमार ने साल 2002 में 'रेडिफ' को इंटरव्यू में बताया था कि पापा को उनकी मौत का आभास हो गया था। जिस दिन उनका निधन हुआ, उस दिन उन्होंने हार्ट अटैक को लेकर मजाक किया और उसी तरह दुनिया से रुखसत हो गए। अमित कुमार ने बताया था, 'उस दिन, उन्होंने सुमित (सौतेला बेटा) को स्विमिंग के लिए जाने से मना कर दिया। वह इस बात से टेंशन में थे कि कनाडा से मेरी फ्लाइट समय पर लैंड करेगी या नहीं।

### ज्योतिषी ने की थी संजीव कुमार की मौत की भविष्यवाणी



संजीव कुमार ने भी अपनी मौत की भविष्यवाणी कर दी थी। 9 जुलाई 1938 को जन्मे संजीव कुमार की 6 नवंबर 1985 को मौत हो गई थी। संजीव कुमार एक ऐसे एक्टर थे, जिन्होंने युवा होते हुए भी उम्रदराज किरदार निभाए। उन्हें ऐसे किरदार निभाने में मजा आता था। एक्ट्रेस तबस्सुम ने अपने शो 'तबस्सुम टॉकीज' में बताया था कि कैसे संजीव कुमार ने अपनी मौत को लेकर एक चौंकानेवाली बात बताई थी, जिसका उम्रदराज किरदारों से कनेक्शन था। तबस्सुम ने संजीव कुमार से पूछा था कि वह उम्रदराज किरदारों को लेकर इतना ऑब्सेस्ड क्यों हैं। तब संजीव ने कहा था, 'तबस्सुन, हाथ देखने वाले एक ज्योतिषी ने भविष्यवाणी की थी कि मैं ज्यादा लंबे समय तक जीवित नहीं रहूंगा। इसलिए मैं उम्रदराज किरदार निभाता हूं, ताकि वो जिंदगी जी सकूं।

## हाई कोर्ट बार में स्वागत समारोह के दौरान बोले कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा

# इस हाई कोर्ट में न्याय दान गौरव की बात

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने कहा कि इस हाई कोर्ट में न्याय-दान गौरव की बात है। वे हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अपने सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष अनिल खरे, भारत के उप महान्यायवादी पुष्पेंद्र यादव, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा मंचासीन थे।

### हाई कोर्ट बार सचिव परितोष त्रिवेदी ने कविता से किया अभिनंदन

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सचिव परितोष त्रिवेदन ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा का अभिनंदन कविता सुनाकर किया। इस कविता के निहितार्थ न्यायपालिका के दोनों पहियों बार और बेंच के बीच समन्वय को रेखांकित करने वाले थे। कदम मिलाकर चलने की प्रेरणा से ओतप्रोत कविता सुनकर एसीजे सचदेवा सहित अन्य ने प्रशंसा की। तालियों की गडगडाहट से सभागार गूंज उठा।

### हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार ने दिया जैन मुनियों की सात्विक दिनचर्या का हवाला

हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन ने जैन मुनियों की सात्विक दिनचर्या का हवाला देते हुए न्यायाधीशगणों से निवेदन किया कि उनकी कार्यप्रणाली ऐसी हो की कभी किसी निर्दोष को दंड का भागी न होना पड़े। उन्होंने एसीजे संजीव सचदेवा को अत्यंत संजीदा, सरल, सौम्य व मधुर स्वभाव वाला न्यायाधीश निरूपित करते हुए उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में अधिवक्ताओं



को कोई समस्या नहीं आएगी। हाई कोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अन्य न्यायाधीशगण, हाई कोर्ट बार उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, सह सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य सपना तिवारी, गरिमा तिवारी, स्मिता केहरी, विनोद मिश्रा, प्रियंक चंसोरिया व रविंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### यहां वकील तारीख बढ़वाने नहीं तैयारी से बहस करने आते हैं :

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सचदेवा ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट से स्थानांतरित होकर यहां न्यायाधीश बतौर पदभार ग्रहण करने के साथ ही मुझे यह देखकर अतीव प्रसन्नता की अनुभूति हुई कि जबलपुर के वकील महज मुकदमों की तारीख बढ़वाने नहीं बाते बल्कि पूर्ण तैयारी के साथ बहस करने हर वक्त तैयार रहते हैं। यह रवैया उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचायक है। इससे जाहिर होता है कि जबलपुर का हर वकील अपने पक्षकार को न्याय दिलाने कटिबद्ध रहता है। मैं आश्वस्त करता हूं कि जबलपुर के किसी भी वकील को कोई भी समस्या होगी तो उसे अविलंब दूर कर दिया जाएगा। बार के पदाधिकारियों के लिए मेरे दरवाजे चौबीस घंटे खुले हैं। हाई कोर्ट में अपने अभिभावकीय दायित्व को पूर्ण करते हुए प्रत्येक शिकायत का सहज, सुलभ व त्वरित निराकरण मेरी प्राथमिकता होगी।

## पीएम कालेजों में करियर मेले का आयोजन



**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर संभाग के सभी पीएममहाविद्यालयों में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों हेतु सत्र का प्रथम 'व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण' प्रारंभ होने जा रहा है। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी ने बताया कि पीएमश्री, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में योजना के अंतर्गत 25 जुलाई 2024 के पूर्व जिला स्तरीय एक दिवसीय कॅरियर अवसर मेले का आयोजन किया जायेगा। कॅरियर मेले में जिले के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए देश की जानी मानी कंपनियाँ प्लेसमेंट हेतु आयेगी। प्रो. शुक्ल ने बताया कि कॅरियर मेले के पूर्व विद्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को सही प्रारुप में सी.वी. बनाना, संप्रेशण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह चर्चा, मॉक साक्षात्कार, भाशा कौशल, संगणक कौशल, स्वॉट एनालिसिस, एप्टिटयूड रीजनिंग, डेटा इंटरप्रिटेशन आदि का प्रशिक्षण देश के जाने माने विशय विषेशज्ञ संजय चौबे द्वारा दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यार्थी कॅरियर मेले में होने वाली प्लेसमेंट प्रकिया में सम्मिलित होकर लांभावित हो सकते है। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर के इच्छुक विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन प्रकोष्ठ, पीएमश्री, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में अपना पंजीयन डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा के पास कराये।

## विद्युत कर्मियों को इस साल पूरा करने पर मिलेगा चतुर्थ वेतनमान



**जबलपुर।** बेहतर सेवा कर बिजली कंपनी की अच्छी इमेज बनाएं। कंपनी की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करें। उपभोक्ताओं के फोन सभी बिजली कर्मचारी एवं अधिकारी उठाएं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात पॉवर इंजीनियर्स एण्ड एम्पलॉइज एसोसिएशन एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कही। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर जरूरी कार्यवाही करेंगे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा अपने कर्मचारियों को 35 वर्ष पूर्ण होने पर चतुर्थ वेतनमान घोषित किया गया था। इसी के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है कि इस आदेश को सभी कंपनियों में लागू किया जाये, जिससे 35 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिकारियों, कर्मचारियों को उसका लाभ मिल सके। इसी प्रकार, कंपनी कैडर के अधिकारियों के दूसरे उच्च वेतनमान में अधीक्षण अभियंता समकक्ष की विसंगति, ओ-3 (ओ-3 स्टार) के रूप में थी, उसको भी समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत मांग-पत्र के बिन्दुओं पर पृथक-पृथक चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन मांगों पर कार्य-योजना बनाकर क्रमबद्ध निर्णय लेंगे।



## कावड़ यात्रा 22 को निकली जायेगी

**जबलपुर।** गंगेश्वर रुद्राभिषेक परिवार तिलवारा घाट की द्वितीय कांवड यात्रा भगवान भोलेनाथ जी के पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार (22 जुलाई)को निकाली जायेगी। संयोजक वैदिक आचार्य पंडित रामाधार प्यासी ने बताया कि कांवड यात्रा प्रातःकाल 8 बजे से गौरी घाट से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर जबलपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

## पत्रोपाधि अभियंता संघ ने एमडी व जीएम से की चर्चा

# शोकाज नोटिस देकर वेतन काटना न्यायोचित नहीं



**जबलपुर।** मप्र पत्रोपाधि संघ के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजी.अशोक जैन के नेतृत्व में पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के एमडी अनिल द्विवेदी और मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रसाधन श्रीमति नीता राठौर से एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर और कनिष्ठ अभियंताओं की मुख्य समस्याओं व मांगों से उन्हें अवगत कराया। अधिकारीद्वय ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त कराया कि कनिष्ठ अभियंता कंपनी की रीढ़ है उनके हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। श्री जैन ने कहा कि कनिष्ठ अभियंताओं का उपभोक्ताओं से सीधा संवाद होता है लिहाजा कनिष्ठ अभियंता संतुष्ट रहेंगे तो उपभोव्ता भी संतुष्ट रहेंगे और यह कंपनी और उपभोव्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण कडी होगी। ज्ञापन में मांग की गई है कि बोर्ड केडर एवं कंपनी कैडर के कनिष्ठ अभियंताओं जिनको सहायक का उच्च वेतनमान प्राप्त हो गया है, उन सभी कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंताओं का चालू प्रभार दिया जाये। शेष बचे हुए वरिष्ठ सहायक अभियंता चालू प्रभार को कार्यपालन अभियंता का चालू प्रभार दिया जाए, उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए जाये उनके वेतन से कटौती की जा रही है, यह न्यायोचित नहीं है। उसे तत्काल वापिस लिया जाए मैदानी कनिष्ठ अभियंताओ को अधिक से अधिक सुविधाएं देने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर संघ के इंजी. स्वर्ण सिंह मनकोटिया, नपेंद्र सिंह, एम आई बैग उमंग राय, सियाराम नायक, एमपी विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, योगेश पटेल, अभय पटेल, दीपक रजक, अभिषेक चौकसे, जीत, एस यादव, विवेक नेमा, सुमन, मनीष चंद्रा, जुगल किशोर वर्मा, झरिया वरुण आदि उपस्थित थे।



## गीत विमोचन एवं कलाकार सम्मान समारोह संपन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कलाकार ऐसोसिएशन द्वारा 9 जुलाई 2024 कला वितिका में सायं 4 बजे से मुख्य गीत विमोचन एवं कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायक रुद्र दत्त दुबे, दीन भगत, श्रीमती कृष्णा नायडू, अनीता यादव संगीत कार परसुराम पटैल, बुंदेली चैनल के संस्थापक श्री समर सिंह ठाकुर का स्वागत एवं सम्मान किया गया एवं मध्यप्रदेश कलाकार ऐसोसिएशन का कला जगत के हितार्थ गीत का विमोचन (अपने संगठन का काय तुम्हें ख्याल नईया) का विमोचन किया गया, जिसकी लाईव प्रस्तुती एवं पर्दे पर दिखाया गया। इस खास अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथिनगर निगम अध्यक्ष रिंकूविज का स्वागत व सम्मान किया गया। तथा गीत में मुख्य भूमिका अदा करने वाले कलाकारों का मध्यप्रदेश कलाकार ऐसोसिएशन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर बुंदेली गायक गोलू अहिरवार एवं रामायण के प्रसिद्ध कण्ठस्थ गायक गिरीष विश्वकर्मा जी की प्रस्तुति की गई। एवं उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भोपाल, नरसिंहपुर, कटनी, बरही, सिहोरा, दमोह, सिवनी, पाटन, मण्डला, घन्सौर, विदिशा के समस्त प्रभारी सह प्रभारी की उपस्थिति रहे।

## चार निजी विद्यालयों की खुली सुनवाई 16 जुलाई को

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने कहा कि 16 जुलाई को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में चार स्कूलों की जिला समिति के समक्ष खुली सुनवाई की जायेगी। यह सुनवाई मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों के विनियमन) अधिनियम 2017 की धारा 7 (1) के अंतर्गत होगी। खुली सुनवाई में माउण्ट लिट्रा स्कूल जबलपुर, जॉय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जबलपुर, विस्डम वैली स्कूल शास्त्री नगर कटंगा जबलपुर तथा सेंट जोसेफ स्कूल टी.एफ.आर.आई सालीवाड़ा जबलपुर से संबंधित शिकायतों की खुली सुनवाई की जायेगी। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्य उपस्थित होकर शिकायतों पर उत्तर देगें। शिकायतकर्ता सुनवाई में उपस्थित रह सकेगें।उन्होंने कहा कि 16 जुलाई के पूर्व उपरोक्त अशासकीय विद्यालय से संबंधित यदि कोई अभिभावक शिकायत करना चाहता है तो कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के पास जमा कर सकते हैं।



## सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का हुआ गठन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की आज संगठन के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का गठन किया गया और संगठन के प्रांतीय महामंत्री ज़ियाउर्रहीम की अनुशंसा पर क्रमशः मनमोहन चौधरी को जिला अध्यक्ष, राकेश श्रीवास को संभागीय अध्यक्ष और फिलिप एंथोनी को जिला सचिव सेवानिवृत प्रकोष्ठ का बनाया गया।l उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही पदाधिकारियों के द्वारा मिष्ठान वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, राजकुमार यादव, रऊफ खान, गुडविनचार्ल्स, राजेश सहारिया, सुरेन्द्र चौधरी,ओमप्रकाश झारिया, आशीष कोरी आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर कैंप का समापन

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के योग विभाग द्वारा योगध्यक्ष प्रो.भरत कुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में इंडोर खेल स्टेडियम रांझी,जबलपुर 02 जुलाई से 11 जुलाई 2024 तक 10 दिवसीय चल रहे योग प्रशिक्षण शिविर कैंप का समापन हुआ। प्रो.भारत कुमार तिवारी योग एवं दर्शन योगध्यक्ष, गुरुजन डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय, डॉ रीना मिश्रा, डॉ, राजेश गोस्वामी, डॉ वंदना यादव, डॉ वर्षा श्रीमती श्रीवास्तव जिला क्रीड़ा अधिकारी जबलपुर के मुख्य अतिथि गुंजन श्रीवास्तव जी , की विशेष उपस्थिति में सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर योगभ्यास कराने वाले शिविर संचालक रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के योग विभाग छात्र नरेंद्र यादव, दीपक कुमार चौबे, अनुराग पटेल,अंजू यादव, दिव्या सराठे, अर्चना यादव, नेहा विश्वकर्मा, एकता चौधरी ने कराया। अपने उद्बोधन में अतिथियों द्वारा योग के महत्व एवं उपयोगिता बताते हुए। सभी युवा वर्ग के लोगों को नियमित योग करने की अपील की गई है। छात्रावास के छात्रों योग प्रशिक्षण देकर योग प्रदर्शन किया।



**श्रीमती उर्मिला कुशवाहा-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री वाल्मीक कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला कुशवाहा (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शैलेंद्र सिंह-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी अरविंद सिंह के पुत्र श्री शैलेंद्र सिंह (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शिव नारायण चौधरी-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री शिव नारायण चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना बाई चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल बड़े पीपल के पास निवासी श्री सुखलाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रेम लाल काछी-** गोकलपुर निवासी श्री प्रेम लाल काछी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री सुखलाल कोल के पुत्र श्री राजकुमार कोल (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय गुप्ता-** एमईएस कॉलोनी सदर निवासी श्री संजय गुप्ता (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल सिरमोरिया-** सिविल लाइन निवासी श्री प्रेम लाल सिरमोरिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रामेश्वर सिन्हा-** अधारताल निवासी श्री रामेश्वर सिन्हा (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## गरुड़ दल ने राय क्लिनिक को बंद कर किया सील

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में विभिन्न इकाइयों में नियामक अनुपालन के लिए गरुड दल गठित किया है। दल ने कांचघर घमापुर स्थित विन्ग विन्ग इन्टरप्राइजेज अंग्रेजी एवं देसी शराब दुकान का निरीक्षण किया गया। दुकान में खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एफएसएसएआई लाइसेंस नहीं पाया गया, गुमास्ता लाइसेंस भी नहीं पाया गया।साथ ही फायर सेफ्टी नहीं थी। निरीक्षण में दुकान एवं आसपास गंदगी पाई गई। कांच घर स्थित गोपाल किराना स्टोर्स की भी जांच की गई, जिसमें नापतोल सत्यापित कांटा नहीं पाया गया, जिसकी जप्ती की कार्रवाई की गई । खाद्य सामग्री में अरहर दाल का सैंपल लिया गया। एसडीम रांची ने बताया कि ग्राम बिलपुरा स्थित राय क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। राय क्लिनिक डॉक्टर जी.पी. राय एवं डॉ श्रीमती सीमा राय द्वारा संचालित किया जा रहा है दोनों के पास एलोपैथी की डिग्री नहीं है, जबकि इलाज एलोपैथी पद्धति से किया जा रहा है। डिस्पेंसरी के अंदर मेडिकल स्टोर्स संचालित है, जिसमें एलोपैथिक दवाइयां का संग्रहण पाया गया। मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नवीनीकृत नहीं है। क्लीनिक में फ़ायर सेफ्टी एवं भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं है। उव्त क्षेत्र आवासीय क्षेत्र है।साथ ही क्लिनिक संचालन संबंधी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी पंजीयन एवं लाइसेंस नही पाया गया।

**नाम सुधार सूचना**

श्रीमती सायरा बी, पति श्री अब्दुल खालिक अंसारी, उम्र 49 वर्ष निवासी मकान नं. 3148, कटरा मस्जिद के पास, अधारताल, जबलपुर यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट क्रं., K-6116776 जो कि म.प्र. भोपाल से दिनांक 20.05.2013 को जारी किया गया था जिसमें मेरा नाम श्रीमती सायरा बानो पति श्री अब्दुल खालिक अंसारी अंकित है, जबकि मेरा सही नाम सायरा बी है। यह कि, मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक एवं मेरे पति के सेवा निवृत्ति पी.पी.ओ. उपरोक्त सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सायरा बी आंकित है। जो कि मेरा सही नाम है यह कि मेरे पासपोर्ट में भी सायरा बानो की जगह सायरा बी दर्ज किया जाये।

**CHANGE NAME AND DATE OF BIRTH**

I, KARAMPUDI ASHOKA W/O ARMY NO. 14652673X RANK HAV NAME TALAKOLA NAGENDRAM presently residing at VILL-PHIRANGIPURAM, PO- PHIRANGIPURAM, TEH-SATTENAPALLI, DIST- GUNTUR, STATE-ANDHRAPRADESH-522529 I have change of my name and date of birth from name KARAMPUDI ASHOKA and date of birth 16/03/1983 (name and date of birth date of birth as per my Husband army service record) to name TALAKOLA ASHOKA and date of birth 07/01/1980 (date of birth as per my AADHAR CARD and PAN CARD vide affidavit dated 11/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary ANAND MOHAN CHOUDHARY JABALPUR (Name and place of Court)
CORRECT NAME TALAKOLA ASHOKA
CORRECT DATE OF BIRTH 07/01/1980
INCORRECT NAME KARAMPUDI ASHOKA
INCORRECT DATE OF BIRTH 16/03/1983

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/77
दिनांक :- 11/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नाजमा परवीन पति श्री मजहर हुसैन अंसारी ने मकान नं. 1320/72 बी एस-1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 400 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/70
दिनांक :- 11/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वंश बड़कुल पिता श्री राहुल बड़कुल ने पिन 1000439084 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 200 व.फु. शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयमनामा/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/71
दिनांक :- 11/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वंश बड़कुल पिता श्री राहुल बड़कुल ने मकान नं. 1211/3 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1336+1336 व.फु. प्रथम तल 1336 व.फु. द्वितीय तल 1336 व.फु. शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयमनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/78
दिनांक :- 11/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री विनोद कुमार बखारिया पिता स्व. श्री रमणीक लाल बखारिया (2) श्रीमति भारती बखारिया पति श्री विनोद कुमार बखारिया मकान नं. 569/335 सीबी-1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 909 व.फु. शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वसीयमनामा/ लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

अगर आप खाली बैठे हों तो समय का सबसे सही सदुपयोग यही है कि आप अपना सामान्य ज्ञान छोटे-छोटे क्विज़ के ज़रिये बढ़ा लें। इससे टाइमपास भी होगा और आपकी जानकारी भी बढ़ेगी। इस काम में हम भी आपकी मदद कर देते हैं और आपको बताते हैं अपने देश की राष्ट्रीय मिठाई के बारे में...

# क्या है भारत की राष्ट्रीय मिठाई? नाश्ते में खूब खाई होगी, पर शायद ही याद आए!

**नई दिल्ली।** इस तरह के सवाल इंटरनेट पर भी लोगों को चौंका देते हैं। दरअसल, हम ऐसी छोटी-छोटी चीज़ें याद नहीं रख पाते हैं, जब तक कि कोई सामने से पूछ न ले। मज़े की बात तो ये है कि उस वक्त हमारी उंगलियां सीधा गूगल सर्च पर चली जाती हैं, क्योंकि जवाब तो हमें खुद नहीं पता होता। क्विज़ बहुत ही कम समय में उपयोगी प्रश्नों को याद करने का एक प्रभावी तरीका है। इसमें दुनिया भर में फैले ज्ञान को हम झटके में याद कर लेते हैं। फिर ये कहीं न कहीं तो हमारे काम आता ही है, चाहे किसी परीक्षा में या फिर आपस में बात चीत के दौरान।

## आपकी पसंदीदा मिठाई कौन सी है, तो सोचना पड़ जाता है

आपको मिठाइयां तो पसंद ही होंगी। खासतौर पर अपने देश में कोई भी तीज-त्यौहार हो, मिठाइयों की मानो झड़ी सी लग जाती है। इतनी स्वादिष्ट और इतनी सारी मिठाइयां होती हैं कि अगर कोई पूछे कि आपकी पसंदीदा मिठाई कौन सी है, तो सोचना पड़ जाता है। क्या आपने कभी ये सोचा है कि शानदार मिठाइयों वाले देश में भला राष्ट्रीय मिठाई कौन सी है? भले ही आपको यकीन न हो, लेकिन आपने सोचा होगा कि काफी चर्चा में रहने वाला रसगुल्ला अपने देश की राष्ट्रीय मिठाई है। वो बात अलग है कि आप गलत हैं।



## अक्सर नाश्ते की प्लेट में ये चली आती है

कई लोग तो ये भी सोच सकते हैं कि क्या सच में कोई राष्ट्रीय मिठाई है भी या नहीं? जहां राष्ट्रीय पशुओं, राष्ट्रीय फूलों या फलों जैसी राष्ट्रीय मिठाइयों की चर्चा नहीं की जाती। भारत की राष्ट्रीय मिठाई फीकी तो हो ही नहीं सकती। मज़े की बात तो ये भी है कि आप इसे खूब खाते हैं। अक्सर नाश्ते की प्लेट में ये चली आती है। बनाने में भी ये बिल्कुल आसान है, लेकिन याद आपको इतनी आसानी से नहीं आएगी। चलिए कोई बात नहीं, हम ही बता देते हैं। अपने देश की राष्ट्रीय मिठाई वही मानी जाती है, जिसे आप सुबह-सुबह कभी कचौड़ी तो कभी समोसे के साथ खाना पसंद करते हैं- मीठी-मीठी और करारी जलेबी।



## कई प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में उल्लेख

बहुत से लोग सोचते हैं कि जलेबी या जिलिपि एक भारतीय मिठाई है लेकिन इसे एक ईरानी मिठाई माना जाता है। हालांकि, आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि जिलापी का उल्लेख कई प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में मिलता है। वहां इसे बिल्कुल जलेबी की तरह तो नहीं बताया गया है, ऐसे में इसे भारतीय नहीं कहा जा सकता। जिलापी या जलेबी जैसी मिठाइयों का उल्लेख 'कुंडलिका' या फिर 'जलवल्लिका' के तौर पर होता है। ये काफी कुछ जलेबी की तरह ही है, ऐसे में पता चलता है कि भारतीय लोगों का जलेबी के प्रति प्रेम सदियों पुराना रहा है, वो बात अलग है कि तब कॉपीराइट करने जैसी कोई प्रक्रिया नहीं थी। ऐसे में जलेबी ठेठ भारतीय नहीं हो पाई।



# विश्व घटनाचक्र वार्षिकी के साथ प्रतियोगिता दर्पण का 'वार्षिकांक' उपलब्ध

**आगरा।** सिविल सर्विसेज, एसएससी, बैंक पीओ, यूजीसी नेट एवं आगामी अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सफल बनाने के लिए प्रतियोगिता दर्पण के वार्षिकांक के रूप में प्रकाशित अगस्त माह के अंक को बिक्री के लिए आज जारी किया गया। इस अवसर पर संपादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने पत्रकारों को बताया कि विश्व घटनाचक्र इस वार्षिकांक का प्रमुख आकर्षण है जिसका पाठकों को बहुत ही बेसब्री से इंतजार रहता है। इस वार्षिकांक में सिविल सेवा हेतु तैयारी की रणनीतियों से संबंधित अत्यन्त आवश्यक अध्ययन सामग्री का भी समावेश किया गया है। श्री जैन ने बताया कि वार्षिकांक में विश्व भर में पूरे वर्ष की अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं का क्रमबद्ध तरीके से संक्षिप्तीकरण किया गया है जो कि आगामी परीक्षाओं के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। इसके साथ-साथ अनुप्रेरक युवा प्रतिभाओं के अंतर्गत सिविल सेवा परीक्षा के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न पत्र जैसे सिविल सेवा प्रा.राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी, यूजीसी-नेट/जेआरएफ आदि दिये गये हैं साथ ही उत्तराखण्ड पीएससी प्रा. परीक्षा जैसे मॉडल हल को भी प्रकाशित किया गया है जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। समग्र उपयोगी अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह वार्षिकांक निश्चित रूप से परीक्षार्थियों का उचित मार्गदर्शन करने में सहायक सिद्ध होगा।




# पति ने प्यार जताने बनवाया ऐसा टैटू कि बनाने वाले के भी उड़ गए होश


एजेंसी ▶▶| लंदन

शादी की सालगिरह पर पार्टनर्स को अक्सर ये समझ नहीं आता कि वो एक दूसरे क्या गिफ्ट दें। शादी को जब ज्यादा वक्त हो जाए, तब तो गिफ्ट और भी ज्यादा नहीं समझ में आता है। पर थाइलैंड ने काफी सोचकर अपनी बीवी के लिए ऐसा गिफ्ट तय किया, कि हर कोई उसके बारे में जानकर हैरान है। थाइलैंड के इस व्यक्ति ने अपनी 19वीं सालगिरह पर बीवी के लिए एक टैटू बनवाया। वो कोई आम टैटू नहीं, बल्कि उनका मैरिज सर्टिफिकेट था।

वर्ल्ड ऑफ बज़ वेबसाइट के अनुसार ये मामला थाइलैंड बुरिरम शहर का है। यहां सरीन नाम के एक टैटू आर्टिस्ट ने फेसबुक पर पोस्ट डालकर अपने एक क्लायंट के बारे में बताया। उसने बताया कि उसके ग्राहक की 19वीं सालगिरह थी और वो बीवी के लिए एक टैटू बनवाना चाहता था। जब वो बुकिंग करवाने आया तो उसने मैरिज सर्टिफिकेट दिखाकर पूछा कि क्या वो उसे हाथ पर बना देगा? टैटू आर्टिस्ट भी काफी हैरान हुआ और उसने एक बार कन्फर्म किया कि क्या वो वाकई टैटू बनवाना चाहता है।

## बीवी से करता है बहुत प्यार, वह बहुत अच्छी है इंसान

जब शख्स ने हामी भरी तो उसने शख्स को 1 जनवरी 2024 का अपॉइंटमेंट दिया। शख्स तय समय पर आ गया और उसने अपने हाथ पर अपनी शादी का सर्टिफिकेट ही बनवा लिया। उसने वो टैटू 5700 रुपए में बनवाया था। मैटिचॉन ऑनलाइन नाम की वेबसाइट ने उस शख्स से बात भी की, जिसने टैटू बनवाया था. शख्स का नाम नू है और वो 37 साल का है। वो और उसकी पत्नी 19 सालों से साथ हैं। उनका सबसे बड़ा बच्चा 16 साल का है जबकि छोटा 7 साल का है। दोनों लंबे वक्त से साथ हैं पर उन्होंने 2019 में अपनी शादी को रेजिस्टर करवाया था।



**19 साल से साथ है कपल :** शख्स ने कहा कि इतने लंबे समय तक साथ रहते हुए उनके बीच काफी लड़ाई-झगड़े हुए, पर वो उसके बावजूद भी साथ रहे। शख्स ने कहा कि वो अपनी बीवी से बहुत प्यार करता है और वो बहुत अच्छी इंसान है। बस इसी वजह से उसने अपनी बीवी के लिए टैटू बनवाया।

# फैल सकती है महामारी? मिस्र की प्राचीन ममी में मिले वायरस

एजेंसी ▶▶| मिस्र

दुनिया में मिस्र की प्राचीन सभ्यता सबसे अधिक मशहूर है, जिसे विशाल वास्तुकला और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। मिस्र की प्राचीन सभ्यता की सालों से चर्चा होती आ रही है। हालांकि, इस सभ्यता को भी अलग-अलग तरह के संक्रामक रोगों का सामना करना पड़ता था। हाल ही एक शोध में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। इस शोध में बताया गया है कि मिस्र के लोग चेचक, तपेदिक और कुछ कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों से पीड़ित थे। मिस्र के 20वें राजवंश के चौथे फिरौन रामेसेस पंचम का एक मामला सामने आया है। इसके ममीकृत शरीर पर चेचक के साफ निशान हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने आधिकारिक तौर



पर साल 1980 में दुनिया भर में चेचक के उन्मूलन का एलान किया था। लेकिन क्या इसकी संभावना है कि अब मिलने वाली ममी चेचक या किसी अन्य बीमारी को फिर पैदा कर सकती हैं? कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्राचीन परजीवी प्रयोगशाला के निदेशक पियर्स मिशेल का इसके बारे में कहना है कि अब संभव होना बहुत मुश्किल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने बताया कि अगर कोई जिंदा होस्ट शरीर नहीं है, तो परजीवियों की अधिकतर प्रजातियां एक या दो साल में मर जाती हैं।

अगर 10 साल से अधिक बीत गए तो सबकुछ खत्म हो जाएगा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ (एनआईएच) हेल्थ में नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के मुताबिक, चेचक जैसे पॉक्सवायरस सिर्फ जीवित मेजबान की कोशिकाओं में प्रजनन कर सकते हैं। अगर एक बार डीएनए टूट जाता है, तो कुछ भी नहीं हो सकता है। हालांकि, आंतों के कीड़े दूसरे जीवों की तुलना में अधिक समय तक जिंदा रह सकते हैं। सभी को मेजबान की आवश्यकता नहीं होती है। लेकिन यह भी चिंता की कोई बात नहीं हैं।

# शादी तो होकर रहेगी...
## बाढ़ में 5 किमी पैदल चल कर दुल्हन लेने पहुंचा दूल्हा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस मौसम में गांव-देहात में शादी करना आसान नहीं होता। बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लेकिन शादी की तारीख तो टल नहीं सकती। ऐसे में कई बार जान की बाजी लगाकर भी लड़के वाले शादी के लिए पहुंच रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजारा लखीमपुर खीरी जिले में भी देखने को मिला।

जिले में सुबह जब दूल्हा गाजे बाजे के साथ बारात लेकर अपने घर से निकला तो सड़क के ऊपर बाढ़ का पानी तेज रफ्तार से बह रहा था। जब दूल्हे और बारातियों ने शारदा और घाघरा नदी के रौद्र रूप को देखा



तो एक बार उनकी भी हिम्मत जवाब दे गई। लोगों ने बारात को वापस घर ले जाने की सलाह दी। लेकिन दूल्हे सुनील सिंह चौहान ने हिम्मत नहीं हारी। बाढ़ के पानी से गुजर कर 5 किलोमीटर पैदल का सफर तय कर वो अपनी दुल्हन को लेने उसके घर पहुंच गया।

# भीमा सोशल ड्रामा समानता का संदेश देगा

**मंबई।** एण्डटीवी का नया शो 'भीमा' 1980 के दशक पर आधारित है। राज खत्री प्रोडक्शंस ने इसका निर्माण किया है। इसमें भीमा नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है जो किसी दूसरी जाति से ताल्लुक रखती है। यह एक लड़की की दुविधा और समान अधिकारों को लेकर उसके सफर को दिखाता एक सोशल ड्रामा है। दर्शकों को शो में इस लड़की के साहसिक सफर की कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें वह अपने परिवार, समाज और आर्थिक हालातों से उपजी मुश्किलों का सामना करती नजर आती है। काफी अन्याय और भेदभाव झेलने के बावजूद, वह बड़ी ही बेबाकी से उन परेशानियों को पीछे छोड़ देती है।ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी आर आम्बेडर के कानूनों और आदर्शों को बनाए रखना भीमा के अटूट विश्वास को दिखलाता है।




# एयरटेल हाई स्पीड वाई-फाई का विस्तार

**जबलपुर।** वाई-फाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। पहले एयरटेल वाई-फाई सिर्फ कुछ ही जगहों पर मिल पाता था, लेकिन इस परेशानी को दूर करने के लिए एयरटेल ने लगातार प्रयास किया है और अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध करा दिया है।



# नाई ने बना दी ऐसी हेयर स्टाइल कि अचानक बन गया जवान

**न्यूयार्क।** बाल झड़ने की समस्या से जितना औरतें परेशान होती हैं, उतना ही पुरुष भी परेशान होते हैं। कई बार तो पुरुषों की चिंता ये होती है कि बाल झड़ने की वजह से वो गंजे न हो जाएं। इस वजह से वो बालों को सुधारने के लिए काफी कुछ आजमाने की कोशिश करते हैं। हाल ही में अपने झड़ते हुए बालों से परेशान एक आदमी अमेरिका के एक फेमस सैलून में पहुंचा और नाई से बालों को सेट करने के लिए कहा। नाई ने उसके बालों को ऐसा लुक दे दिया कि उसे देखकर आपको अपनी आंखों पर यकीन ही नहीं होगा। पहले वो शख्स अपनी उम्र से ज्यादा बड़ा लग रहा था, मगर बाल कटवाने के बाद उसकी उम्र काफी कम नजर आ रही थी।

# 'अमर' होने की जिद, 47 की उम्र में दिखता है बच्चा

**न्यूयार्क।** जब से दुनिया शुरू हुई है, तब से लेकर अब तक इंसान का वश सिर्फ एक ही चीज़ पर नहीं है – 'मृत्यु'। कोई कितनी भी दौलत हासिल कर ले या कितना भी रुतबा बना ले, उसे इस दुनिया से जाना ही पड़ता है। हालांकि, एक अरबपति सीधे मौत को चुनौती दे रहा है और उसका दावा है कि वो ऐसी तकनीक विकसित कर रहा है, जिससे वो 'अमर' हो जाएगा। आमतौर पर लोग वो पाने की ज़िद करते हैं, जो हासिल की जा सके लेकिन अमेरिका के एक अरबपति ब्रायन जॉनसन ने 'अमर'होने की ठान ली है। वो इसके लिए हर वो चीज़ कर रहा है, जो उसके बस में है। अपना कामकाज छोड़कर वो अपनी बेशुमार दौलत को सिर्फ इस रिसर्च में लगा रहा है कि उसे किस तरह अमरत्व का फॉर्मूला हासिल करना है।



**साल दर साल घट रही है उम्र**

वैसे तो ब्रायन की उम्र 47 साल है, लेकिन उन्हें देखकर ये यकीन नहीं किया जा सकता। वो तस्वीरों में बिल्कुल बच्चों जैसे मासूम और संतुष्ट दिखाई देते हैं। वो कई साल से एंटी एजिंग ट्रीटमेंट ले रहे हैं। उन्होंने 'प्रोजेक्ट बेबी फेस'के तहत खुद के चेहरे पर रिवर्स एजिंग इफेक्ट दिखाया था। इसके अलावा उन्होंने अपने पिता को अपना खून चढ़वाया, जिससे उनकी उम्र 25 साल कम हो गई। उनका दावा है कि अपने 17 साल के बेटे का खून चढ़वाने के बाद उनकी फिटनेस 18 साल के युवाओं जैसी हो गई। हालांकि उनकी लाइफस्टाइल भी काफी मुश्किल है। वो सुबह 11 बजे तक खाना खा लेते हैं और इसके बाद कुछ नहीं खाते. शुद्ध शाकाहारी खाना और अखरोट का हलवा खाते हैं। नींद पूरी लेने के लिए रात साढ़े 8 बजे तक वो सो भी जाते हैं।

## 'अमर' होने की सनक में अरबपति

साइंस फिक्शन जैसी लगने वाली ये कहानी अमेरिकन अरबपति ब्रायन जॉनसन की है। ब्रायन ने बताया है कि वो अपना बर्थडे 12 महीने के बजाय 19 महीने में एक बार मनाने लगे हैं। इसकी वजह उनकी अजीबोगरीब जीन थैरेपी है। ब्रायन का दावा है कि उन्होंने फोलिस्टैटिन जीन थैरेपी ली थी, जिसके बाद उनकी उम्र इंसानों की सामान्य उम्र से 30 फीसदी ज्यादा हो सकती है। दरअसल, इस थैरेपी को चूहों पर टेस्ट किया जा चुका है, जिनकी उम्र 30 प्रतिशत बढ़ गई। थैरेपी को लेने के बाद ही वो अपना जन्म दिन हर 19 महीने में मना रहे हैं, क्योंकि उनकी एजिंग प्रोसेस स्लो हो चुकी है। वे पहले भी अपनी एज रिवर्सिंग टेक्नोलॉजी को लेकर चर्चा में रहे हैं, जिसमें उन्होंने अपने बेटे के खून से अपने खून को बदलवाया था और दावा किया था कि उन्हें इसके पॉजिटिव रिजल्ट देखने को मिले।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियां हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाए (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667 (रायपुर/25/जुलाई 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

## राशिफल

**मेष** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष** — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन** — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।

**धनु** — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान

**कुंभ** — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

## शब्द पहेली - 5569



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5568 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5580

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5579 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

बच्चों, अगर तुमसे पेड़ों पर रहने वाले जीवों के बारे में पूछा जाए, तो तुम्हारे दिमाग में सबसे पहले पक्षियों का नाम आएगा। लेकिन पक्षियों के अलावा भी कई ऐसे जंतु हैं, जो पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हम यहां तुम्हें ऐसे ही कुछ अनोखे जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# पक्षियों की तरह इनको भी भाता है पेड़ों पर रहना

बच्चों, पक्षियों को तो तुम एक पेड़ से दूसरे पेड़ की शाखाओं पर फुदकते देखते ही होगे। तुम यह भी जानते होगे कि अधिकांश पक्षी, पेड़ों के झुरमुटों में ही घोंसला बनाकर रहते हैं। लेकिन इनके अलावा भी दुनिया भर में ऐसे कई जंतु हैं, जो पेड़ों पर ही अधिकतर समय रहते हैं। इनमें से कुछ के बारे में हम यहां बता रहे हैं।



## कोआला यूकेलिप्टस पेड़ पर होते हैं निर्भर

**मूल रूप** से ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला कोआला, बेहद क्यूट, किसी खिलौने की तरह दिखता है। आमतौर पर ये दक्षिणी-पूर्वी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के यूकेलिप्टस पेड़ों के जंगलों में पाए जाते हैं। अपने भोजन के लिए ये पूरी तरह यूकेलिप्टस पेड़ की पत्तियों पर ही निर्भर होते हैं। कोआला बहुत ही आलसी होते हैं। ये दिन में 18 घंटे तक सोते हैं। ये बहुत ही कम पानी पीते हैं। भोजन के साथ-साथ इनकी पानी की जरूरतें भी यूकेलिप्टस की पत्तियों से ही पूरी हो जाती हैं।*

## स्लॉथ हफ्ते में एक बार उतरता है पेड़ से नीचे



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के ट्रॉपिकल जंगलों में पाया जाने वाला स्लॉथ, अपने नाम के मुताबिक बेहद आलसी और ढीला-ढाला प्राणी है। यह रोजाना 20 घंटे तक सोता रहता है या जागने पर भी बहुत ज्यादा हिलता-डुलता नहीं है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह सात-आठ दिनों में एक बार ही पेड़ से नीचे उतरता है, बाकी समय यह पेड़ की डाल पर या तो उल्टा लटका रहता है या फिर पेड़ से चिपका रहता है। यह बिना जमीन पर उतरे, एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक उनकी शाखाओं के जरिए चला जाता है। जमीन पर चलना इनके लिए बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें किसी चीज का सहारा लेकर ही हिलने-डुलने और चलने की आदत होती है। *



## ट्री-कंगारू पेड़ों पर लंबी छलांग लगाने में माहिर

**ट्री-कंगारू,** ऑस्ट्रेलियन कंगारू से अलग प्रकार का जंतु है। ये ऑस्ट्रेलियन कंगारू की तरह जमीन पर नहीं कूदते। ये पेड़ों पर तेजी से चढ़ने और पेड़ों से लंबी छलांग लगाने में माहिर होते हैं। इन्हें ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के वर्षा वनों में देखा जा सकता है। हालांकि ट्री-कंगारुओं की संख्या अब बहुत कम रह गई है। जीव-विज्ञानियों का मानना है कि पहले ट्री-कंगारू भी आम कंगारू की तरह ही जमीन पर रहते थे। लेकिन बाद में इन्होंने पेड़ों पर रहने की आदत अपना ली। *

## टार्सियर घने पेड़ों में रहना करता है पसंद



**टार्सियर को** दुनिया का दूसरा सबसे छोटा 'प्राइमेट' (मानवाकार वानर की एक प्रजाति) माना जाता है। ये फिलिपींस सहित दक्षिण-पूर्वी एशिया के द्वीपों और जंगलों में पाए जाते हैं। इनकी आंखें बहुत बड़ी-बड़ी होती हैं। ये निशाचर, यानी रात में अधिक एक्टिव रहने वाले प्राणी खुद को घने पेड़ों के बीच अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए ये अपना ज्यादातर समय घने पत्तों वाले पेड़ों के बीच ही बिताना पसंद करते हैं। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाते हुए ये पूरा जंगल घूमते रहते हैं। आराम करते या सोते वक्त पेड़ से गिर ना जाएं, इसके लिए ये अकसर अपनी लंबी पूंछ को पेड़ की शाखा से लपेट लेते हैं। टार्सियर, एकमात्र ऐसे प्राइमेट हैं, जो पूरी तरह मांसभक्षी हैं। *



## स्क्वेरल मंकी खूब करते हैं पेड़ों पर मस्ती

**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के वर्षा वनों में प्यारे-प्यारे स्क्वेरल मंकी (गिलहरी बंदर) को पेड़ों की शाखों पर उछलकूद, मस्ती या आराम करते देखा जा सकता है। नटखट बच्चों जैसे दिखने वाले छोटे आकार के ये अनूठे बंदर, बहुत शरारती होते हैं। दिन हो या रात, इनका ज्यादातर समय पेड़ों पर ही बीतता है। रात के समय ये पेड़ की मोटी शाखाओं पर पेट के बल सो जाते हैं और अपने हाथों से उसे पकड़े रहते हैं। इन्हें काफी स्मार्ट माना जाता है, क्योंकि अन्य बंदर की प्रजातियों की तुलना में इनका ब्रेन, इनकी बॉडी के अनुपात में बड़ा होता है। *


## लेपर्ड पेड़ों पर आराम फरमाना करता है पसंद



**लेपर्ड यानी** तेंदुआ एक मांसाहारी जंगली जंतु है। यह पैंथेरा जीनस यानी बड़ी बिल्ली परिवार का सबसे छोटे आकार का सदस्य होता है। इसे हरे-भरे पेड़ों की शाखों पर आराम करने में बड़ा मजा आता है। यह दिन में ही नहीं रात में भी पेड़ पर ही अधिकतर समय रहता है। यह अपने शिकार का पीछा करते हुए आसानी से पेड़ की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है या फिर पेड़ों के ऊपर छिपकर नीचे अपने शिकार पर नजर रखता है। भारत और चीन समेत मध्य एशिया के कई देशों और अफ्रीका में लेपर्ड बहुतायत में पाए जाते हैं। *

## जीके क्विज-112

1. हाल ही में भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनने का गौरव किसे हासिल हुआ है?
2. 31 जुलाई को हिंदी के किस प्रसिद्ध लेखक की जयंती मनाते हैं?
3. सात टापुओं का नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है?
4. प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रारंभिक राजधानी कहां थी?
5. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले



**मोनू :** यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू :** क्यों, क्या हुआ?
**मोनू :** क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

-प्रियांश, रोहतक

**पापा :** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू :** कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

-काव्या, रायपुर

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर :** ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू :** कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

-साकेत, दुर्ग

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्दू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई ? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है ? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी
समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्दू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्दू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्दू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाड़ू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्दू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्दू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्दू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्दू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्दू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज




## आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद



आतिया, बहादुरगढ़

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हंसिका-मटियारी

## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?






## खबर संक्षेप



### पाक के टेस्ट कप्तान बने रहेंगे शान मसूद

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है। सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर फैसला बाद में किया जाएगा। पाकिस्तान को इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभालने वाले मसूद को पूर्ण समर्थन मिला।

### उस अद्भुत कैच को देखकर दंग रह गया

**हरारे।** रवि बिश्नोई हमेशा से मुस्तैद फील्डर रहे हैं लेकिन उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में आवेश खान की गेंद पर ब्रायन बेनेट का जो अद्भुत कैच लपका, उससे उनके साथी खिलाड़ी भी हतप्रभ रह गए। ड्रेसिंग रूम में चर्चा बिश्नोई के कैच की हो रही थी। आवेश ने मैच के बाद कहा, 'उसने जब वह कैच पकड़ा तो मुझे नहीं लगता है कि उसे 'रिएक्शन टाइम' मिला होगा। मैं भी समझ नहीं पाया कि पलक झपकते क्या हो गया। मैं हैरान था कि उसने वह कैच कैसे लपका।'



### जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों के पास अन्य एशियाई खिलाड़ियों के साथ अगले साल होने वाले जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका होगा जब पहला रोलां गैरो जूनियर सीरिज क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 16 से 25 अक्टूबर तक तोक्यो में खेला जाएगा। टोक्यो में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई वही खिलाड़ी कर सकेंगे जो कजाखस्तान और चीन में क्षेत्रीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। इनमें लड़के और लड़कियों के वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी टोक्यो में खेल सकेंगे जिसमें विजेता को 2025 जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश मिलेगा।

### बाबर को काफी मौके मिल चुकेः अफरीदी

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना झेल रहे कप्तान बाबर आजम को आड़े हाथों लिया है। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को टी20 विश्व कप में अमेरिका और भारत ने हराकर ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया। वर्ल्ड लीजैंड्स चैंपियनशिप में भाग लेने बर्मिंघम गए अफरीदी ने वहां मीडिया से कहा, 'बाबर को पाकिस्तान की कप्तानी के पूरे मौके दिए गए।



### गांगुली ने खरीदी रॉयल टाइगर्स टीम

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस साल अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' 2024 में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी। कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी।

### स्टॉपेज टाइम में वाटकिंस ने दागा गोल, इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराया

# यूरो 2024 : इंग्लैंड ने फाइनल में बनाई जगह, स्पेन से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| डॉर्टमंड

एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्टॉपेज टाइम में ओली वाटकिंस के गोल के दम पर इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना स्पेन से होगा। नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने पहला गोल दागा। वहीं केन ने बराबरी का गोल पेनल्टी पर किया।

इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया। यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में इंग्लैंड के लिये जूड बेलिंगघम ने स्टॉपेज टाइम में बराबरी का गोल किया था।

### 58 साल से खिताब का सूखा

इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को अंतिम 16 के मुकाबले में हराया और स्विटजरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड ने आखिरी बार 1966 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज की थी जिसके बाद से टीम कोई बड़ा खिताब नहीं जीत सकी है। इंग्लैंड पहली बार विदेश में फाइनल खेलेगा। उसने 1966 विश्व कप वेम्बले स्टेडियम पर जीता था और यूरो 2020 फाइनल भी वहीं खेला गया था जिसमें उसे इटली ने हराया था।



**कोच का मास्टर स्ट्रोक :** वाटकिंस इससे पहले इस बार यूरो चैंपियनशिप में डेनमार्क के खिलाफ ग्रुप मैच में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे थे। साउथगेट ने 80वें मिनट में जब उन्हें उतारने का फैसला किया तो सभी को हैरानी हुई। लेकिन यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ।

## कोपा अमेरिका : कोलंबिया 23 साल में पहली बार खेलेगा फाइनल



**चार्लोट।** कोलंबिया ने उरुग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया हालांकि आखिरी सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच में झड़प हो गई। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवार को गत चैंपियन लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरुग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था।

### मैच के बाद भिड़े दर्शक

कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया के हाथों उरुग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डारविन नुनेज समेत उरुग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरुग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए।

विंबलडन

## मुसेट्टी पहली बार सेमीफाइनल में, जोकोविच से होगा सामना



एजेंसी ▶▶| लंदन

इटली के लोरेंजो मुसेट्टी ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कॅरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं। उन्होंने साढ़े तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में कॅरियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैंपियन जोकोविच 13वीं बार विंबलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं ।

### टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लगता है कि अगर उन्होंने बैडमिंटन खेलने के बजाय टेनिस का रैकेट पकड़ा होता तो वह बतौर खिलाड़ी और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती थीं। साइना दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं और वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं। राष्ट्रपति भवन में 'हर स्टोरी - माई स्टोरी' बातचीत के दौरान साइना ने कहा, 'कभी कभार मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता।'

## युजवेंद्र चहल को हरियाणा सरकार से मिला सम्मान



*नई दिल्ली। भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को 7 रन से मात दी और 17 साल के लंबे इंतजार के बाद टी20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की। चैंपियन बनने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस बीच भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को गुरुवार को गुरुग्राम में हरियाणा के सीएम नायब सिंह से सम्मान मिला। उन्होंने चहल को एक खास तोहफा दिया है, जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीएम ने चहल को पहले वर्ल्ड कप विजेता का मेडल पहनाया और फिर शॉल पहनाकर उनका सम्मान किया।*

**RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS in MP Govt. Schools – Security Sector (Contractual Basis)**

**Olive Heritage Foundation**, a NSDC empaneled vocational training partner invites the applications for **Engaging Contractual Vocational Trainers (Security)** in Government Schools of Madhya Pradesh under SSA-MP guidelines.

| SECTOR | LOCATION | VACANCIES |
|---|---|---|
| Security | Employment in 50 Districts of MP*. List available on website | 86 |

**REMUNERATION:** Rs. 20,000/-PM (CTC – all inclusive) | **Examination Venue :** Bhopal, **Age Limit:** 18-37 years (Age relaxation for EX Service Men and Civil as per policy of State Govt. & SSAMP). | **Last Date of receipt of applications:** 21/07/2024 till 18:00 Hrs.

**Eligibility Criteria:** Qualification and Experience.

**Educational Qualification:** Graduate in any discipline with at least one year of work/teaching experience in Security from a recognized Institution/University OR B.Voc (Bachelor in Vocation) with specialization in security with at least one year of work/teaching experience in Security from a recognized Institution/University. (Ex-service man who have rendered at least 10 years off service in the armed forces are exempted from the experience clause).

**Minimum Competencies:** 1. Effective Communication Skills (Oral & Written) , 2. Basic Computing Skills Technical Competencies.

Candidates shortlisted on the basis of details filled ONLINE will have to go through Written Test followed by an Interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.

**Application Procedure:** Interested/ Eligible candidates can download application form from our website-fill-scan and forward along with CV, supporting documents and color passport size photo to the email id at hr@oliveheritage.com.

सभी उम्मीदवारों को सुचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत, व्यावसायिक शिक्षक के रूप में चयन के लिए किसी भी अनुचित प्रथाओं और हेरफेर में शामिल न हों । किसी भी ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं जो आपको नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करता है। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाएगी । कृपया खुद पर विश्वास रखें और किसी भी धोखाधड़ी या गलत संचार से बचें । यदि आपको ऐसी कोई गतिविधि दिखाई देती है, तो तुरंत सूचित करें। आपको सफलता केवल आपकी मेहनत और क्षमता पर निर्भर करती है ।

Application form available on our website: www.oliveheritage.com/career
In case of any query please write to hr@oliveheritage.com or call at 8527400116
For more information log on to: www.oliveheritage.com

**कार्यालय नगर परिषद खुजनेर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

Fax & ☎{07372} 257228 E-mail cmokhujner@mpurban.gov.in

क्रमांक/निर्माण/756/2024 खुजनेर दिनांक 08/07/2024

-:: द्वितीय निविदा सूचना ::-

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठैकेदारो से ऑन लाईन निविदायें अमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mpetendar.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_356565_1 DATE 10.06.24/ 10:30 AM | एस.डी.आर.एफ योजना अंतर्गत नाला के दोनो साईड रिटेनिंगवाल निमार्ण | 1. 12 माह 2. 34150000 | 1. 15000 2. 170750 | 25.07.2024/ 17:30 PM |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetendar.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार वरिष्ठ अधिकारी/ परिषद को रहेगा।

**कैलाशी बाई अमर सिंह** अध्यक्ष नगर परिषद खुजनेर | **ब्रजेश उपाध्याय** उपयंत्री नगर परिषद खुजनेर | **उमेश शर्मा** मुख्य नगर पालिका धिकारी नगर परिषद खुजनेर

**कार्यालय, जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र. / संपत्ति / जबलपुर, दिनांक / /2024

**प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में फ्लैट / भूखण्ड / शैक्षिणक भूखण्ड / पंट्रोल पंप हेतु भूखण्ड क्रय करने का सुनहरा अवसर**

**ऑनलाईन ऑफर आमंत्रण सूचना**

| क्र. | योजना क्र. एवं योजना का नाम | फ्लैटों/भूखण्डों की संख्या | लोकेशन | विभिन्न श्रेणियों हेतु आरक्षित फ्लैट की संख्या | भू-उपयोग | साईट विजिट हेतु संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2बी बाजनामठ | A. 104 एलआईजी फ्लैट 1 - बीएचके - 56 फ्लैट 2- बीएचके - 48 फ्लैट; B. पेट्रोल पंप भूखण्ड (17551 व. फु. ); C. शैक्षणिक भूखण्ड (39934 व. फु. ) यथास्थिति नह | बाजनामठ बसंत विहार कालोनी; मेडीकल कालेज तिलवारा रोड पर बायी ओर; बाजनामठ बसंत विहार कालोनी | 50 फ्लैट | आवासीय; व्यवसायिक; शैक्षणिक | श्री रवीन्द्र तिवारी मो. नं. - 9479449494 श्री शरद श्रीवास्तव मो. नं. - 9424307682 |
| 2. | 11 (द्वि.च.) शताब्दीपुरम एलआईजी/ एमआईजी भवन | A एलआईजी 36 फ्लैट 1- बीएचके - 12 फ्लैट 2 - बीएचके - 24 फ्लैट; B. एमआईजी 22 फ्लैट | स्टार पार्क के सामने शताब्दीपुरम; मुस्कान प्लाजा/ आदि प्लाजा के पीछे | 17 फ्लैट | आवासीय | श्री प्रभाकर राय मो.नं. 9300420126 |
| 3. | 41 ओमकार प्रसाद तिवारी | 2 भूखण्ड | विवेकानंद चौक के पास | | आवासीय | श्री शिव कोल मो.नं. 9981957788 |
| 4. | 06 संजीवनी नगर | 2 भूखण्ड | संजीवनी नगर | 1 भूखंड | आवासीय | |
| 5. | 05/14 (डीडी काम्पलेक्स) | 2 फ्लैट | दीनदयाल चौक आईएसबीटी | - | आवासीय | श्री नितेश कटरहा मो.नं. 6261799022 |
| 6. | 09 शांति नगर | 1 भूखण्ड (40000 व. फु) | गुरूकुल स्कूल के सामने | - | शैक्षणिक | श्री प्रभाकर राय मो.नं. 9300420126 |

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन की अवधि | - | 12/07/2024 से 12/08/2024 |
| बिड डालने की अंतिम तिथि | - | 13/08/2024 ( सांय 05:00 बजे तक) |
| ऑफर खुलने की तिथि | - | 14/08/2024 (दोप. 03:00 बजे ) |

उपरोक्त विक्रय हेतु विज्ञापित फ्लैट/भूखण्ड से संबंधित नियम एवं शर्तो की समस्त जानकारी प्राधिकरण की बेवसाइट www.jdajabalpur.org पर उपलब्ध है, जिन्हें अच्छी तरह से पढ़ने के उपरांत www.vikaspradhikaran.mponline.gov.in माध्यम से फ्लैट / भूखण्ड क्रय करने हेतु ही ऑफर - आवेदन करें। आरक्षित श्रेणी का लाभ लेने हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया वैधानिक प्रमाण पत्र आवेदन के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य हैं।

(मु. का. अभि. द्वारा यथा आदेशित )

संपदाधिकारी
जबलपुर विकास प्राधिकरण
जबलपुर

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**

LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिसः— 18 सिविल सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर (मप्र) 482001, फोन नं. 0761—2401338

**परिशिष्ट–IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का अधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. जबलपुर, प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि/ कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि मांग सूचना पत्र ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500012165 | श्री दीपांकर कुमार दुबे / श्रीमती अमृता दुबे सांकेतिक कब्जा | प्लॉट क्रमांक 473 का हिस्सा, खसरा क्रमांक 775/2 पीसी क्रमांक 07 एस क्रमांक 162 लघु वेटन कल्याण सहकारी आवास समिति न्यू शास्त्री नगर पुरवा जबलपुर म.प्र. सीमाः —उत्तर— विजेता विश्वकर्मा का प्लॉट, दक्षिण— प्लॉट क्रमांक 474 बैरागी जी का मकान, पूर्व— छुट्टन पटेल की जमीन, पश्चिम— साइड रोड | 16.04.2024 / 06.07.2024 | 28,58,559.82/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500014100 | श्री मोहम्मद वसीब / शमीम बेगम सांकेतिक कब्जा | प्लॉट नं. 37, जय भीम नगर, पोलीपाथर एनबी 164 पटवारी हल्का नं. 24—2 गवरी, नर्मदा नगर जबलपुर, म.प्र. 482002 सीमाः —उत्तर— प्लॉट नं. 36 गोस्वामी जी की संपत्ति दक्षिण— दुबे जी की संपत्ति पूर्व— प्लॉट नं. 40 सपन अग्रवाल की संपत्ति पश्चिम— कॉलोनी साइड रोड | 19.04.2024 / 06.07.2024 | 32,42,126.27/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 3. | 120500016142 | श्री रामावतार मीना सांकेतिक कब्जा | प्राइवेट लेआउट प्लॉट संख्या जी—01 पी—ओ खसरा संख्या 61—132, आरएनएम महाराजपुर मौजा पिपरिया, जबलपुर, मप्र — 482005 सीमाः — उत्तर— विक्रेता की भूमि, दक्षिण— 20 फीट साइड रोड, पूर्व— नाला, पश्चिम— साइड रोड | 19.04.2024 / 06.07.2024 | 20,42,857.55/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 4. | 120500018010 | श्री प्रांत पाल सिंह / सुश्री. चित्रा सिंह सांकेतिक कब्जा | ईडब्ल्यूएस प्लॉट क्रमांक 61 और 62 एमपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर एमपी 482001 सीमाः — प्लॉट 61 के लिए प्लॉट 62 के लिए, उत्तर— डी ई 62, उत्तर डी ई 63, दक्षिण— डी ई 60 दक्षिण डी ई 61 पूर्व— डी ई 84 पूर्व — डी ई 83, पश्चिम— साइड रोड, पश्चिम — साइड रोड | 20.04.2024 / 06.07.2024 | 6,23,384.38/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 5. | 120500019994 | श्री मनोज कुमार बाल्मीक सांकेतिक कब्जा | प्लॉट नं. 15 मौजा बिलपुरा तहसील पनागर जबलपुर म.प्र. सीमाः — उत्तर— खसरा नं. 630 631 632 और 633, दक्षिण— मकान नं. 10, पूर्व— साइड रोड पश्चिम— पन्ना लाल की संपत्ति | 19.04.2024 / 06.07.2024 | 28,86,444.43/- + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (**Notice**) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 12.07.2024
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.




### दो दशक से मची है लूट, किसी संस्था व संगठन ने नहीं उठायी आवाज

# ग्राहकों को लूट रही टेलीकॉम कंपनियां वर्ष के 12 माह को 13 में किया तब्दील

## माह में 28 दिन व तिमाही 84 दिन कर वर्षों से वसूली

हरिभूमि, जबलपुर।

देश में सरकारी व निजी टेलीकॉम कंपनियों ने नेट व डाटा रिचार्ज प्लान में विश्वव्यापी कलेंडर को वर्षों से बदल कर रख दिया है। साल के 12 माह को 13 माह कर दिया लेकिन मजाल है आज तक किसी ने इस पर आवाज उठाई। आखिर यह इजाजत किसने दी कि माह के 30 और 31 दिन के महीने 28 दिन का बना दिया। आश्चर्य है कि देश में किसी भी संगठन, संस्था या आम जनता ने इस पर आवाज नहीं उठायी। जबकि माननीय न्यायालय भी इस पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई कर सकती थी। नेट और डाटा के इस्तेमाल को डेढ से दो दशक से अधिक समय देश में बीत चुका है, लेकिन कंपनियों की मनमानी बेधड़क जारी है। खबर तो यह भी है दूर संचार नियामक आयोग भी कंपनियों के दबाव में काम कर रही है। अब तो ट्राई ने एक कंपनी से दूसरे कंपनी में पोर्ट कराने की शर्तों में भी बदलाव कर दिया है, जिससे अब ग्राहक एक कंपनी के बंधुआ होकर रह गये हैं।

**मोबाइल पोर्ट के नियमों में बदलाव से ग्राहक बने बंधुआ**



### बीएसएनएल के टावर का उपयोग

निजी मोबाइल कंपनियों ने सबसे पहले ग्राहक संख्या में इजाफा करने के लिये मुफ्त डाटा का ऑफर देकर आम जनता में लत लगा दी। इसके बाद धीरे धीरे टैरिफ चार्जेस बढाना शुरू किया। आज हालात यह है कि स्कूल कॉलेज से लेकर पंचायत सहित सभी कार्यालयों में बिना नेट सर्विस के काम नहीं हो सकता। सरकारी संचार कंपनी बीएसएनएल को सुनियोजित ढंग से पंगु बनाया गया। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि अधिकतर निजी मोबाइल कंपिनयों के टावर बीएसएनएल से ही संचालित हो रहे हैं, जो 5 जी तक पहुंच गये लेकिन भारत संचार निगम लिमिटड आज भी 4 जी सेवा देने में विफल साबित हो रहा है।

### कॉल ड्राप की भरपायी कौन करेगा

सरकारी संचार कंपनी सहित निजी कंपनियों के डाटा और नेट सर्विस अचानक घंटो बंद रहते है, डिजीटल दुनिया में लोगों को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इसकी भरपायी कौन करेगा। जबकि होना यह चाहिये कि टैरिफ का भुगतान कर चुके ग्राहकों को उतने घंटे के इस्तेमाल के लिये सुविधा दी जानी चाहिये। इस संबंध में आम जनता को जागरूक होकर आवाज बुलंद करनी होगी।

### गरीब वर्ग पर बोझ

देश की निजी मोबाइल कंपनी जियो, एयरटेल व वोडाफोन आयडिया ने हाल ही में रातों रात अपने टैरिफ में अचानक बदलाव लाकर देश में तूफान ला दिया है। टॉक टाइम और डाटा के चार्जेस बढ़ाने के दौरान समाज के गरीब वर्ग खासकर किसानों व मजदूरों के बारे में जरा भी विचार नहीं किया। ऐसे में रोज कमाने खाने वालों मेहनतकश लोगों के सामने मोबाइल का इस्तेमाल करना अब आसान नहीं होगा। खबर है कि कंपनियों की रणनीति है कि इस वर्ष के अंत तक मिनिमम चार्ज को 300 रूपये प्रति ग्राहक तक ले जाना है।

# स्कूलों में 40 से कम नामांकन हुए तो प्राचार्य पर होगी कार्रवाई

## कक्षा 9वी व 11वीं में व्यावसायिक शिक्षा दी जाना है, 31 जुलाई प्रवेश की अंतिम तिथि

**जबलपुर**। स्कूली शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं और 11वीं के लिए व्यावसायिक कक्षाओं का संचालन शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। प्राचार्यों को व्यावसायिक ट्रेड में किसी भी स्थिति में अनिवार्य रूप से 40 विद्यार्थियों का नामांकन करने के लिए कहा गया है। इतना ही नहीं, सभी प्राचार्यों को यह भी चेतावनी दी गई कि अगर किसी ट्रेड में शून्य नामांकन हुआ या 40 से कम नामांकन हुए तो प्राचार्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि हाईस्कूल और हायर सेकंडरी के लिए व्यावसायिक कक्षाएं संचालित करने के लिए पृथक से शिक्षक की भी व्यवस्था की जा रही है। वहीं इसके अध्ययन को लेकर नियमितता बनी रहे, इसके लिए प्रतिदिन विधार्थियों की उपस्थिति की जानकारी विमर्श पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। विभाग की योजना है कि जो छात्र व्यावसायिक ट्रेड में शिक्षा लेना चाहता है वो कक्षा 9वीं में संस्कृत की जगह कोई भी ट्रेड ले सकता है। वहीं कक्षा 11वीं में हिंदी के स्थान पर व्यावसायिक ट्रेड ले सकता है।

# सीए बनी इला शुक्ला

**जबलपुर**। गुरुवार को जारी हुए द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड आकउंटेंट ऑफ इंडिया के परिणाम में संस्कारधानी जबलपुर की इला शुक्ला ने सीए की परीक्षा पास कर शहर का नाम रोशन किया। इला शुक्ला इमलिया वार्ड 76 निवासी अरविंद शुक्ला, श्रीमति आशा शुक्ला की पुत्री हैं। इला शुक्ला ने बताया कि मुझे CA बनने में बहुत खुशी हो रही है। लगभग 5 साल का संघर्ष और मेहनत के बाद आज ये सफलता प्राप्त हुई है। यह सफलता जितनी मेरी है उतनी ही मेरे माता-पिता और भाई अनुज की है। शायद इन लोगों के सपोर्ट और साथ के बिना में सफल नहीं हो पाती। इला ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता, परिवार और गुरुजनों को दिया।



## काउंसिल की अनुमति पर मिलेगी मान्यता

# कॉलेजों का निरीक्षण किए बिना मान्यता देगा मेडिकल

जबलपुर।

नर्सिंग कॉलेज घोटाले का मामला सामने आने के बाद, जिस तरह की भद्द मेडिकल यूनिवर्सिटी की पिटी है। हाईकोर्ट और सीबीआई की प्रताड़ना मेडिकल यूनिवर्सिटी को झेलनी पड़ी है। उसके बाद मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी ने निर्णय लिया है। एकेडमिक काउंसिल की अनुशंसा के बाद मेडिकल यूनिवर्सिटी संबंधित कॉलेज को ऐफीलेशन देगा। विश्वविद्यालय अपनी ओर से कोई निरीक्षण कॉलेज का नहीं कराएगा।कार्य परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

मेडिकल विश्वविद्यालय से संबंधित सभी कॉलेजों को अपेक्स काउंसिल से मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा।



अपेक्स काउंसिल से मान्यता मिल जाने के बाद विश्वविद्यालय उन कॉलेजों को मान्यता दे देगा। नेशनल मेडिकल काउंसिल, नर्सिंग काउंसिल और पैरामेडिकल काउंसलिंग की मान्यता मिलने के बाद जो कॉलेज विश्वविद्यालय में मान्यता के लिए आवेदन करेंगे। उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता दे दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश पर समय समय पर संबंधित कॉलेजों का निरीक्षण जरूर विश्वविद्यालय करा सकता है।मान्यता के लिए आवेदन करने की समय सीमा भी हटाई गई है। अभी 31 अक्टूबर तक सभी को आवेदन करना अनिवार्य था।लेट फीस के साथ 30 नवंबर तक आवेदन दिए जाते थे। अब काउंसिल की अनुमति मिलने के बाद कॉलेज मान्यता के लिए विश्वविद्यालय में आवेदन कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है, हाईकोर्ट ने कहा है, जिन कॉलेजों को अपेक्स काउंसिल से पहले ही मान्यता प्राप्त हो चुकी है। उनमें मेडिकल विश्वविद्यालय की भूमिका बहुत कम है। हाईकोर्ट के इस निर्णय के बाद विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने उपरोक्त निर्णय लिया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240